www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार, 23 जून 2025 । वर्ष – 35 । अंक –54 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.



ईरान का अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे हटना अमेरिका-इजराइल का भ्रम : फारूक — पृष्ठ 3

■ ईरान पर हमला करके ट्रंप पूरी दुनिया को धमका रहे हैं
■ गांधीजी की दृष्टि और पश्चिम एशिया का संकट? — पृष्ठ 4

■ ईरान को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत बचाव करने का अधिकार : पाक
■ कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ दो और सीमा चौकी बंद की — पृष्ठ 9

पंत नंबर 5 पर लगातार कर रहे बेहतर प्रदर्शन : रवि शास्त्री — पृष्ठ 10

# अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर किया हमला

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा, ईरान की अहम न्यूक्लियर साइट्स पूरी तरह से तबाह की

■ ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर की बमबारी
■ फोर्डो पर बमों की एक पूरी खेप गिरा दी गई



"हमलों का मकसद ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकना और दुनिया को परमाणु खतरों से बचाना था। यह हमला एक शानदार सैन्य सफलता रहा : **डोनाल्ड ट्रम्प**, राष्ट्रपति, अमेरिका

"ईरान को अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों के खिलाफ कार्रवाई करने और मुंह तोड़ जवाब देने का पूरा वैध अधिकार है। हमारे सभी विकल्प खुले हैं : **अब्बास अराघची**, विदेश मंत्री, ईरान

**वाशिंगटन**, 22 जून (एजेंसियां)। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमला किया है। ये ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान हैं। ट्रम्प ने ईरान पर हमले के 3 घंटे बाद देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईरान की अहम न्यूक्लियर साइट्स पूरी तरह से तबाह कर दी गई हैं। फोर्डो पर बमों की एक पूरी खेप गिरा दी गई है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि अब उसे शांति कायम करनी चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे।

**इजराइल के 14 ठिकानों को निशाना बनाया**

अमेरिका के हमले के जवाब में ईरान ने इजराइल पर मिसाइलें दागीं हैं। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स ने कहा कि उन्होंने इजराइल पर सबसे बड़ा अटैक किया है और 14 अहम ठिकानों को निशाना बनाया है। वहीं, टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, हाइफा और तेल अवीव के मिलिट्री और रिहायशी ठिकानों पर ईरानी मिसाइलें गिरी हैं। इजराइल में अब तक 86 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। अमेरिका में जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ चीफ जनरल डैन केन ने कहा कि ईरान में चले ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' था। इसमें 125 से ज्यादा विमान शामिल थे। इसमें 7 स्टील्थ बी-2 बॉम्बर्स ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन किया : अराघची

**आज पुतिन से मुलाकात करेंगे ईरान के विदेश मंत्री**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी हमले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'ईरान को अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों के खिलाफ कार्रवाई करने और मुंह तोड़ जवाब देने का पूरा वैध अधिकार है। अपनी संप्रभुता, हितों और नागरिकी की रक्षा के लिए हमारे सभी विकल्प खुले हैं। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि उसने संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का खुला उल्लंघन किया है। उन्होंने आगे कहा कि आज सुबह जो कुछ हुआ, वह न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि इसके दूरगामी और खतरनाक परिणाम होंगे। संयुक्त राष्ट्र के ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# अमित शाह ने किया राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विवि के अस्थायी परिसर और आई-हब का वर्चुअली उद्घाटन



■ छत्तीसगढ़ के लिए क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक दिन : गृहमंत्री

■ नक्सल विरोधी अभियान में सफलता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री ने छत्तीसगढ़ सरकार की तारीफ की

**रायपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज नवा रायपुर स्थित राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के अस्थायी परिसर तथा आई-हब रायपुर का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के लिए क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक दिन है। एनएफएसयू के अस्थायी परिसर के साथ-साथ नवा रायपुर में स्थायी परिसर के लिए भूमि पूजन एवं केंद्रीय फॉरेंसिक साइंस लैब की स्थापना की भी शुरुआत की गई है। कुल 268 करोड़ रुपये की लागत से ये संस्थान विकसित किए जा रहे हैं। अस्थायी परिसर में सत्र 2025-26 से बीएससी, एमएससी फॉरेंसिक साइंस, साइबर सिक्योरिटी, मनोविज्ञान, डिजिटल फॉरेंसिक एवं प्रोफेशनल डिप्लोमा कोर्सेस प्रारंभ हो जाएंगे। लगभग 180 छात्र पहले बैच में प्रवेश लेंगे।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि इन संस्थानों के निर्माण से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे मध्य भारत को आधुनिक न्याय प्रणाली और अपराध जांच में सशक्त आधार मिलेगा। नई फॉरेंसिक टेक्नोलॉजी, जैसे डीएनए फिंगरप्रिंटिंग, एलएसडी साइंस, साइबर सिक्योरिटी, बायोटेक्नोलॉजी और डिजिटल फॉरेंसिक अब स्थानीय स्तर पर सुलभ होंगी, जिससे जाँच प्रक्रिया तेज और सटीक होगी। उन्होंने बताया कि अब फॉरेंसिक जांच के लिए राजधानी या दिल्ली की आवश्यकता नहीं होगी, सारी जांच अटल नगर, नवा रायपुर में ही संभव होगी।

आई-हब की स्थापना को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि यह प्लेटफॉर्म छत्तीसगढ़ के युवाओं को स्टार्टअप कल्चर से जोड़ने, तकनीकी सहायता देने, फंडिंग मुहैया कराने और मार्केटिंग एवं अनुबंध जैसी प्रोफेशनल सेवाएं देने में सहायक होगा। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे खुद उद्योगपति बनें, स्टार्टअप शुरू करें और राज्य के औद्योगिक विकास में भागीदार बनें। यह आई-हब, गुजरात के मॉडल पर आधारित है, और भविष्य में रायपुर से भी कई वैश्विक स्टार्टअप उभरने की संभावना है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक है क्योंकि आज एक साथ तीन महत्वपूर्ण संस्थानों की नींव रखी गई है जो प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनएफएसयू विश्व का पहला और एकमात्र विश्वविद्यालय है जो फॉरेंसिक साइंस, साइबर सुरक्षा, व्यवहार विज्ञान जैसे विषयों के अध्ययन के लिए पूर्णतः समर्पित है। इसका रायपुर परिसर नवा रायपुर को एक उभरते हुए राष्ट्रीय शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। यह संस्थान न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे मध्य भारत के लिए कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान का सशक्त आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने बंजारी, नवा रायपुर में विश्वविद्यालय के लिए 40 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई है और ट्रांजिट कैंपस को समय पर तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस कैंपस में फॉरेंसिक साइंस, डिजिटल फॉरेंसिक, साइकोलॉजी सहित विभिन्न विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### ईरान से 311 भारतीय नागरिकों को लेकर दिल्ली पहुंची उड़ान

**नई दिल्ली।** इजरायल के साथ संघर्ष में उलझे ईरान में फंसे लोगों को निकालने के लिए शुरू ऑपरेशन सिंधु के तहत रविवार को 311 भारतीय नागरिकों को लेकर एक और विशेष उड़ान यहां पहुंची। मौजूदा उड़ान के साथ अब तक 1,428 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला जा चुका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ऑपरेशन सिंधु जारी है।

### मिस्र के विदेश मंत्री ने अपनी भारत यात्रा की स्थगित

**नई दिल्ली।** पश्चिमी एशिया में बढ़ते संघर्ष के मद्देनजर, मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा स्थगित कर दी है। यह यात्रा सोमवार से शुरू होने वाली थी। इससे पहले, श्री अब्देलती फरवरी में भारत की यात्रा पर आने वाले थे लेकिन कुछ कारणों से उस दौरान भी यात्रा रद्द करनी पड़ी थी। श्री अब्देलती अपने प्रस्तावित नई दिल्ली दौरे के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात करने वाले थे।

### अत्याधुनिक युद्धपोत 'तमाल' नौसेना में होगा शामिल

**नई दिल्ली।** रूस में निर्मित अत्याधुनिक बहुउद्देशीय स्टील्थ युद्धपोत आगामी एक जुलाई को भारतीय नौसेना में शामिल हो जाएगा। नौसेना ने रविवार को यह जानकारी दी। नौसेना के अनुसार इस युद्धपोत का निर्माण रूस के तटीय शहर कैलिनिनग्राद में यांतर शिपयार्ड में किया गया है जहां एक समारोह में औपचारिक रूप से इसे नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा। यह युद्धपोत रडार को धोखा देने वाली प्रणाली तथा आधुनिक हथियारों से लैस है। विदेशी सरजमीं से नौसेना में शामिल किया जाने वाला यह आखिरी युद्धपोत है।

### नवीन पटनायक की 'सर्वाइकल अर्थराइटिस' की सर्जरी सफल

**मुंबई।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजद) के प्रमुख नवीन पटनायक की सर्वाइकल अर्थराइटिस की सर्जरी सफलतापूर्वक हो गई है। वे बेहतर इलाज के लिए मुंबई गए थे और उनका ऑपरेशन सफल रहा है। दरअसल, नवीन पटनायक की सर्जरी मशहूर सर्जन डॉ. रमाकांत पांडा की देखरेख में की गई। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, नवीन पटनायक का ऑपरेशन सफल रहा और वे अगले दो दिनों तक डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे।

**अहमदाबाद विमान हादसे के बाद डीजीसीए सख्त**

# उड़ान संचालन को लेकर दिशा-निर्देशों में किया संशोधन



**नई दिल्ली**, 22 जून (एजेंसियां)। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने प्रतिकूल मौसम के दौरान एयरलाइन के लिए अपने परिचालन दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। इनमें इस बात पर बल दिया गया है कि सुरक्षा को 'समय-सारिणी के पालन' से अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा पायलटों को अप्रत्याशित परिस्थितियों में उड़ानों का मार्ग बदलने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों को परिचालन परिपत्र जारी करते हुए डीजीसीए ने कहा कि पायलटों को दृश्य संकेतों की उपकरणों से जांच करनी चाहिए, ताकि सटीक दृष्टिकोण और लैंडिंग ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**चंडीगढ़ से लखनऊ जाने वाली इंडिगो फ्लाइट रद्द**

चंडीगढ़ से लखनऊ जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 146 को उड़ान भरने से पहले रोक दिया गया। फ्लाइट में लगभग 160 यात्री मौजूद थे। ये फ्लाइट रविवार सुबह 8:30 बजे चंडीगढ़ से लखनऊ के लिए रवाना होने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही इस फ्लाइट को रद्द कर दिया गया।

# बेटी, तुम आगे बढ़ो हम सब तुम्हारे साथ हैं : साय

**रायपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की बेटी और 12 बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी सॉफ्टबॉल खिलाड़ी शालू डहरिया के चेहरे पर उस वक्त मुस्कान की लहर दौड़ गई, जब



■ मुख्यमंत्री साय ने अंतरराष्ट्रीय सॉफ्टबॉल खिलाड़ी शालू डहरिया को वीडियो कॉल पर दी शुभकामनाएं

स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें वीडियो कॉल कर न सिर्फ शुभकामनाएं दीं, बल्कि उनके सपने को पूरा करने के लिए जरूरी आर्थिक मदद भी प्रदान किया।

शालू डहरिया का चयन 14 से 20 जुलाई को चीन के सिआन में होने वाली एशिया यूथ सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। छत्तीसगढ़ से इस ओपन टूर्नामेंट के लिए केवल दो महिला खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिनमें शालू डहरिया भी शामिल हैं। लेकिन इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# कोरोना से दो लोगों की मौत के बाद विभाग की बढ़ी चिंता

**संपर्क में आए लोगों की जांच शुरू**

**रायपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। लगभग 20 दिनों में कोरोना के मामले राजनांदगांव शहर में बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं एक पखवाड़े के भीतर ही दो लोगों की मौत ने चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना प्रोटोकॉल के तहत मृतकों का अंतिम संस्कार कराया गया है। स्वस्थ विभाग द्वारा 27 लोगों की जांच में 6 पॉजिटिव और 2 लोगों की मौत कोरोना के गंभीर स्थिति को दर्शाता है, हलंकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना पॉजिटिव जिन दो व्यक्तियों की मौत हुई है उन्हें पहले से ही अन्य बीमारियों से ग्रसित होना बताया जा रहा है।



बीते दिनों शहर में कोरोना पॉजिटिव एक बुजुर्ग की मौत होने के बाद अब लखोली क्षेत्र निवासी लगभग 58 वर्षीय एक व्यक्ति की शनिवार की रात कोरोना संक्रमण के बीच मौत हो गई है। चिकित्सकों के अनुसार मृतक को सांस लेने में तकलीफ थी वहीं उसे हार्ड और ब्लड प्रेशर की बीमारी थी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना पॉजिटिव दो मरीजों की मौत होने के बाद पॉजिटिव क्षेत्र में अन्य संदिग्ध अथवा मृतकों के संपर्क में आए लोगों की कोरोना जांच की जा रही है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेन्ड्री में कोविड आइसोलेशन वार्ड बना दिया गया है। जहां कोरोना ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**पहलगाम हमला**

# आतंकियों को पनाह देने वाले 2 लोग गिरफ्तार

## हमलावर आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू**, 22 जून (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 26 लोगों की जान लेने वाले इस हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों को शरण देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि बारामुल्ला पुलिस ने 21 जून को पट्टन इलाके में तलाशी अभियान के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके पास से आपत्तिजनक सामग्री के साथ जिंदा कारतूस बरामद किए।

एनआईए के अनुसार, बटकोट के परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क के बशीर अहमद जोथर ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है। उन्होंने यह भी पुष्टि की है कि हमलावर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे। एनआईए ने कहा कि परवेज और बशीर ने हमले से पहले हिल पार्क में एक मौसमी ढोक (झोपड़ी) में तीन सशस्त्र आतंकियों को जानबूझकर शरण दी थी। एजेंसी ने कहा कि दोनों लोगों ने आतंकियों को भोजन, आश्रय और रसद सहायता प्रदान की थी, जिन्होंने 22 अप्रैल को पर्यटकों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर चुन-चुन कर मार डाला, जिससे यह अब तक का सबसे भीषण आतंकी हमला बन गया। एनआईए ने दोनों को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया है और हमले के बाद दर्ज मामले आरसी-02/2025/एनआईए/जेएमयू की आगे की जांच कर रही है। मामले की जांच का जिम्मा संभालने वाली एनआईए ने 100 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नरसंहार में शामिल हो सकते हैं।

**चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग के बड़े कदम की तैयारी**

# बिहार में घर-घर जाकर मतदाता सूची की होगी जांच

नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर चुनाव आयोग (ईसीआई) मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान घर-घर जाकर व्यापक सत्यापन अभियान चलाने पर विचार कर रहा है। यह कदम मतदाता सूचियों की स्पष्टता सुनिश्चित करने और फर्जी या अपात्र नामों को हटाने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है। चुनाव आयोग को लंबे समय से विभिन्न नागरिक संगठनों, राजनीतिक दलों और एजेंसियों की ओर से मतदाता सूची में नामों के अनुचित जोड़-घटाव को लेकर चिंता जताई जाती रही है। आयोग ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि केवल वैध और पात्र नागरिकों को ही मतदाता सूची में शामिल करना उसकी प्राथमिकता है।

भारत के संविधान का अनुच्छेद 326 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 16 इस संबंध में मतदाता पंजीकरण की पात्रता और अपात्रता को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, मतदाता सूची के निरंतर अद्यतन की आवश्यकता कई कारणों से होती है। विवाह, नौकरी, शिक्षा या पारिवारिक कारणों से लोग लगातार एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होते हैं। वर्ष 2024 में ही 46.26 लाख लोगों ने अपने पते में बदलाव किया, 2.32 करोड़ ने सुधार के लिए आवेदन दिया और 33.16 लाख ने पहचान पत्र बदलने का अनुरोध किया। मृतकों के नाम अक्सर परिवारजन द्वारा हटवाए नहीं जाते, जिससे सूची में त्रुटियां बनी रहती हैं। वहीं, 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं का नाम जोड़ना और नाम, फोटो, पता आदि में सुधार करना भी शामिल है। निर्वाचन आयोग ने हाल ही में प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की सीमा 1,500 से घटाकर 1,200 कर दी है।

# भाजपा सरकार में पुलिस का हो रहा राजनीतिक इस्तेमाल : अखिलेश



**लखनऊ**, 22 जून (देशबन्धु)। सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। सरकार पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। जब सरकार विपक्षी दलों के नेताओं पर झूठे मुकदमे कराएगी, फर्जी तरीके से फंसाएगी। फर्जी वोट डलवाएगी, चुनाव जीतने के लिए गलत तरीके प्रयोग करेगी तो पुलिस सही काम नहीं करेगी। यही वजह है कि महिलाएं भाजपा से दूरियां बना रही है। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर महिला सुरक्षा के लिए बनाई गई 1090 सेवा को और मजबूत किया जाएगा। स्त्री समृद्धि सम्मान योजना लागू की जाएगी और समाजवादी पेंशन योजना की तरह महिलाओं को तीन हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी।

# 10 महीने से फरार केके श्रीवास्तव ईओडब्ल्यू की हिरासत में



■ भोपाल में पकड़ा गया, ब्यूरो के शराब घोटाले सहित 3 केस में भी नाम, रायपुर में दर्ज है करोड़ों की ठगी का मामला

**रायपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने केके श्रीवास्तव को रविवार तड़के भोपाल से हिरासत में लिया है। भोपाल के एमराल्ड होटल से श्रीवास्तव को ईओडब्ल्यू और रायपुर पुलिस की एक टीम ने पकड़ा है। टीम का नेतृत्व ईओडब्ल्यू कर रही थी। ब्यूरो में दर्ज शराब घोटाला, कोल लेवी घोटाला और अन्य मामलों में वांटेड था। रायपुर पुलिस के बाद ब्यूरो की टीम भी कई दिनों से उसके पीछे पड़ी थी, जिसके बाद भोपाल में उसे पकड़ा गया है। केके श्रीवास्तव के खिलाफ रायपुर के तेलीबांधा थाने में भी करीब 10 महीने पहले ठगी की एफआईआर दर्ज हुई थी। तब से ही केके श्रीवास्तव फरार था।

केके श्रीवास्तव पर स्मार्ट सिटी के नाम पर टेंडर दिलाने के नाम पर करोड़ो रूपए की ठगी करने का आरोप है। पिछले एक साल से केके श्रीवास्तव फरार चल रहा था। केके श्रीवास्तव को भूपेश बघेल ➤➤ शेष

**चेतावनी** — **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भरी हुंकार**

# बारिश में भी पूरी ताकत से चलेगा एंटी-नक्सल ऑपरेशन

**रायपुर, 21 जून (देशबन्धु)। देश-प्रदेश से मार्च 226 तक लाल आतंक को खत्म करने का लक्ष्य लेकर चल रही केंद्र सरकार के कड़े रुख को एक बार फिर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि पहले बारिश में नक्सलियों को आराम मिल जाता था, लेकिन इस बार बारिश में नक्सलियों को सोने नहीं देंगे। बारिश में भी पूरी ताकत से छत्तीसगढ़ में एंटी-नक्सल ऑपरेशन चलेगा।**

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले डेढ़ सालों में विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने दिन दूनी रात चौगुनी प्रगति की है। मगर छत्तीसगढ़ में विष्णु देव की सरकार और गृह मंत्री विजय शर्मा की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जो एक रुके हुए नक्सल विरोधी अभियान को द्रुत गति से चलाया और छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने की दिशा में आगे बढ़े। इन दोनों नक्सल विरोधी अभियान को धार दी, बल्कि समय-समय पर मार्गदर्शन दिया, पुलिस का हौसला बढ़ाया, मै भारत सरकार की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा को बहुत-बुहत साधुवाद देना चाहता हूं।*



***31 मार्च 26 तक नक्सल मुक्त होगा देश***– *मैने छत्तीसगढ़ में, इसी नवा रायपुर में, अटल नगर में कहा था कि 31-3-26 तक यह देश नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। आज मैं फिर यह बात विश्वास के साथ दोहराना चाहता हूं कि जिस तरह से सुरक्षाबलों ने पराक्रम किया है, सूचना एजेंसियों ने सटिक रणनीति बनाई है, हम इस लक्ष्य को सिद्ध करके रहेंगे।*

*आज छत्तीसगढ़ वासियों को कहकर जाता हूं, कि हर बार बारिश में नक्सली थोड़ा आराम कर लेते थे, लेकिन इस बार बारिश में भी हम उनको सोने नहीं देंगे। और 31 मार्च के लक्ष्य को हम आगे बढ़ाएंगे।*

***सरेंडर के लिए नहीं मिलेगा इससे अच्छा मौका***–*इसके साथ गृह मंत्री ने नक्सलवाद के रास्ते पर भटककर चले गए युवाओं से अपील की कि विष्णु देव सरकार ने बहुत लुभावनी आत्मसमर्पण नीति बनाई है। आइए हथियार डाल दिजिए, और नए छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में जुड़ जाइए। इससे अच्छा सरेंडर करने का मौका कभी नहीं मिलेगा। कोई चर्चा की* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# वनवासियों के जीवन में हरियाली और आत्मनिर्भरता की नई शुरुआत



## अचानकमार अभयारण्य में फ़हर घर एक फलदार पौधा फ़ अभियान प्रारंभ

**मुंगेली** 22 जून (देशबन्धु)। वन क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर चलने वाली एक उल्लेखनीय पहल की शुरुआत अचानकमार टाइगर रिज़र्व क्षेत्र में की गई है। सामाजिक संस्था (अ स्मॉल स्टेप फाउंडेशन) द्वारा संचालित (हर घर एक फलदार पौधा) अभियान के अंतर्गत वनवासियों को फलदार पौधे वितरित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य है कि हर वनवासी परिवार अपने घर या खेत के आसपास एक फलदार पौधा लगाए, उसकी देखभाल करे, और जब वह पौधा फल देने लगे तो उस परिवार को ?1100 प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाए।

### लक्ष्य-पर्यावरण की सेवा और आत्मनिर्भरता का संवर्धन

फाउंडेशन द्वारा दी जा रही जानकारी के अनुसार, यह अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है। इसके तहत हर लगाए गए पौधे की जिम्मेदारी संबंधित परिवार को दी जाएगी। आम, अमरूद, जामुन, नींबू और कटहल जैसे पौधे वितरित किए जा रहे हैं, जो न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी हैं, बल्कि ग्रामीणों के लिए भविष्य में आय और पोषण का भी स्रोत बनेंगे।

### स्थानीय जनता का मिल रहा उत्साहपूर्ण समर्थन

अभियान के पहले चरण में लगभग 150 पौधों का रोपण किया गया। इसमें क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। कई परिवारों ने स्वेच्छा से पौधों की जिम्मेदारी ली है। संस्था द्वारा चलाए जा रहे जनजागरूकता कार्यक्रमों से क्षेत्र में पर्यावरण के प्रति सकारात्मक चेतना का संचार हुआ है।

संस्था का संदेश- (एक पौधा, एक परिवार की खुशहाली) संस्था के प्रतिनिधियों का कहना है -(हमारा उद्देश्य है कि जंगल के किनारे बसे प्रत्येक परिवार के पास कम से कम एक ऐसा पौधा हो जो उन्हें पोषण और आय दोनों प्रदान कर सके। जब किसी परिवार को एक पेड़ से फल और साथ ही सम्मान राशि मिलेगी, तो वह उस पौधे को परिवार के सदस्य की तरह सींचेगा।)

# कोटमी के पैराडाइज होटल में जीपीएम पुलिस का छापा

## नशे के अवैध व्यापार के खिलाफ जिला पुलिस गौरेला पेंड्रा मरवाही का लगातार चल रहा अभियान

### होटल मालिक राजेश शर्मा गिरफ्तार, एसयूवी में लाखों की अंग्रेजी शराब बरामद




**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 22 जून (देशबन्धु)। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के कोटमी चौकी क्षेत्र अंतर्गत स्थित पैराडाइज होटल में अवैध अंग्रेजी शराब के भंडारण और बिक्री की सूचना पर जीपीएम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए होटल मालिक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी होटल संचालक की एसयूवी वाहन से लाखों रुपये की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पैराडाइज होटल में अवैध शराब का भंडारण कर बिक्री की जा रही है। इसके बाद जीपीएम साइबर सेल और कोटमी पुलिस चौकी की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी।

छापेमारी के दौरान होटल परिसर एवं उससे लगे निर्माणाधीन बाड़े की तलाशी ली गई, जहां होटल संचालक राजेश शर्मा पिता सुखदेव प्रसाद शर्मा (उम्र 47 वर्ष), निवासी सकोला चौकी कोटमी, अपनी महिंद्रा टीयूवी (क्रमांक जेएच 01 बीयू1088) में बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया।

**गोवा ब्रांड- 227 नग ( 180एम एल )**
**बैगपाइपर- 48 नग ( 180एम एल )**
**ब्ल्यू चिप्स- 17 नग ( 180एम एल )**

कुल मिलाकर पुलिस ने 52.560 लीटर अंग्रेजी शराब, वाहन समेत कुल ?3,96,200/- मूल्य की संपत्ति जब्त की। पूछताछ में सामने आया कि यह शराब मध्यप्रदेश राज्य से अवैध रूप से लाकर होटल परिसर से बेची जा रही थी। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश ध्रुव, कोटमी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अजय वारे के साथ प्रधान आरक्षक चौपाल कश्यप, आरक्षक राजेश शर्मा, हर्ष गहरवार, महेंद्र परस्ते, ऋषि साहू और थाना स्तर से उप निरीक्षक रणछोड़ दास सेंगर, प्रधान आरक्षक पवन राठौड़ की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस त्वरित कार्रवाई को जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। अभी लगभग 15 दिन पूर्व ही कोटमी पुलिस द्वारा जिला पुलिस के सहयोग से कोटमी चौकी अंतर्गत ग्राम पथरा निवासी सीमा गुप्ता एवं चार अन्य लोगों को गांजा तस्करी एवं बिक्री मामले में कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया था। उसे समय कोटी चौकी के प्रभारी अरविंद मिश्रा थे जिनके नेतृत्व में कार्यवाही की गई थी उनके स्थानांतरण के बाद अजय वारे कोटमी चौकी प्रभारी बने हैं जिन्होंने यह छापामार कार्यवाही की है। पुलिस की कार्यवाही के बाद से अवैध रूप से कार्य करने वाले लोगों में हड़कंप को मचा हुआ है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**अमेरिका ने ईरान के ...**

शामिल हुए। बी-2 बॉम्बर्स ने इन विमानों ने ईरान की फोर्डो और नतांज परमाणु साइटों पर करीब 1400 किलो के भारी बम गिराए। वहीं, इस्फहान पर टॉमहॉक मिसाइलें दागी गईं। जनरल केन ने बताया कि इस मिशन में धोखे की रणनीति भी अपनाई गई। कुछ बमवर्षक विमानों को प्रशांत महासागर की ओर भेजा गया, ताकि ईरान को लगे कि हमला उधर से होगा, जबकि असली हमला दूसरी दिशा से किया गया।

**अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय कानून का ...**

प्रत्येक सदस्य देश को इनका विरोध करना चाहिए। अराघची ने कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने के लिए मॉस्को जाएंगे। उन्होंने कहा, रूस ईरान का मित्र है। हम सोमवार को वह रूस से राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बैठक करेंगे।

**प्रधानमंत्री मोदी की तत्काल शांति बहाली की अपील**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से फोन पर बात की। पीएम मोदी ने मसूद पेजेशकियन के साथ मौजूदा स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और चिंता व्यक्त की। उन्होंने तत्काल तनाव को कम करने के लिए सभी मामलों को कूटनीति के जरिए सुलझाने और क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा बहाल करने की अपील की।

**अमित शाह ने किया ...**

और अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित होंगे। साइबर क्राइम, सड़क दुर्घटना विश्लेषण, मादक पदार्थों की जांच जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण से राज्य की कानून व्यवस्था को बल मिलेगा।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं अरुण साव, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, निदेशक आसूचना ब्यूरो तपन कुमार डेका, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, परिसर निदेशक एनएफएसयू गांधीनगर के प्रोफेसर डॉ एसओ जुनारे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

**उड़ान संचालन को लेकर...**

आकलन सुनिश्चित हो सके, तथा बारिश में या गीली हवाई पट्टी पर रात्रि परिचालन के दौरान होने वाले दृश्य भ्रम से निपटा जा सके। यह सर्कुलर हाल ही में केदारनाथ क्षेत्र में हुई हेलिकॉप्टर दुर्घटनाओं और श्रीनगर जा रही एक इंडिगो फ्लाइट में गंभीर टर्बुलेंस की घटना के बाद आया है।

परिचालन संबंधी अनिश्चितता पर जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव का हवाला देते हुए डीजीसीए ने उड़ान चालक दल को अत्यधिक सतर्कता बनाए रखने की सलाह दी है, 'जिसमें समय-सारिणी के पालन पर सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**बेटी, तुम आगे बढ़ो ...**

भागीदारी के लिए आवश्यक 1.70 लाख रुपए की फीस उनके लिए एक बड़ी बाधा बन गई थी।आर्थिक रूप से साधारण परिवार से आने वाली शालू के पिता प्राइवेट सुरक्षा गार्ड हैं और माँ एक छोटे से ब्यूटी पार्लर का संचालन करती हैं। बावजूद इसके शालू ने आठवीं कक्षा से सॉफ्टबॉल खेलना शुरू किया और अब तक एक गोल्ड मेडल सहित 12 बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने शालू डहरिया को वीडियो कॉल कर कहा बेटी, तुम आगे बढ़ोज हम सब तुम्हारे साथ हैं। छत्तीसगढ़ को तुम पर गर्व है। अच्छा खेलो, मेरी शुभकामनाएं तुम्हारे साथ हैं। देश और प्रदेश का नाम रोशन करो। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार बेटियों को केवल प्रोत्साहित नहीं करती, बल्कि ज़रूरत पड़ने पर उनके सपनों को पंख देने के लिए भी हमेशा तत्पर रहती है।

**संवेदनशीलता की मिसाल बनी यह पहल**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के दिशानिर्देश पर त्वरित अमल करते हुए जांजगीर चांपा कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने शालू को ?1.70 लाख की सहायता राशि का चेक सौंपा और प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। शालू की माता श्रीमती अल्का डहरिया ने मुख्यमंत्री श्री साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी की संवेदनशील पहल और आर्थिक सहायता से मेरी बेटी को अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय की यह पहल बताती है कि सरकार सिर्फ योजनाओं की घोषणा तक सीमित नहीं, ज़रूरत की घड़ी में हाथ पकड़कर साथ निभाने वाली साथी है। बेटियों के सपनों को साकार करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

**कोरोना से दो लोगों की ...**

प्रोटोकॉल के तहत मरीजों का उपचार किया जा रहा है। कोरोना संक्रमित मरीज की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत होने के बाद पीपीई किट पहनकर उनके शव का कोरोना प्रोटोकॉल के तहत अंतिम संस्कार किया गया। प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीजों के सामने आने के दौरान ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया गया था और लोगों को सतर्कता बरतते हुए कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने कहा गया है । वही सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ होने पर कोरोना की जांच करने की सलाह दी गई है। इस मामले में सीएमएचओ डा. नेतराम नवरत्न ने बताया कि दोनों ही मृतक अन्य बीमारियों से पीड़ित थे, संपर्क में आये लोगों की जांच की जा रही है। अभी कोरोना पॉजिटिव 4 एक्टिव मरीज है।

**10 महीने से फरार ...**

का करीबी माना जाता है। तेलीबांधा थाना में केके श्रीवास्तव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। श्रीवास्तव को लेकर ईओडब्ल्यू की टीम रायपुर के लिए रवाना हो गई है और देर रात रायपुर पहुंचेगी।

केके श्रीवास्तव पर आरोप है कि उसने भूपेश बघेल की सरकार में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में काम दिलाने के नाम पर दिल्ली की रावत एसोसिएट्स कंपनी से 15 करोड़ की ठगी की। रावत एसोसिएट्स के मालिक ने ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें बताया गया कि श्रीवास्तव ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर कंपनी से 7 अलग-अलग बैंक खातों में 15 करोड़ रुपये जमा करवाए। रावत एसोसिएट्स कंपनी हाइवे कंस्ट्रक्शन और सरकारी ठेके निर्माण से जुड़ी काम करती है।

केके श्रीवास्तव की मुलाकात कंपनी के डायरेक्टर से 2023 में आध्यात्मिक गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णन के माध्यम से हुई थी। श्रीवास्तव ने खुद को भूपेश बघेल का करीबी बताते हुए ठेका दिलाने के नाम पर 15 करोड़ रुपये लिए, लेकिन काम नहीं दिलाया। पिछले एक साल से फरार श्रीवास्तव पुलिस और जांच एजेंसियों को चकमा देता आ रहा था। वह अपने फोन और लोकेशन को बदलता रहता था और देश के विभिन्न हिस्सों में रहकर छिपा था।

ईडी ने भी के.के. श्रीवास्तव के खिलाफ पीएमएलए के तहत जांच शुरू की है। श्रीवास्तव पर आरोप है कि उन्होंने एक ठेके का आश्वासन देकर 15 करोड़ रुपये की ठगी की, साथ ही दिल्ली-मुंबई में फर्जी खातों के जरिए 500 करोड़ रुपये से अधिक का संदिग्ध लेनदेन किया। इतनी बड़ी रकम के ट्रांजेक्शन के संबंध में दावा किया जा रहा है कि भूपेश बघेल सरकार के दौर पर हुए घोटालों की ही यह रकम है।

फिलहाल केके श्रीवास्तव के खिलाफ अभी सिर्फ रायपुर पुलिस ने ही एफआईआर दर्ज की है। बाकी ईओडब्ल्यू अन्य मामलों की जांच कर रही है। ब्यूरो की जांच में यह खुलासा हुआ है कि श्रीवास्तव ने तीन-तीन करोड़ रुपये के तीन चेक जारी किए थे, जिन्हें स्टॉप पेमेंट के कारण रद्द कर दिया गया। इसके अलावा, श्रीवास्तव पर धोखाधड़ी के दस्तावेज तैयार करने के भी आरोप हैं। जिनमें छत्तीसगढ़ सरकार और ग्लोमैक्स इंडिया के नाम से फर्जी एग्रीमेंट शामिल थे। केके श्रीवास्तव की गिरफ्तारी के बाद इस ठगी से जुड़े मामले में कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। ईओडब्ल्यू सोमवार को केके श्रीवास्तव को स्पेशल कोर्ट में पेश कर रिमांड की मांग कर सकती है। रिमांड मिलने के बाद श्रीवास्तव से पूछताछ में कई बड़े खुलासे हो सकते हैं।

**बारिश में भी पूरी ताकत से ...**

आवश्यकता नहीं है। सरकार पर भरोसा करिए, हथियार डालिए, और मेनस्ट्रीम में जुड़ जाइए।और छत्तीसगढ़ की विकासयात्रा में आप अपने आप जुड़ जाएंगे ढेर सारे लोगों ने हथियार डाले हैं, उनका सामाजिक जीवन में मन से स्वागत करता हूं। विश्वास दिलाता हूं कि केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है, उन वादों को पूरा करेंगे, और उससे अधिक भी आपकी सहायता करने का प्रयास करेंगे।

# योग दिवस पर सेमरसल में बच्चों संग ग्रामीणों ने निभाई सहभागिता






**तखतपुर** 22 जून (देशबन्धु)। योग से संयम, अनुशासन और ऊर्जा मिलता है इसलिए ठीक रीति से योगाभ्यास को जीवन का अंग बनाना ही चाहिए। खासकर बच्चों, युवाओं को बढ़ चढ़कर योग व्यायाम करना चाहिए। उक्त बातें सेमरसल सरपंच राजकुमार अनंत ने कहीं। वहीं विजय निषाद अध्यक्ष एस एम सी ने सभी को योग दिवस की बधाई दी। संस्था के प्रधानपाठक आत्माराम कश्यप ने ग्रामवासियों को बच्चों के प्रतिदिन योगाभ्यास में निरंतरता बनाए रखने अपील किए। आपको बता दें कि सबेरे से ही योग को लेकर शास.पूर्व माध्य.शाला सेमरसल के स्कूली बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया। जहां सबने विद्यालय समय पर उपस्थित होकर कसरत, व्यायाम और योग किया। मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार कश्यप ने योग दिवस के प्रोटोकॉल अनुसार सर्वप्रथम ग्रीवा के अभ्यास से लेकर एड़ी के अभ्यास कराए। अनेक आसनों जैसे शरीर संचालन, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, उत्कटासन, अर्ध कटी चक्रासन, वीर भद्रासन, नौकासन, शीर्षासन सहित अनुलोम विलोम, कपाल भारती, भ्रामरी प्राणायाम का रोचक तरीके से क्रमशः प्रयोग कराया। साथ में शिक्षक राकेश पांडेय, उमाशंकर सिंह, पुष्पा चतुर्वेदी सहित बटहा के पंच दुर्गेश कश्यप ने सहभागिता निभाई। वहीं प्राथमिक शाला सेमरसल में भी योग सत्र का आयोजन प्रधानपाठक आरती गुप्ता, स्मिता क्षत्रि, ललिता शर्मा, स्वतंत्र ध्रुव के निर्देशन में हुआ। योगाभ्यास के बाद बच्चों ने प्राचीन पुरातात्विक स्थल सिद्ध मुनीबाबा का घूम घूमकर बड़े कौतूहल से देवदर्शन कर प्रसाद लिए व सामूहिक चित्र भी खिंचवाएं। नव प्रवेशी बच्चों ने गतिविधियों में उमंग से भाग लिया। इस अवसर पर महंत बालमुकुंद दास, सरपंच संघ अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह, मंदिर समिति से बद्री कश्यप, दामोदर पांडेय, हेमंत साहू आदि उपस्थित रहे।

## डी ए वी देवरीखुर्द में मना योग दिवस

डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देवरीखुर्द के द्वारा ( एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग) थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में तखतपुर नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा रविंदर कौर मक्कड़, विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत के सरपंच राम कुमार कौशिक जी, संस्था प्रमुख विनय कुमार श्रीवास्तव, विद्यालयीन शिक्षक एवं 700 विद्यालयीन छात्र एवं छात्राएं सम्मिलित हुए। विद्यालय के शारीरिक व्यायाम शिक्षक पवन कुमार द्वारा सामान्य योग , आसन और प्राणायाम पर आधारित 45 मिनट का योग सत्र आयोजित किया गया। योगासन एवं प्राणायाम में प्रमुख रूप से सूर्य नमस्कार, सीत्कारी, शीतली, भस्त्रिका, भ्रामरी, पद्मासन, वज्रासन, हलासन, मकरासन, धनुरासन, भुजंगासन, शलभासन, विपरीत नौकासन कराया गया। संस्था प्रमुख ने योगासन के सन्दर्भ में जानकारी साझा करते हुए कहा कि योग एवं आसन मांसपेशियों, जोड़ों, हृदय-तंत्र प्रणाली, नाड़ियों और लसिका-संबंधी प्रणाली के साथ-साथ मन, मस्तिष्क और चक्रों (ऊर्जा-केन्द्रों) के लिए भी लाभदायक हैं।

# जनदर्शन के दौरान फूटा बीजेपी कार्यकर्ताओं का गुस्सा, मंडल अध्यक्ष पर गंभीर आरोप

**लोरमी** 22 जून (देशबन्धु)। जिले के लोरमी में रविवार को आयोजित जनदर्शन चौपाल में जहां आमजन बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, वहीं बीजेपी के भीतर गहराती नाराजगी भी खुलकर सामने आ गई। डिंडौरी क्षेत्र से आए बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव को एक लिखित ज्ञापन सौंपा और उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की।

**'कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और मनमानी रवैया' — आरोपों की फेहरिस्त लंबी**

ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू जमीनी स्तर पर काम कर रहे कार्यकर्ताओं की लगातार अनदेखी कर रहे हैं। आरोप यह भी है कि साहू संगठन में मनमानी कर रहे हैं, जिससे स्थानीय कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ता जा रहा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनकी मेहनत और समर्पण को दरकिनार किया जा रहा है, जो पार्टी की जड़ों को कमजोर कर सकता है।

**संगठन में उठते सवाल, नेतृत्व के लिए चुनौती**

यह विरोध उस वक्त सामने आया है जब शीर्ष नेतृत्व लगातार कार्यकर्ताओं से संवाद और सहभागिता की बात कर रहा है। लोरमी जैसी अहम विधानसभा सीट पर कार्यकर्ताओं की खुली नाराजगी ने संगठन की आंतरिक स्थिति को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# देर रात एसपी ने किया औचक निरीक्षण, गश्त पर लापरवाह पाए गए अधिकारियों को जारी हुआ शो-कॉज नोटिस




**मुंगेली,** 22 जून (देशबन्धु)। जिले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने देर रात 1 बजे से सुबह 4 बजे तक जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अचानक गश्त निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुंगेली शहर के दाउपारा चौक, पड़ाव चौक, नंदी चौक, गोलबाजार चौक, बड़ा बाजार सहित थाना जरहागांव, थाना लालपुर और थाना लोरमी के गश्त प्वाइंट्स और संबंधित सेक्टर-जोनल अधिकारियों की मौजूदगी की जांच की। निरीक्षण के दौरान थाना जरहागांव में प्रभारी नंदलाल पैकरा, प्रधान आरक्षक लक्ष्मण यादव, थाना लालपुर में उप निरीक्षक अमित गुप्ता और प्रधान आरक्षक सुरेंद्र कुर्रे तथा थाना लोरमी में उप निरीक्षक सुंदरलाल गोरले और आरक्षक सुनील भास्कर को गश्त पर तत्पर पाया गया। संतोषजनक जवाब और कर्तव्यनिष्ठा के लिए इन सभी को पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर ही नगद इनाम देकर प्रोत्साहित किया गया।वहीं ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों को शो-कॉज नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने रात्रि भ्रमण के दौरान शहर और गांवों में अनावश्यक रूप से घूम रहे संदिग्धों से पूछताछ भी की और उन्हें रात्रि में बिना कारण बाहर न निकलने की सख्त हिदायत दी। एसपी भोजराम पटेल ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त एवं पेट्रोलिंग को सुनिश्चित करें, असामाजिक तत्वों और आदतन अपराधियों पर कड़ी नजर रखें तथा रात्रि में घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई करें।

# केकती के सरपंच ने ग्रामीणों में श्रमदान की अलख जगाई



**तखतपुर** 22 जून (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत केकती के ग्रामीण एवं सरपंच डॉ. शैलेन्द्र सिंह द्वारा गांव के ही एक पगडंडी को सड़क के रूप में श्रमदान और जानभागीदारी से पूरा किये। गांव की जनता ने डॉ शैलेन्द्र सिंह को उनकी कार्यशैली की वजह से रिकार्ड मतों से विजयी बनाया है ताकि वे गांव का विकास करे। डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं उनकी टीम ने गांव में श्रमदान की ऐसी अलख जगाई है कि काम दिखते ही लोग भीड़ के उसे पूरा कर देते हैं। इसी परिपाटी में इस बार इनके द्वारा गांव में शिव मंदिर से अमहा तालाब तक की पगडंडी को लगभग 500 मीटर सड़क में तब्दील कर दिया गया।सरपंच डॉ शैलेन्द्र अपने पिछले कार्यकाल में भी कई अनुकरणीय कार्य श्रमदान और जन सहयोग से कर चुके हैं जिसमें प्रमुख रुप से गौटिया तालाब सियाबन का जीर्णोद्धार तथा पौधारोपण आदि है। पिछले कई वर्षों से गांव की एक सड़क या यूं कहें पगडण्डी मात्र थी जो कि गांव सामाजिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक महत्व रखती थी गांव के लोगों की दिनचर्या में इसका प्रमुख योगदान रहता है इसके पुर्नउद्धार का बीड़ा गांव के सरपंच शैलेन्द्र सिंह उनकी टीम तथा ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव तथा समिति के अन्य सदस्यों के द्वारा उठाया गया सर्व प्रथम बैठक करके यह निर्णय लिया गया कि शिव मंदिर से अमहा तालाब तक जाने वाले रास्ते का पुर्नउद्धार करना है जिसके जिए श्रमदान तथा जनसहभागिता का संकल्प लिया गया। इसके लिए गांव सरपंच शैलेन्द्र सिंह समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव उपसरपंच अरुण भारद्वाज और अन्य लोगों को कार्यभार सौंपा गया इस सड़क की पूर्णता से सभी ग्रामीण अति प्रसन्न है। जैसे उनके सपने सच हो गये हो। इस कार्य में छोटका यादव, संतोष कौशिक, अमित यादव, आनंद पाण्डेय, सुरेश कौशिक, कृष्णा सिंह, रामफल, अरुण, भूपेन्द्र, गोपी लेड़गा यादव, प्रमोद कुर्रे, शिवदयाल, इंद्रपाल, मनमोहन, राजेश यादव, सुखी, प्रमोद यादव, नरेन्द्र, दुर्गा कौशिक, घुरउ यादव, द्वारिका कैवर्त, अमृत कौशिक, विजय यादव सहित अन्य का प्रमुख योगदान है ।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SAIYAD FAHAD ZAMANN S/O SAIYAD MOHAMMAD AKBAR resident of WARD NO 61 DARGAH SHARIF NAYA SARKANDA BILASPUR (C.G.) have changed my old name SAIYAD FAHAD ZAMANN S/O SAIYAD MOHAMMAD AKBAR so in future I should be recognized by my new name that is SAYED MOHAMMAD FAHAD ZAMAAN S/O SAIYAD MOHAMMAD AKBAR in all Government and other documents.

**SAYED MOHAMMAD FAHAD ZAMAAN**
WARD NO 61 DARGAH SHARIF NAYA SARKANDA BILASPUR (C.G.)

# देश

**उवाच** "भाजपा सरकार के नौ साल के शासन में जनता के लिए कोई काम नहीं हुआ। भाजपा केवल झूठ बोलती है और उनके शासन में थानों और तहसीलों में भ्रष्टाचार चरम पर है। सपा, पीडीए और सवर्ण वर्ग को साथ लेकर अगले चुनाव में प्रदेश में सरकार बनाएंगी।"
–शिवपाल सिंह यादव, सपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34° | 28° |
| मुंबई | 3° | 27° |
| कोलकाता | 29° | 27° |
| चेन्नई | 31° | 29° |

# ईरान का अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे हटना अमेरिका-इजराइल का भ्रम : फारूक अब्दुल्ला

## अमेरिका द्वारा ईरान की तीन परमाणु सुविधाओं पर किए गए हमलों को लेकर की तीखी प्रतिक्रिया

**श्रीनगर,** 22 जून (देशबन्धु)। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच जारी तनाव और अमेरिका द्वारा ईरान की तीन परमाणु सुविधाओं पर किए गए हमलों को लेकर नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका और इजराइल यह सोचते हैं कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे हट जाएगा, तो यह उनकी भूल है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा अगर वे सोचते हैं कि ईरान अपने मकसद से पीछे हट जाएगा, तो वे भ्रम में हैं। ईरान करबला को नहीं भूला है, और वह इसे दूसरी करबला मानता है। वे अपनी गर्दनें कटा लेंगे, लेकिन झुकेंगे नहीं। उन्होंने अमेरिका और इजराइल पर ईरान में शासन परिवर्तन की कोशिशों को लेकर भी सवाल खड़े किए। वे वहां सत्ता परिवर्तन चाहते हैं, लेकिन क्या उसके बाद हालात बेहतर होंगे? अमेरिका और इजराइल का पुराना मकसद रहा है कि वे ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे, लेकिन ईरान अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटेगा। जब भारत पर इस युद्ध के असर को लेकर सवाल किया गया, तो फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि तेल की सप्लाई अधिकतर उन्हीं देशों से होती है। अगर युद्ध की वजह से वह बंद हो गई तो भारत की अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ेगा। यह मत भूलिए, पैसा हर वक्त नहीं रहता।

### मुस्लिम देशों की चुप्पी पर भी जताई नाराजगी



**ईरान करबला को नहीं भूला है और वह इसे दूसरी करबला मानता है वह अपनी गर्दनें कटा लेंगे लेकिन झुकेंगे नहीं : फारूक अब्दुल्ला**

**तीसरे विश्व युद्ध की ओर जा रहे ट्रंप**

डोनाल्ड ट्रंप को लेकर अब्दुल्ला ने कहा कि जिससे उम्मीद थी कि वह युद्ध रोकने के लिए दखल देगा, वह खुद हमले कर रहा है। अमेरिका पहले ही रूस के खिलाफ जंग में शामिल है, अब ईरान के खिलाफ भी। इसका सीधा मतलब है कि अमेरिका दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध की तरफ ले जा रहा है। फारूक अब्दुल्ला ने इस पूरे घटनाक्रम पर मुस्लिम देशों की चुप्पी पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आज अमेरिका ईरान पर हमला कर रहा है और बाकी के मुस्लिम देश चुप हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि उनकी बारी भी आएगी। अमेरिका उन्हें भी खत्म कर देगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अभी हाल ही में पाकिस्तान के फील्ड मार्शल को बुलाया था। उन्होंने कहा कि अमेरिका कभी भारत से दोस्ती दिखाता है तो कभी पाकिस्तान के करीब जाता है। इसके आगे उन्होंने कहा कि पता नहीं अमेरिका करना क्या चाहता है? उन्होंने मुस्लिम देशों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आज अमेरिका ईरान पर हमला कर रहा है तो कल तुम्हारे देश पर भी हमला करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अपने निजी स्वार्थ के लिए गाजा पर हमले करवाए।

उन्होंने कहा कि हमले कोई भी करवाए, लेकिन इस हमले में हजारों की संख्या में नागरिक ही मारे जा रहे हैं। इसके आगे उन्होंने कहा कि जो हाल गाजा का था, अब वही हाल ईरान का है. ईरान में ही हजारों की संख्या में लोग मर रहे हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि अमेरिका और इजराइल का हमेशा से यही इरादा रहा है कि वह ईरान को न्यूक्लियर बम नहीं बनने देगें।

## ईरान पर अमेरिका का हमला दुर्भाग्यपूर्ण : मनोज झा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा ने ईरान पर अमेरिकी हमले को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर अपनी राय स्पष्ट करने की मांग की है। राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि जिस तरह से अमेरिका ने ईरान पर हमला किया है, इस पूरी घटना को मैं बहुत दुर्भाग्यपूर्ण मानता हूं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के बयान का सार यह है कि यह गलत है और पूरी तरह से आक्रामकता का कार्य है। पाकिस्तान को निशाने पर लेते हुए राजद सांसद ने कहा कि दुर्भाग्य की बात यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल पुरस्कार देने के लिए हमारा पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान पहल कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस वैश्विक उथल-पुथल के दौर में भारत का रुख स्पष्ट होना चाहिए।



## मुर्शिदाबाद में डंपर ने मारी ट्रैक्टर को टक्कर, पांच की मौत




**मुर्शिदाबाद,** 22 जून (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में एक सड़क हादसा सामने आया है, जहां दुर्घटना में पांच तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। मृतकों में चार महिलाएं भी शामिल हैं। मामला मुर्शिदाबाद के कंडी इलाके का है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में सवार तीर्थयात्री कंडी से बरहामपुर जा रहे थे, तभी तीर्थयात्रियों से भरा ट्रैक्टर कंडी थाना के गोकर्ण इलाके में एक डंपर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चार महिला तीर्थयात्रियों समेत कुल पांच लोगों की मौत हो गई। पता चला है कि ट्रैक्टर में 23 तीर्थयात्री सवार थे, जो बाली ग्राम मंदिर के धार्मिक तालाब में स्नान कर लौट रहे थे, तभी एक डंपर के साथ हुई टक्कर में पांच लोगों की जान चली गई, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में ट्रैक्टर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मध्य पूर्व में बिगड़ते हालात के बीच हवाई क्षेत्र बंद

## चेन्नई लौटा ब्रिटिश एयरवेज का विमान

**चेन्नई,** 22 जून (आईएएनएस)। अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण मिडिल ईस्ट के एयर स्पेस को अचानक बंद कर दिया गया है, जिसके बाद लंदन जाने वाली ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट को रविवार सुबह चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपातकालीन वापसी करनी पड़ी। फ्लाइट बीए276 चेन्नई से सुबह 6.24 बजे रवाना हुई थी। यह फ्लाइट अपने निर्धारित समय सुबह 5.35 बजे से लगभग एक घंटा पीछे थी। इस फ्लाइट में 247 पैसेंजर्स और 15 क्रू मेंबर्स सवार थे। विमान बेंगलुरु को पार कर अरब सागर के ऊपर से गुजर रहा था। तभी पायलट को तत्काल सूचना मिली कि मिडिल ईस्ट एयरस्पेस के प्रमुख हिस्सों को बंद कर दिया गया है। इसके चलते लंदन के लिए नियोजित उड़ान मार्ग दुर्गम हो गया है। एयरस्पेस बंद करने की खबर कथित तौर पर ईरानी ठिकानों पर रात भर अमेरिकी सैन्य हमलों के बाद आई, जिसके बाद क्षेत्रीय अधिकारियों ने एहतियातन नागरिक उड़ानों को रोक दिया। अलर्ट की सूचना मिलने पर, फ्लाइट क्रू ने तुरंत चेन्नई और लंदन दोनों एयर ट्रैफिक कंट्रोल सेंटर से संपर्क किया। अधिकारियों ने एयरक्राफ्ट को चेन्नई लौटने का निर्देश दिया। विमान सुबह करीब 10 बजे चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतरा। विमान में सवार सभी 262 लोग सुरक्षित हैं। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यात्रियों को लाउंज और आस-पास के होटलों में ठहराने के लिए व्यवस्था की गई थी। ब्रिटिश एयरवेज ने एक बयान में विमान की वापसी की पुष्टि करते हुए कहा कि वह आगे की यात्रा के लिए मौजूद विकल्पों को तलाशा जा रहा है। एयरलाइन ने यात्री सुरक्षा को सबसे बड़ी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि वैकल्पिक मार्गों की पुष्टि होने या प्रभावित हवाई क्षेत्र के फिर से खुलने के बाद आगे की जानकारी साझा की जाएगी। रीजनल एयरस्पेस बंद होने के चलते चेन्नई से खाड़ी देशों के लिए कई फ्लाइट्स भी देरी से रवाना हुईं। कुवैत, दोहा, दुबई, शारजाह और अबू धाबी जाने वाली उड़ानों में काफी देरी हुई।



## सार संक्षेप

### बारामूला में आपत्तिजनक सामग्री रखने के मामले में संदिग्ध गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने रविवार को एक तलाशी अभियान के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर उसके पास से आपत्तिजनक सामग्री जब्त की। पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर बारामूला के सरिवारपोरा पट्टन इलाके के न्यू कॉलोनी में मोहम्मद मकबूल डार उर्फ जावेद डार के घर छापेमारी की। यह कार्रवाई 224 में दर्ज गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धाराओं से जुड़ी प्राथमिकी के तहत हुई। तलाशी के दौरान, प्रतिबंधित संगठन जम्मू-कश्मीर नेशनल फ्रंट के पोस्टर और एके-47 के 2 कारतूस बरामद किए गए।

### पटवारी ने की सागर के पीड़ित परिवार से चर्चा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सागर जिले के रहली क्षेत्र में एक युवक की हत्या के मामले में फोन पर पीड़ित परिवार से चर्चा कर घटना के संबंध में जानकारी हासिल की और परिजनों को ढांढस बंधाया। प्रदेश कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि पटवारी ने मोबाइल फोन के जरिए मृत युवक के पिता से चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### मेघालय में मानसिक विक्षिप्त की पीट-पीटकर हत्या

**शिलांग।** मेघालय के पश्चिमी गारो हिल्स जिले के मोरासुती गांव में एक व्यक्ति पर कथित रूप से कुल्हाड़ी से हमला करने के आरोप में एक मानसिक विक्षिप्त की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह जानकारी पुलिस ने रविवार को दी। मृतक की पहचान अमीनुल इस्लाम के रूप में हुई है, जबकि घायल की पहचान फुलबहार शेख के रूप में हुई है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है। शेख को फिलहाल असम के गुवाहाटी स्थित एक अस्पताल में उसके घावों का इलाज कराने के लिए भर्ती किया गया है।

### रांची में भाकपा माले राज्य कमिटी की बैठक आज से

**रांची।** भाकपा (माले) की झारखंड राज्य कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 23-24 जून 225 को रांची स्थित विधानसभा क्लब (पुराना भवन) में आयोजित होगी। इस आशय की जानकारी पार्टी के राज्य सचिव कामरेड मनोज भक्त ने दी। उन्होंने बताया कि यह बैठक हाल में संपन्न पार्टी सम्मेलन में लिए गए निर्णयों को लागू करने के लिए आयोजित हो रही है।

## बंगाल की खाड़ी में 29 मछुआरों को सुरक्षित बचाया गया

**कोलकाता,** 22 जून (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के सुंदरबन इलाके में बंगाल की खाड़ी में खराब मौसम के कारण मछली पकड़ने वाले दो ट्रॉलर पलट गए जिसके बाद साथी मछुआरों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 29 लोगों को बचा लिया। यह जानकारी पुलिस और मछुआरा समुदाय संगठन ने रविवार को दी। उल्लेखनीय है कि शनिवार को कुछ ही घंटों के अंतराल पर दो मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर पलट गए थे। एफबी शकीला नामक ट्रॉलर में 13 मछुआरे सवार थे जो सुबह करीब नौ बजे जम्बूद्वीप के निकट पलट गया। मछुआरे तड़के नामखाना से मछली पकड़ने के लिए गहरे समुद्र में गए थे और लहरों के कारण ट्रॉलर की लकड़ी का फर्श टूट गया हालांकि, सभी लोगों को दूसरे ट्रॉलर के मछुआरों ने बचा लिया गया। पलटे हुए ट्रॉलर के सभी 13 लोगों को साथी मछुआरों ने अशांत पानी से बाहर निकाला। साथी मछुआरों का ट्रॉलर डूबते हुए ट्रॉलर के बहुत करीब था। बंगाल की खाड़ी के केंडो द्वीप के पास मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर एफबी मां दुर्गा के पलटने से 16 मछुआरे डूबने लगे जिन्हें दूसरे ट्रॉलर के मछुआरों ने बचा लिया। सभी मछुआरों को बाद में मेडिकल जांच के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। कुछ घंटों के अंदर ट्रॉलरों के पलटने से मछुआरा समुदाय में दहशत फैल गई, जिनका एकमात्र पेशा मानसून के मौसम में आजीविका के लिए समुद्र में जाना है।



**खराब मौसम के कारण पलट गए थे दो मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर**

# लालू बने रहेंगे राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष

■ राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए आज करेंगे नामांकन दाखिल ■ पांच जुलाई को आरजेडी का राष्ट्रीय अध्यक्ष का होगा चुनाव

**पटना,** 22 जून (देशबन्धु)। बिहार की राजनीति में एक बार फिर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने रविवार को मीडिया को जानकारी दी कि पार्टी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी, और 5 जुलाई को चुनाव होगा। दरअसल, यह चुनाव सिर्फ एक औपचारिकता भर लग रहा है, क्योंकि पार्टी के भीतर लालू यादव को फिर से अध्यक्ष बनाए जाने पर सर्वसम्मति है। सिद्दीकी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर लालू प्रसाद यादव ही रहेंगे। पूरी पार्टी की इच्छा है कि वही पार्टी का नेतृत्व करें। वह सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे। जब उनसे लालू यादव के स्वास्थ्य को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यह कोई बड़ी चिंता की बात नहीं है।



काम आज भी लालू के दिशा-निर्देश में हो रहा है और आगे भी होता रहेगा। पार्टी में उनकी भूमिका अहम है, और वह पहले की तरह सक्रिय रहेंगे, उन्होंने स्पष्ट किया। राजद के वरिष्ठ नेता जगदानंद सिंह को राष्ट्रीय स्तर पर दी जा सकने वाली जिम्मेदारी को लेकर भी सिद्दीकी ने प्रतिक्रिया दी। वहीं राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को इतना मजबूर कर देंगे कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमारे हर वादे, योजना, विजन और सोच की नकल करेंगे। कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को अब हर महीने 400 रुपये की जगह 1100 रुपये पेंशन मिलेगी। यादव ने लिखा, हम निरंतर कह रहे है कि हम राजग सरकार को इतना मजबूर कर देंगे कि नीतीश कुमार हमारे हर वादे, योजना, विजन और सोच की नकल करेंगे।

## लालू यादव के अनुभव का लाभ उठाएगी पार्टी : सिद्दीकी

पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा कि यह पूरी तरह पार्टी का आंतरिक मामला है। लेकिन यह जरूर कहना चाहूंगा कि जगदानंद सिंह हमारे सुख-दुख के साथी हैं। पार्टी उनके अनुभव का लाभ उठाएगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लालू यादव को पुनः अध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी को एक स्थिर नेतृत्व मिलेगा, खासकर 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों से पहले। तेजस्वी यादव भले ही चेहरा हों, लेकिन संगठनात्मक फैसलों में अब भी लालू यादव की भूमिका निर्णायक बनी हुई है। राजद इस समय गठबंधन की राजनीति के साथ-साथ अपने संगठन को भी मजबूत करने में जुटी है। ऐसे में नेतृत्व का स्पष्ट और अनुभवी चेहरा पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को एकजुट रखने में मदद करेगा।



# गरीबों के लिए साढ़े तीन साल में 29 लाख इंदिराम्मा घर बनाएगी तेलंगाना सरकार

## योजना के लाभार्थियों को घर की मंजूरी के दस्तावेज किए वितरित

**नालगोंडा,** 22 जून (एजेंसियां)। तेलंगाना सरकार गरीबों के लिए अगले साढ़े तीन वर्षों में 20 लाख इंदिराम्मा घरों का निर्माण करेगी। राज्य के राजस्व, आवास और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने रविवार को नालगोंडा जिले के नकीरेकल निर्वाचन क्षेत्र के मिनी स्टेडियम में आयोजित एक बैठक में इसकी घोषणा की। उन्होंने इस दौरान यहां इस योजना के लाभार्थियों को घर की मंजूरी के दस्तावेज वितरित किए। उन्होंने कहा कि योजना का पहला चरण पहले से ही 4.5 लाख घरों के निर्माण के साथ चल रहा है।

सरकार ने प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में 3,500 घरों के निर्माण का लक्ष्य रखा है। राज्य की भूमि नियमितीकरण पहल भू भारती को लेकर उन्होंने कहा कि राजस्व शिकायत बैठकों के दौरान राज्य भर से 8.6 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों को राहत प्रदान करने के लिए 15 अगस्त तक सभी वैध आवेदनों का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कलेक्टरों को लाभार्थियों का पारदर्शी चयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, जिसमें वे लोग भी शामिल हैं जिनके घर पहले स्वीकृत हो चुके थे लेकिन अधूरे रह गए। एक बार लाभार्थियों को उनके घर की मंजूरी मिल जाने के बाद उन्हें 30 दिनों के भीतर निर्माण शुरू करना होगा और बिलों का भुगतान चार किस्तों में किया जाएगा। स्टील, सीमेंट और अन्य निर्माण सामग्री की लागत को विनियमित करने के लिए मंडल स्तर पर मूल्य नियंत्रण समितियों की स्थापना की गई है।



### 400 से 600 वर्ग फीट के बीच होगा प्रत्येक घर

राज्य के राजस्व, आवास और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने भू भारती के माध्यम से भूमि संबंधी विवादों का पूर्ण समाधान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी पात्र गरीब परिवारों को इंदिराम्मा योजना के तहत घर दिए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक घर 400 से 600

## रायगढ़ में तालाब में डूबकर तीन लोगों की मौत

**रायगढ़,** 22 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के तटीय जिले रायगढ़ में बेंस गांव में मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक खेत के तालाब में तैरते समय एक ही परिवार के तीन सदस्यों की डूबने से मौत हो गई। तीन किशोर शनिवार रात जिले के अलीबाग तालुका में पेजारी-नागोथाने रोड पर बेंस सिद्धार्थ नगर गांव के अंतर्गत आने वाले एक खेत के तालाब में तैरने गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद नागोथाने पुलिस स्टेशन की टीम घटनास्थल पर पहुंची। उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की और देर रात उन्हें तालाब से बाहर निकाला। पुलिस उन्हें स्थानीय अस्पताल ले गई लेकिन इलाज के दौरान तीनों की मौत हो गई।

# केन्या व मेडागास्कर का दौरा करेंगे रक्षा राज्य मंत्री

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ केन्या और मेडागास्कर की आधिकारिक यात्रा करेंगे। भारत और केन्या समुद्री पड़ोसी देश हैं। दोनों देशों के बीच समकालीन संबंध उच्च स्तरीय दौरे, मजबूत व्यापार और निवेश से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा केन्या से चिकित्सा पर्यटन और गहरे जनसंपर्कों द्वारा भी दोनों देशों के मजबूत संबंध चिह्नित होते हैं। दोनों देशों की औपनिवेशिक संघर्ष की साझा विरासत भी है।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल 23 से 26 जून तक केन्या और मेडागास्कर की यात्रा पर रहेगा। रक्षा राज्य मंत्री इस दौरे के पहले चरण में 23 जून को ताइता-तवेटा काउंटी में स्मारक स्तंभ (भारत और केन्या के शहीद सैनिकों के सम्मान में समर स्मारक) के संयुक्त अनावरण के लिए केन्या की यात्रा करेंगे। संजय सेठ दूसरे चरण में 26 जून को एंटानानारिवो में मेडागास्कर की स्वतंत्रता की 65वीं वर्षगांठ और मालागासी सशस्त्र बलों के गठन के समारोह में भाग लेने के लिए मेडागास्कर का दौरा करेंगे। भारत और केन्या समुद्री पड़ोसी राष्ट्र हैं। दोनों देशों के बीच समकालीन संबंधों की विशेषता उच्च स्तरीय आदान-प्रदान, मजबूत व्यापार एवं निवेश, केन्या से चिकित्सा मूल्य यात्रा और व्यापक जनसंपर्क हैं।



■ **23 से 26 जून तक यात्रा पर रहेगा भारतीय प्रतिनिधिमंडल**

**विवाद** अमरनाथ यात्रा को लेकर राज्य सरकार और उपराज्यपाल के बीच तनातनी

# व्यवस्था उमर सरकार के हवाले व सुरक्षा उप राज्यपाल के पास

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 22 जून (देशबन्धु)। इस बार जिस अमरनाथ यात्रा पर कश्मीर की अर्थ व्यवस्था और पर्यटन का दारोमदार बताया जा रहा है उस पर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। विवाद का कारण यह है कि इस यात्रा को डबल इंजन की व्यवस्था से जूझना होगा। इसके लिए अगर व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी उमर सरकार के ऊपर है तो सुरक्षा का भार उप राज्यपाल प्रशासन के पास। यह पूरी तरह से सच भी है।**

इसे मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी स्वीकार किया है। जिनका कहना था कि अमरनाथ यात्रा के लिए उनकी सरकार ने सभी आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध कर दिया है, लेकिन सुरक्षा की जिम्मेदारी राजभवन और उपराज्यपाल की है। वे अमरनाथ यात्रा पर आतंकी खतरे के संदर्भ में कहते थे कि उन्होंने सुरक्षा का इंतजाम किया होगा। दरअसल गंदरबल में पत्रकारों के साथ बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा था कि आने वाले श्रद्धालु शांत और विश्वासपूर्ण वातावरण में अपनी यात्रा पूरी कर सुरक्षित अपने घरों को लौटेंगे। पूरा कश्मीर उनके स्वागत के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि जम्मू कश्मीर में कानून व्यवस्था और सुरक्षा मामलों की जिम्मेदारी उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पास है। जम्मू कश्मीर पुलिस मौजूदा परिस्थितियों में केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है। सुरक्षा मामलों में मौजूदा निर्वाचित सरकार की कोई भूमिका नहीं है। अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा तीन जुलाई से शुरू हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्वाचित सरकार की हमारी जो जिम्मेदारी थी, उसके मुताबिक बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा, स्वच्छता, खाद्य सामग्री, परिवहन समेत सभी प्रबंध किए जा चुके हैं।



■ **नए विवाद के चलते मझदार में फंसी पवित्र अमरनाथ यात्रा**

पिछले दिनों उप राज्यपाल मनोज सिन्हा इसके प्रति स्पष्ट कर चुके हैं कि प्रदेश में सिर्फ पुलिस ही उनके अधिकार में है। तो ऐसे में क्या अन्य केंद्रीय सुरक्षा बल और सेना की तैनाती का जिम्मा और उनकी सेवाएं किसके पास रहेंगें यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। नतीजा यह है कि पहले ही इस बार हेलिकाप्टर सेवा को अमरनाथ यात्रा में निरस्त कर खतरे के प्रति चेताया जा चुका है और अब अमरनाथ यात्रा एक नए विवाद से घिर गई है। थोड़े दिन पहले इस बार की यात्रा अवधि को लेकर जो विवाद पैदा हुआ था वह भी अभी तक ठंडा नहीं हुआ है। वहीं दूसरी ओर सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की तथा आगामी अमरनाथ यात्रा की तैयारियों का आकलन किया। सेना के रविवार को बताया कि सेना प्रमुख ने कश्मीर दौरे के दौरान सुरक्षा हालात, ऑपरेशनल स्थिति और रणनीतिक पहलुओं की जानकारी ली। आधुनिक तकनीकों के उपयोग को लेकर एक प्रदर्शन भी किया गया। गौरतलब है कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा इस साल तीन जुलाई से शुरू होगी और आठ अगस्त को समाप्त होगी। यह यात्रा घाटी की सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौतियों में से एक मानी जाती है। इस बार यात्रा केवल 37 दिनों की होगी, जो पिछले साल की 52 दिनों की यात्रा से कम है। यात्रा से पहले 22 अप्रैल को हुये आतंकवादी हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय की मौत के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास सतर्कता बरती जा रही है।

बिलासपुर, सोमवार 23 जून 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# ईरान पर अमेरिकी हमला

डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेताओं के हाथ में सत्ता आ जाने का कितना खतरनाक अंजाम होता है, इसका उदाहरण रविवार को फिर से दुनिया ने देख लिया। इजरायल और ईरान के बीच पिछले 10 दिनों से चल रहे युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा। ईरान के फोर्डो, नतांज और एस्पहान इन तीन परमाणु संयंत्रों पर अमेरिकी बमवर्षक विमानों ने बम गिराए और वापस लौट गए। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस से राष्ट्र को संबोधित करते हुए इस अभियान को एक 'शानदार सफलता' बताया। साथ ही उम्मीद जताई कि उनका यह कदम एक स्थायी शांति का रास्ता खोलेगा, जिसमें ईरान के पास परमाणु शक्ति बनने की संभावना नहीं रहेगी।

अभी गुरुवार तक ट्रंप कह रहे थे कि वो दो हफ्ते तक विचार करेंगे, इसके बाद कोई फैसला लेंगे। इससे पहले कनाडा से लौट कर ट्रंप ने ईरान को बिना शर्त समर्पण करने कहा था। ट्रंप को लगा होगा कि ऐसी घुड़की काम कर जाएगी, लेकिन ईरान की तरफ से सुप्रीम नेता अयातुल्लाह अली खामनेई ने भी बता दिया कि ईरान सरेंडर करने वाली कौम नहीं है। खामनेई ने यह भी कहा कि मुझे मारकर भी अमेरिका को कुछ हासिल नहीं होगा, क्योंकि ये युद्ध ईरान की सेना, उसके युवा लड़ रहे हैं। खामनेई को ऐसा वक्तव्य शायद इसलिए देना पड़ा क्योंकि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुलेआम उन्हें मारने की धमकी दी। दुनिया में बहुत से बड़े युद्ध हुए हैं, लेकिन किसी देश के नेता ने दुश्मन देश के नेता की हत्या की धमकी दी हो, इसके उदाहरण कम हैं। युद्ध में एक देश, दूसरे देश को मात देने की बात करता है, गुंडों की तरह हत्या की नहीं। मगर अमेरिका और इजरायल ये दोनों इस समय पूरे दुनिया में अपनी गुंडागर्दी चलाते दिख रहे हैं और इनकी वजह से फिर विश्व युद्ध का खतरा खड़ा हो गया है।

विडंबना ये है कि ट्रंप और नेतन्याहू कहते हैं कि शक्ति से ही शांति आएगी। यानी अब विश्वशांति की परिभाषा भी इनके हिसाब से लिखी जाए, ऐसा माहौल बनाया जा रहा है। इसके बाद अगर ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार मिल भी जाए, तो क्या आश्चर्य। जब शांति के तकाजे बदल रहे हैं तो फिर गुंडों को ही रक्षक और शांतिदूत माना जाएगा।

दुख की बात ये है कि इस पूरे प्रकरण में भारत की भूमिका दुनिया की निगाह में संदिग्ध हो रही है। नरेन्द्र मोदी से पहले किसी प्रधानमंत्री ने अमेरिका या इजरायल के खिलाफ इस तरह की असमर्थता नहीं दिखाई कि उनके गलत फैसलों पर कुछ न बोलें, पीड़ितों के साथ खड़े न हों। शनिवार को कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने मोदी सरकार को आगाह किया था कि अब भी देर नहीं हुई है, इजरायल के खिलाफ आवाज उठाना चाहिए। वहीं रविवार को फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि आज ईरान की बारी है, कल हमारी होगी। लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक प्रधानमंत्री का कोई आधिकारिक बयान इस पर नहीं आया है। जबकि भारत स्थित ईरानी दूतावास और इजरायली दूतावास अपने-अपने देशों का पक्ष रख रहे है। ट्रंप को नोबेल पुरस्कार देने की सिफारिश करने वाला पाकिस्तान भी अमेरिका के हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए उसकी निंदा कर रहा है, लेकिन हमारा नेतृत्व अभूतपूर्व तरीके से चुप है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी फैसले से संघर्ष बढ़ने पर 'अराजकता का सिलसिला' शुरू हो सकता है क्योंकि मध्य पूर्व पहले से ही 'तनाव की स्थिति' में है। लेकिन ट्रंप की धमकी है कि जरूरत पड़ी तो इस तरह के हमले और किए जाएंगे। दरअसल इस हमले के बाद भी ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें दागी हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए ने बताया है कि ईरान के तीन परमाणु ठिकानों, जिनमें फोर्डो भी शामिल है, पर हुए हमलों के बाद अभी तक वहां के आसपास के इलाके में रेडिएशन बढ़ने की कोई खबर नहीं है। इसका मतलब ये है कि अमेरिका जो नुकसान पहुंचाना चाहता था, वह ईरान को नहीं पहुंचा है। तो अब सवाल है कि क्या अमेरिका फिर से कोई नया हमला करेगा। हालांकि अब ट्रंप अपनी मनमानी जारी रख पाएंगे, इसमें संदेह है क्योंकि अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी के बिना किया गया हमला अब ट्रंप को भारी पड़ सकता है।

ट्रंप को उम्मीद है कि अमेरिकी हमलों से ईरान बातचीत की मेज पर ज्यादा रियायतें देने को मजबूर होगा। लेकिन ऐसा लगता नहीं कि अब ईरान अमेरिका से बातचीत को तैयार होगा। वैसे ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में कोई नया युद्ध शुरू न करने पर गर्व किया था और इस बार चुनाव प्रचार में ट्रंप ने उन पूर्व राष्ट्रपतियों की आलोचना की, जिन्होंने अमेरिका को विदेशी युद्धों में झोंक दिया। बराक ओबामा के लिए उन्होंने कहा था कि बातचीत से मुद्दों को सुलझाने का कौशल उनमें नहीं है, इसलिए अमेरिका को युद्ध में झोंक दिया। अब ट्रंप क्या खुद के लिए ऐसा कह पाएंगे।

अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश माना जाता है, क्योंकि उसके पास परमाणु हथियारों के बड़े जखीरे के अलावा दुनिया के तमाम शक्तिशाली हथियार और सैन्य उपकरण हैं। अमेरिकी जनता के टैक्स का बड़ा हिस्सा सैन्य संसाधन पर खर्च होता है। यह सब अमेरिका इसलिए करता है ताकि दुनिया पर उसका दबदबा बना रह सके। जिन देशों के पास प्राकृतिक संसाधन हैं, लेकिन वे आर्थिक या सैन्य शक्ति संपन्न नहीं हैं, उन्हें अपने चंगुल में फंसा कर मुनाफा कमाना पूंजीवादी अमेरिका को बहुत अच्छे से आता है। अमेरिका की सत्ता की डोर सीधे-सीधे बड़े कारोबारियों, हथियारों के व्यापारियों के हाथ में है। इसलिए ट्रंप को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में अपनी सेना के साथ, सेना के साजो सामान की भी तारीफ करनी पड़ी। यानी युद्ध का मामला विशुद्ध व्यापारिक है, यह जाहिर हो चुका है। मगर इस बार ईरान पर वार कर ट्रंप ने अपनी सत्ता दांव पर लगा दी है।

# ईरान पर हमला करके ट्रंप पूरी दुनिया को धमका रहे हैं

यह दुनिया ऐसे ही चलती है। ताकतवर की दुनिया। 12 हजार किलोमीटर दूर ईरान पर हमला करके अमेरिका कहता है अब शांति होगी। अगर दुनिया खामोश रही तो वह गाजा के बाद ईरान में भी मौत की शांति पैदा कर देगा।

ईरान पर पहले इजराइल ने हमला किया। और जवाब देने को जुर्रत (दुस्साहस) मानते हुए फिर अमेरिका ने। इस धमकी के साथ कि तबाह कर देगा अगर समर्पण नहीं किया तो। संयुक्त राष्ट्र ने बड़े कड़े शब्दों में विरोध किया। अमेरिकी हमले की निंदा की। मगर वह तो गाजा पर इजरायली हमले को भी की थी। हमले रोकना तो दूर वहां इजराइल ने भयंकर नरसंहार किया। 50 हजार से ज्यादा तो केवल बच्चों और महिलाओं को मारा है। कुल मरने वालों की तादाद 60 हजार से ऊपर है।

संयुक्त राष्ट्र के कहने से कुछ नहीं हो रहा। जिस विश्व शांति के लिए इसका गठन हुआ था सैकंड वर्ल्ड वार के बाद वह अर्थहीन हो गया। अमेरिका और इजराइल ने दुनिया को फिर एक बड़े युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया। भारत पहले ऐसे में उपयोगी भूमिका निभाता था। मगर बेवजह खुद को विश्व गुरु, विश्व गुरु कहकर हमारे प्रधानमंत्री ने अपनी व्यक्तिगत छवि कितनी उभारी पता नहीं मगर देश की छवि वह 2014 से पहले सम्मान वाली नहीं रहने दी।

अब सबकी नजर चीन और रूस पर है। यह दोनों महाशक्तियां चाहें तो अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हो रहे हमलों को रुकवा सकते हैं। मगर आप अगर पिछले दो सालों को देखें तो इन दोनों ने कोई बड़ा कदम नहीं उठाया है। मूल मुद्दा गाजा में नरसंहार रोकने का था। वहां के बच्चों और नागरिकों के दवा, दूध, खाने पर इजराइल द्वारा लगाई गई बंदियों को हटाने का था। मगर यह मानवीय मदद भी कोई नहीं कर पाया।

असली सवाल फिलिस्तीन के स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व का तो बहुत पीछे चला गया। दो साल में इजराइल ने ऐसा जुल्म ढाया कि आज सबसे पहले सब यही मांग कर रहे हैं कि बच्चों को दूध दवाएं मिल सकें। अस्पतालों और नागरिकों पर हमले बंद हों। मगर यह करने के बदले इजराइल ने सीधे ईरान पर हमला करके इशु डाइवर्ट कर दिया। आज फिलिस्तीन, गजा का नरसंहार पृष्ठभूमि में चला गया। सबसे बड़ा सवाल यह आ गया कि अमेरिका के युद्ध में कूद जाने के बाद दुनिया किसी बड़े खतरे की तरफ न बढ़ जाए।

अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला करके परमाणु रिसाव और परमाणु युद्ध के खतरों को बढ़ावा दे दिया। ईरान ने अमेरिका के हमले के बाद अपने पलटवार और तेज कर दिए हैं। इजराइल पर मिसाइल हमले तो तेज किए ही अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी हमला करने की घोषणा की है।



शकील अख्तर

**अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला करके परमाणु रिसाव और परमाणु युद्ध के खतरों को बढ़ावा दे दिया। ईरान ने अमेरिका के हमले के बाद अपने पलटवार और तेज कर दिए हैं। इजराइल पर मिसाइल हमले तो तेज किए ही अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी हमला करने की घोषणा की है। ईरान पिछले दस दिन में अपनी ताकत से ज्यादा लड़ा।**

ईरान पिछले दस दिन में अपनी ताकत से ज्यादा लड़ा। इसके पीछे इतना समर्थन इसीलिए है। इजराइल को पहली बार अपने घर में हमलों का स्वाद चखना पड़ा। वह कह रहा कि उसके नागरिकों पर हमले हुए, अस्पताल पर हुए। लेकिन वह यह भूल गया कि उसने गाजा में कितने अस्पतालों पर बम गिराए। मासूम बच्चों तक की हत्या की। लेकिन उस समय उसे युद्ध के नियम याद नहीं आए। आज कह रहा है कि अन्तरराष्ट्रीय समुदाय को देखना चाहिए कि हमारे नागरिक क्षेत्रों पर कैसे हमले हो रहे हैं।

युद्ध में सेना सेना से लड़ती है। नागरिकों से नहीं। हमारी सेना ने जब पाकिस्तान की आतंकवादी हरकतों का जवाब दिया तो उसने केवल वहां के आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया। सैन्य ठिकानों को भी नहीं, नागरिक क्षेत्रों का तो सवाल ही नहीं उठता। मगर पाकिस्तान ने जवाब में पुंछ में हमारे नागरिक क्षेत्रों के साथ धार्मिक स्थानों पर भी हमला किया। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वहां जाकर गुरुद्वारों, मंदिर, मदरसों में पाकिस्तान द्वारा की गई गोलाबारी को खुद आंखों से जाकर देखा। गोलाबारी से मारे गए लोगों के परिवारों से मिले उन्हें सांत्वना दी। प्रधानमंत्री मोदी को भी जाना चाहिए था। वे नहीं गए।

तो हमला नागरिकों पर नहीं होता है। मगर इजराइल ने पहले गाजा में फिर ईरान में किया। इजरायल, पाकिस्तान दोनों का अपराध एक जैसा है। मौसेरे भाई। और अमेरिका इन दोनों का सरपरस्त। इन दोनों के पास परमाणु हथियार हैं। और दोनों ही भरोसेमंद नहीं। मगर इनसे कभी कुछ नहीं कहता। लेकिन ईरान से कहता है कि तुम परमाणु हथियार बना रहे हो इसलिए तुम पर हमला किया। दोहरे मापदंड। हर लड़ाई उसने ऐसे ही लड़ी है। कोरिया में, वियतनाम में, इराक में अफगानिस्तान में। लंबी लिस्ट है और ज्यादातर में उसने मुंह की खाई है। इस बार ईरान में भी उसके लिए स्थिति साजगार नहीं हैं।

अमेरिका ने सोचा था इजराइल के हमले से ही डर कर ईरान हथियार डाल देगा। मगर उसने इजराइल को कड़ा जवाब दिया। और अमेरिका के हमले के बाद इजराइल पर और मिसाइलें मार रहा है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि अमेरिका के मुकाबले ईरान के पास हथियार और दूसरे साजो सामान नहीं है। मगर हौसले से उसने जो लड़ाई लड़ी उसकी वजह से उसे भारी नैतिक समर्थन मिल रहा है।

हालांकि यह सच्चाई है कि आज की लड़ाई जमीन पर नहीं आसमान में हो रही है और वहां आधुनिक तकनीक और विज्ञान ही सब कुछ है। अभी भारत-पाक संघर्ष से पहले किसने सोचा था कि लड़ाइयां ऐसी होंगी। पैदल सेना कहीं होगी ही नहीं। मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल पहली बार इसी में देखा गया। रूस और यूक्रेन के युद्ध में भी यही हो रहा था। अब इजराइल ईरान और फिर अमेरिका ईरान युद्ध ने बता दिया कि भविष्य के युद्ध इंसान की शारीरिक शक्ति से नहीं दिमागी शक्ति से ही लड़े जाएंगे।

दूसरी एक बात यह भी साफ हो गई कि कागजी संगठन वास्तविक समस्या में कोई मदद नहीं करते। 57 इस्लामिक देशों का संगठन है इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईएस)। जो घोषित तौर पर कहता है मुस्लिम देशों की आवाज। मगर न वह गाजा पर इजराइल के अमानवीय अत्याचारों पर कुछ कर पाया और न ईरान पर इजराइल और फिर अमेरिका के हमले के बाद।

याद सब रूस और चीन को कर रहे हैं कि उनका रिएक्शन क्या होता है? वह किस तरह अमेरिका की दादागिरी के खिलाफ खड़े होते हैं। इस्लामिक देशों में तो पाकिस्तान ने अपने एयरबेस अमेरिका को ईरान पर हमला करने के लिए दे दिए। सऊदी अरब न गाजा के मामले में कुछ बोला न इजराइल के ईरान के हमले पर। बाकी भी सभी बड़े देश या तो तटस्थ हैं या अमेरिका के साथ। और अमेरिका के साथ क्या, इजराइल के ईरान पर हमले को दस दिन से ज्यादा हो गए मगर किसी मुस्लिम देश ने खुल कर ईरान का साथ नहीं दिया। उल्टे इजराइल जो मिसाइलें ईरान पर गिरा रहा है वह ईराक, सीरिया, जार्डन लेबनान की वायुसीमा से होती हुई जाती हैं। इन्होंने अपना वायुमार्ग इजराइल के लिए बंद नहीं किया।

तो ईरान का मामला अब किस दिशा में जाता है देखना होगा। रूस और चीन बड़े देश हैं। उनका कोई भी रुख हो उनके अस्तित्व पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। मगर इस्लामिक देशों के लिए एक बड़ा सबक है। देखना है वे इसे कैसे समझते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)

# गांधीजी की दृष्टि और पश्चिम एशिया का संकट?

■ अरुण कुमार डनायक

फिलिस्तीन का मुद्दा धर्म, भूमि और पहचान से जुड़ा सौ साल पुराना मुद्दा है। इज़राइल-ईरान तनाव के साथ यह वैश्विक चिंता का विषय बन गया है, जिसके अमेरिका, रूस और चीन जैसी शक्तियों की भागीदारी से महायुद्ध में बदलने की आशंका है। यह संकट वैश्विक व्यवस्था, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को चुनौती देता है। इसका समाधान युद्ध नहीं, बल्कि संवाद, सहयोग और गांधीवादी अहिंसा में निहित है।

दक्षिण अफ्रीका में रहते हुए गांधीजी के हर्मन कैलनबैक, हेनरी पोलक और जोसेफ रॉयड्स जैसे अनेक यहूदियों से मैत्रीपूर्ण संबंध बने थे। गांधीजी ने 'हरिजन' में 26 नवंबर 1938 को यहूदियों की समस्या पर लिखते हुए स्पष्ट किया था कि वे यहूदियों के साथ हो रहे अन्याय को गहराई से समझते हैं। उन्होंने कहा था, 'यहूदियों को अपने अधिकार के लिए हिटलर के खिलाफ संघर्ष अवश्य करना चाहिए, लेकिन अहिंसा के रास्ते पर चलकर।'

गांधीजी चाहते थे कि यहूदियों के साथ उसी भूमि पर न्यायसंगत व्यवहार हो, जहां वे जन्मे, पले और विकसित हुए हैं। गांधीजी मानते थे कि यहूदियों का फिलिस्तीन पर दावा नैतिक रूप से उचित नहीं, क्योंकि यह भूमि अरबों की है। यहूदियों की वापसी ऐतिहासिक गलतियों के आधार पर न्यायसंगत नहीं कही जा सकती। उन्होंने यह भी जोड़ा कि बाइबल या धर्मशास्त्रों के आधार पर किसी भूमि पर दावा करना आधुनिक राजनीति में उचित नहीं है।

यह वक्तव्य गांधीजी की उस मूल सोच को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें वे धर्म या इतिहास के आधार पर भूमि के स्वामित्व को अस्वीकार करते हैं। उन्होंने अरबों के अधिकार को प्राथमिकता दी और यहूदियों से आग्रह किया कि वे अरबों के साथ अहिंसा और सहयोग के आधार पर सह-अस्तित्व का मार्ग अपनाएं।

गांधीजी ने इज़राइल के गठन से पहले फिलिस्तीन में चल रहे यहूदी आतंकवाद की निंदा की थी, इसे नैतिक पतन बताया। उन्होंने कहा था कि हिंसा से प्रतिशोध न्याय नहीं होता और आतंकवाद किसी धर्म या उद्देश्य को पवित्र नहीं करता। वे मानते थे कि यहूदियों को केवल उसी पर संतोष करना चाहिए जिसे वे अपने ईश्वर यहोवा से विरासत में प्राप्त मानते हैं। उन्हें अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए न तो ब्रिटिश सत्ता पर निर्भर रहना चाहिए, न ही अमेरिकी समर्थन की आस रखनी चाहिए।

गांधीजी के अनुसार, न्याय का मार्ग आत्मनिर्भरता, नैतिक बल और आपसी सौहार्द के आधार पर ही टिकाऊ हो सकता है। गांधीजी ने अरबों को यह संदेश दिया था कि वे धैर्य, संयम और अहिंसा का मार्ग न छोड़ें। उन्होंने अरबों से आग्रह किया था कि यहूदियों से उनका विरोध अस्मिता के आधार पर हो, घृणा के आधार पर नहीं। यह एक संतुलित दृष्टिकोण था, जिसमें संघर्ष का समाधान नैतिक आधार पर खोजा गया।

गांधीजी ने ईरान को भारत का आत्मीय व सांस्कृतिक मित्र माना था और दोनों देशों के संबंधों को सांस्कृतिक व आध्यात्मिक आधार पर परिभाषित किया था। 'जेंद-अवेस्ता' (पारसी धर्म का प्रमुख ग्रंथ है जिसमें पारसी धर्म के संस्थापक पैगंबर जरथुस्त्र की शिक्षाओं और सिद्धांतों का संग्रह है) जैसे ग्रंथों में निहित समन्वय को वे सम्मान का प्रतीक मानते थे। जनवरी 1948 की एक प्रार्थना सभा में व्यक्त ये विचार प्रेम और भाईचारे को सच्चे धार्मिक मूल्य के रूप में प्रस्तुत करते हैं। गांधीजी का दृष्टिकोण भारत-ईरान संबंधों को शांति और सहयोग के आधार पर मजबूत करने की प्रेरणा देता है। वे पश्चिम एशिया के साथ भारत के संबंधों को महत्वपूर्ण मानते थे और इसे एशियाई एकता के प्रतीक के रूप में देखते थे।

वर्ष 2024 में इज़राइल के लेबनान और गाजा में हवाई हमले और ईरान के प्रॉक्सी संगठनों (जैसे हिजबुल्लाह) के जवाबी हमलों ने तनाव बढ़ाया है। साइबर युद्ध और सामरिक धमकियां क्षेत्र को अस्थिर कर रही हैं। इज़राइल का यहूदी राष्ट्रवाद, सुरक्षा के नाम पर सैन्य कार्रवाइयां और ईरान की धार्मिक कट्टरता व प्रॉक्सी युद्ध गांधीजी की संवाद, सह-अस्तित्व और सत्याग्रह की नैतिक दृष्टि के विपरीत हैं। इस संघर्ष में मानवीयता को सबसे अधिक क्षति पहुंच रही है।

गांधीजी की सोच के आलोक में इज़राइल-फिलिस्तीन और इज़राइल-ईरान संघर्ष का दीर्घकालिक समाधान इन सिद्धांतों में निहित है—साझा सह-अस्तित्व की भावना, जहां यहूदी, अरब और फारसी समुदाय साझा इतिहास व संस्कृति को अपनाएं; युद्धोन्माद के बजाय अहिंसक संवाद और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता को प्राथमिकता दी जाए; तथा धर्म और राष्ट्रवाद से ऊपर उठकर मानवीय सहिष्णुता और करुणा को पुनर्स्थापित किया जाए।

**गांधीजी की सोच के आलोक में इज़राइल-फिलिस्तीन और इज़राइल-ईरान संघर्ष का दीर्घकालिक समाधान इन सिद्धांतों में निहित है—साझा सह-अस्तित्व की भावना, जहां यहूदी, अरब और फारसी समुदाय साझा इतिहास व संस्कृति को अपनाएं; युद्धोन्माद के बजाय अहिंसक संवाद और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता को प्राथमिकता दी जाए; तथा धर्म और राष्ट्रवाद से ऊपर उठकर मानवीय सहिष्णुता और करुणा को पुनर्स्थापित किया जाए।**

भारत, जो बुद्ध और गांधी की धरती है और आज एक उदीयमान वैश्विक शक्ति है, उसकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह इज़राइल-फिलिस्तीन और इज़राइल-ईरान जैसे संघर्षों में शांतिपूर्ण समाधान का मार्ग प्रशस्त करे। इन जटिल मुद्दों को केवल सामरिक या धार्मिक चश्मे से देखना एक सीमित दृष्टिकोण है। भारत को चाहिए कि वह मध्यपूर्व के देशों के बीच संवाद, न्याय और अहिंसा का सेतु बने।

विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या और लोकतंत्र के रूप में ख्यात भारत की जिम्मेदारी बनती है कि वह 'संयुक्त राष्ट्र संघ,' 'ब्रिक्स,' 'जी-7' व 'जी-20,' 'शंघाई सहयोग संगठन' जैसे मंचों पर हथियारों की होड़ और सैन्य आक्रामकता का स्पष्ट विरोध करे। हाल के वर्षों में भारत की कुछ महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मतदान से अनुपस्थिति उसकी नैतिक और लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं कही जा सकती।

भारत को तटस्थता से ऊपर उठकर शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, संवाद और न्याय के पक्ष में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। भारत को चाहिए कि वह केवल रणनीतिक संतुलन बनाए रखने तक सीमित न रहे, बल्कि संवाद, न्याय और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पक्ष में स्पष्ट व सक्रिय भूमिका निभाए—ताकि वह केवल एक क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि वैश्विक नैतिक नेतृत्व का प्रतीक बन सके।

भारत और ईरान के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध गांधीजी के विचारों से प्रेरित रहे हैं। ऐसे में भारत का कर्तव्य है कि वह ईरान को अलग-थलग करने के प्रयासों में भागीदार बनने के बजाय उसे संवाद और सहयोग की प्रक्रिया में सहभागी बनाए। महात्मा गांधी हमें एक व्यापक नैतिक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं, जिसमें सत्य, अहिंसा, समता और सह-अस्तित्व जैसे मूल्यों के आधार पर समाधान की तलाश की जाती है। आज का विश्व यदि गांधीजी के उस नैतिक चश्मे से इन समस्याओं को देख सके, तो न केवल फिलिस्तीन बल्कि पूरा पश्चिम एशिया एक बार फिर शांति, सहयोग और मानवता की राह पर लौट सकता है।

(लेखक व सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)

## आपके पत्र

### इजरायल-ईरान युद्ध में अमेरिका का दखल ईरान के फोर्दो, नतांज और इस्फ़हान में हमला

ईरान-इजरायल और अमेरिका के ट्रायंगल ने नया मोड़ ले लिया है। इजरायल-ईरान युद्ध के तनाव को अमेरिका की एंट्री ने और बढ़ा दिया है। इजरायल ईरान के भीषण युद्ध में जहां इसराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान सहित ईरान के सत्ता प्रमुख अयातुल्लाह खेमनेई को खत्म करने की ठान ली है। वहीं ईरान ने जवाबी हमले में तेल अबीब के रिहा और तेल के ठिकानों सहित स्टॉक एक्सचेंज, अस्पताल सहित अनेक नागरिक केंद्रों को बर्बाद कर दिया है। ईरान की टारगेटेड मिसाइल को इजरायल रोक पाने में असफल रहा है। वैसे अब इजरायल के पास ईरान को रोकने के लिए उतने अस्त्र-शस्त्र शेष नहीं बचे क्योंकि विगत एक साल से ज्यादा उसकी लड़ाई हमास, हिजबुल और हूती विद्रोहियों के साथ गत पट्टी तथा फिलिस्तीन पर चल रही है। अब इजरायल में वह दम-खम नहीं रहा जिसके लिए वह जाना जाता है। जबकि ईरान के पास अभी सैकड़ों मिसाइल्स का भंडार बचा हुआ है जिसके दम पर वह इजरायल के शहरों में ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। इजरायल ने इन परिस्थितियों में अमेरिका से ईरान पर हमले की गुजारिश भी की थी, और अमेरिका ने बीती रात अपने सबसे खतरनाक एयर स्ट्राइकर से ईरानी परमाणु ईंधन केंद्रों जिनमें प्रमुख फोर्दो, नतांज और इस्फ़हान हैं जिनके गहरे बंकरों में वह परमाणु ईंधन छुपा कर रखता है पर हमला कर दिया है। समाचार एजेंसी के अनुसार इनमें एक फोर्दो सबसे बड़ा परमाणु ईंधन भंडारण जो पूरी तरह तबाह हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले की पुष्टि भी कर दी है उन्होंने अपने मीडिया हैंडल में लिखा है कि हमने इन तीन परमाणु भंडारण केंद्र में हमले कर उसे तबाह करने की कोशिश की है और हमारे दोनों फाइटर प्लेन सुरक्षित वापस अमेरिका आ चुके हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि हमले हो सकते हैं इसराइल के प्रधानमंत्री ने कहा कि शांति का रास्ता हमले से होकर जाता है। हीरा की सदृढ़ प्रमुख ने इसके जवाब में कहा है कि हमले रुकेंगे नहीं और अब शांति प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि मिडिल ईस्ट में इजरायल के अलावा किसी के पास परमाणु बम नहीं है। वैसे तो घोषित तौर पर इजरायल के पास भी परमाणु बम नहीं है पर रक्षा विशेषज्ञ बताते हैं कि इजरायल ने परमाणु बम बना लिया है एवं वह इस दुनिया के सामने इसकी घोषणा नहीं करता है। इन परिस्थितियों में ईरान अमेरिका तथा इजरायल के सामने अलग-थलग पड़ गया है। इसका एक बड़ा कारण मिडिल ईस्ट में शिया तथा सुन्नी समुदाय का आंतरिक विरोध भी है।

इन परिस्थितियों के परिणामस्वरूप यदि ईरान इजरायल पर हमले जारी रखता है तो इजरायल, अमेरिका, यूरोपीय देश और नाटो संगठन ईरान के विरुद्ध हमले करने से पीछे नहीं हटेंगे जो किसी भी विश्व युद्ध से कम नहीं होगा। इजरायल ईरान और अमेरिका के युद्ध में मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण भारत के लिए एक कठिन परीक्षा की घड़ी होगी। भारत के संबंध ईरान से बहुत पुराने हैं और वह ईरान से क्रूड ऑयल भी आयात करता है दूसरी तरफ भारत के इजरायल से बड़े अच्छे मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं अब भारत को किसी एक देश को समर्थन देना राजनीतिक तौर पर बहुत कठिन एवं असमंजस वाला होगा। दोनों के बीच युद्ध और बढ़ता है तो मिडिल ईस्ट में बड़ी संख्या में रहने वाले भारतीय प्रवासियों तथा ईरान से आने वाले क्रूड ऑयल के मार्ग पर भी बाधा उत्पन्न हो सकती है जिससे पेट्रोल-डीजल भारत में महंगे होकर इस महंगाई और बढ़ सकती है। इसका असर देश की आवश्यक वस्तुओं पर भी पड़ सकते हैं। इसलिए बेहतर यह होगा कि भारत इजरायल-ईरान युद्ध विराम के प्रयासों को बढ़-चढ़कर समर्थन प्रदान करे।

—संजीव ठाकुर



## ललित सुरजन की कलम से

### कविता: अमेरिका को फिर अमेरिका बनने दो

*- लैंग्स्टन ह्यूज़*
*(1902-1967)*
*विख्यात अफ्रीकी-अमेरिकी कवि*

*ओह! अमेरिका को फिर बनने दो*
*अमेरिका*
*वह धरती जो अभी तक*
*बन नहीं पाई है,*
*लेकिन जिसे बनना ही चाहिए- वह*
*धरती*
*जहाँ हर मनुष्य हो स्वाधीन*
*वह धरती जो मेरी हो*
*गरीब की, आदिवासी की, नीग्रो की*
*हाँ, वह धरती हो मेरी,*
*मैं, जिसने बनाया अमेरिका,*
*बनाया अमेरिका*
*जिसके स्वेद और लहू ने,*
*जिसके विश्वास और पीड़ा ने,*
*मशीन पर चले जिसके हाथ,*
*बरसात में चला जिसका हल,*
*वही लौटा कर लाएगा हमारा सुनहरा*
*स्वप्न।*
*मुझे परवाह नहीं, तुम मुझे गालियाँ*
*दो,*
*किसी भी भाषा में पुकारो,*
*स्वाधीनता की इस्पाती चादर पर*
*दाग नहीं पड़ेंगे,*
*हमारी ज़िंदगी को चूस लिया*
*जिन्होंने जोंक बन कर,*
*उनसे वापिस लेना ही है*
*हमें हमारी धरती*
*अमेरिका!*
*हाँ, सचमुच*
*मैं साफ़-साफ़ कहता हूँ,*
*अमेरिका मेरे लिए कभी*
*अमेरिका नहीं था,*
*लेकिन मैं शपथ लेता हूँ*
*अमेरिका होगा।*
*ख़ूनी गिरोहों के विध्वंस और*
*मौत के नाच के बावजूद,*
*बलात्कार, झूठ, कदाचार,*
*षड्यंत्र और रिश्वत की सड़न के बाद*
*भी,*
*हम, जो जन हैं, लौटा कर लाएंगे*
*धरती, खदान, वृक्ष, नदियाँ,*
*पहाड़ और अंतहीन मैदान और*
*हरियाली के सारे दृश्य*
*हाँ, वे सारे दृश्य*
*और अमेरिका को फिर बनाएंगे।*

रूपांतर- ललित सुरजन

https://lalitsurjan.blogspot.com/2020/11/blog-post.html

## गुरुवाणी विचार

### बिलावल महला 9

हरि के नाम बिना दुख पावै
भक्ति बिना सहसा नहीं चूके
गुरु के एह भेद बतावै (रहाओ
कहा भोग तीरथ बरत कीये, राग सरण नहां आवे
जोग जग निहफल तहि मानयो डो प्रभु जस विसरावै
मान मोह दोनों को परहरि, गोबिंद के गुण गावै
कहो नानक एह विध को प्राणी, जीवन मुक्त कहावै।

इस शब्द द्वारा नौवें नानक गुरु तेगबहादुर जी फरमा रहे हैं कि हमें हरि के नाम सिमरन बिना कभी सुख प्राप्त नहीं हो सकता। हमेशा दुखों की प्राप्ति होती रहेगी। हम चाहे कितने भी कर्मकांड करते रहें, तीर्थों में जाकर स्नान करते रहें सब व्यर्थ है अगर हमने परमात्म चिंतन नहीं किया। साध संगत में जाकर कथा कीर्तन श्रवण नहीं किया और उस पर अमल नहीं किया।

गुरवाणी में कहा गया है कि तुम्बी (सूखी लौकी) को पूरे तीर्थों में स्नान करा कर लाया जाए तो भी उसका कड़ुआपन खत्म नहीं होता। यथा-

लौकी अठसठ तीरथ नावै, कौड़ापन तोन जावै। एवं
हिरदे कपट मुख गियानी,
झूठे कहा बिलौवस पानी।

फिर गुरुदेव फरमा रहे हैं कि बिना हरि भजन के हमारी शंकाओं का समाधान नहीं हो सकता। यह गूढ़ रहस्य की बात है इसलिए हरि परमात्मा का सिमरन करते रहना चाहिए। अगर हम मन की बातों में ही चलते रहे तो फिर हमारा इस संसार समुद्र से पार उतरना असंभव है क्योंकि मन तो हर वक्त पांच बटमारों (काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार) के अधीन रहता है और यह बटमार उसे प्रभु सिमरन से हमेशा दूर करने में ही लगे रहते हैं और सांसारिक सुख-सुविधाओं में विषय विकारों में ही उसे लगाये रखते हैं। अतएव हमें मन के उलट काम करना पड़ेगा क्योंकि मन कभी नहीं चाहेगा कि अमृतवेले उठ कर स्नान ध्यान कर प्रभु सिमरन करूं। साध संगत में जाकर कीर्तन, कथा श्रवण करूं परन्तु हमें ये सब करना पड़ेगा क्योंकि बिन हरि भजन नहीं छुटकारा। हमें ऐसे भले लोगों की संगत करनी है जो फूल की तरह कांटों के बीच भी खिलकर भी प्रसन्न रहता है और मीठी सुगंधी प्रदान करता रहता है और टूटने के बाद भी श्रीहरि के चरणों में या किसी के गले का हार बन जाता है। हमें ज्ञानी लोगों की संगत करनी चाहिए जो अधिक पाकर भी कभी गर्व नहीं करते।

हमें हर वक्त यथा शक्ति दूसरों की भलाई ही करनी चाहिए। तीर्थों में स्नान करने, व्रत रखने से कुछ होने वाला नहीं है अगर हमने प्रभु चिंतन में मन नहीं लगाया तो हमारा तीरथ व्रत करना सब व्यर्थ है। गुरवाणी में कहा गया है कि अगर तीर्थ स्नान करने से मन का मैल उतर सकता तो पानी में रहने वाले मेंढक, मछली अन्य जीव जन्तुओं की मुक्ति हो जाती।

तीरथ नहाये न उतरस मैल,
करम धरम सब हउमैं फैल।

इसी प्रकार व्रत करते रहें, तपस्या में जुड़े रहें परन्तु मन सांसारिक चिंताओं में ही डूबा रहे तो भी हमें परमात्मा मिलने वाला नहीं है-
कहां भयो जो दोऊ लोचन मूंद के।
बैठ रहियो बक धियान लगाओ।।

इसलिए हर वक्त प्रभु कीरत का बखान करते रहो। हाथों से अपना सांसारिक काम करते रहो क्योंकि उदर पोषण के लिए भी जरूरी है परन्तु मन को प्रभु चरणों में हर वक्त लगाये रहो। झूठे सांसारिक मोहपाश में मत बंधे रहो।

-ईंदर सिंह आहूजा

उल्टा पुल्टा

मंगू (चंगु से)- तुझे पता है चीन की दीवार में ऐसा क्या खास है जिस कारण वह दुनिया के सात अजूबों में शामिल हैं?

चंगु- क्या ?

मंगू- क्योंकि चाइनीज द्वारा बनाई गई यह 'पहली और आखिरी' चीज है 'जो इतने दिनों तक टिकी हुई हैं।'

# सफाई कर्मी बनकर पहुंची पुलिस,लाखों का अवैध शराब जब्त,6महिला समेत 9 पकड़ाए

**बिलासपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 महिलाओं तथा 3 पुरुषों को गिरफ्तार कर उनके पास से लाखों की शराब ,उपकरण और बर्तन जब्त किया है। बड़ी मात्रा में शराब जब्त करने पुलिस को सफाई कर्मी बनना पड़ा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा चेतना विरुद्ध नशा तथा प्रहार अभियान के तहत में थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर जिले में हो रही अवैध शराब पर अंकूश लगाने एवं अवैध करोबार करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश के तहत क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब बिक्री के रोकथाम तथा आरोपियों के धरपकड़ हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक( ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा एवं एसडीओपी मस्तूरी लालचंद मोहल्ले के मार्ग दर्शन मिलने पर थाना प्रभारी पचपेड़ी श्रवण कुमार द्वारा टीम बनाकर कार्रवाई करते हुए राजकुमारी केंवट पति स्व. कुंवर सिंह केंवट उम्र 50 वर्ष साकिन पतईडीह थाना पचपेड़ी अवैध रूप से कच्ची महूवा शराब विक्री की सूचना पर छापा मारकर उसके कब्जे से विधिवत् 21.00 लीटर कच्ची महूवा शराब को जप्त कर आरोपिया राजकुमारी केंवट को गिरफ्तार किया गया। आरोपियो को न्यायालय में पेश किया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी श्रवण कुमार ,प्रधान आरक्षक हरेंद्र खुटे ,आरक्षक रेड्डी, महिला आरक्षक यशोदा का विशेष योगदान रहा। इसी तरह खांडा में रेड कार्यवाही कर अवैध कच्ची महुआ शराब का जखीरा जप्त किया गया।

## घेराबंदी कर अवैध शराब पर दबिश दी

छापामार कार्रवाई में 1040 लीटर



अवैध कच्ची महुआ शराब जिसकी कीमत करीब तीन लाख बारह हजार रूपये है, जप्त की गई ।गिरफ्तार 08 आरोपियो के विरुद्ध , 8 प्रकरण मे, धारा 34(2), 34(1)(च), आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने शराब बनाने का उपकरण एवं बर्तन को जप्त किया गया ।एक आरोपी से 32 पाव देशी प्लेन शराब जप्त किया गया।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 21.जून.को थाना सीपत को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम खांडा में कुछ लोग अवैध रूप से भठठी का कच्ची महुआ शराब बना रहे हैं। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह के निर्देशन एवं एडीशन एसपी ग्रामीण श्रीमती अर्चना झा ने स्वयं टीम का नेतृत्व करते हुए सीपत टीआई गोपाल सतपथी एवं सीपत थाना व अन्य थाना स्टाफ की पृथक पृथक सात टीम बनायी और खाड़ा के शातिर शराब कोचियों को पकड़ने के लिए अपनी पहचान छुपाने की मंशा से पुलिस टीम सफाईकर्मी बनकर तत्काल ग्राम खाडा के मोहल्ले में कई टीम बनाकर छापा मारा गया, जहां आरोपी गण द्वारा भट्टी में शराब बनाते रंगे हाथ पकड़े गए एवं बना हुआ शराब जिसे डंप कर रखा गया था जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी मीना बाई (150 लीटर), चांदनी सिदार (105 लीटर), परदेशी सिदार (175 लीटर), सुकृता गोंड (180 लीटर), वेदलाल गोंड (145 लीटर), रेशम बाई (155 लीटर), बेदमीत गोंड (130 लीटर), एवं वही जांजी के उत्तम भोई को भी देशी प्लेन शराब ले जाते (5.760 ली देशी प्लेन शराब) कुल 1040 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 3,12,000 रूपये एवं 5.760 लीटर देशी प्लेन शराब कीमती 2560 रू को जप्त किया जाकर सभी आरोपीयो के विरूद्व आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 34(1)(च) के तहत् कार्यवाही किया गया। आरोपीयो न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

उक्त कार्रवाई में निरीक्षक गोपाल सतपथी, सउनि सहेत्तर कुर्रे, कमलफूल साहू, धर्मेंद्र यादव, शिव सिंह बक्साल, प्र आर परमेश्वर सिंह, जयपाल बंजारे, प्रफुल्ल सिंह, आरक्षक प्रकाश जगत, ज्ञानेश्वर यादव, दीपक साहू, शरद साहू, अवधेश कश्यप, दिनेश पटेल, मोतीलाल पटेल, अजय भारद्वाज, सुभाष मरावी, शैलेंद्र कुर्रे, अमीर अंचल, नितिश कश्यप, म आरक्षक ज्योति जगत, प्रीतिदास, सहित बिलासपुर रक्षित केंद्र एवं अन्य थाना से पहुची महिला टीम ने पूरे उत्साह और मेहनत से उक्त कार्यवाही को सफल बनाया।

## गिरफ्तार आरोपी

मीना बाई सिदार पति कलीराम सिदार उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम खांड़ा, स्कूल पारा, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, छ0ग0। चांदनी सिदार पति गणेश सिदार उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम खांड़ा, स्कूल पारा, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, छ0ग0 । परदेशी सिदार पिता संतराम सिदार उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम खांड़ा, स्कूल पारा, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, छ0ग0 । श्रीमती सुकृता गोड़ पिता स्व. केजूराम गोड़ उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम खांड़ा, राईसमिल पारा, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, छ0ग0 । वेद लाल गोड़ पिता धनसिह गोड़ उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम खांड़ा, राईसमिल पारा, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, छ0ग0 । रेशम बाई सिदार पति मनोज सिदार उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम खांड़ा, बाजार पारा, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, छ0ग0 । बेदमति गोड़ पति स्व. मदन सिंह गोड़ उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम खांड़ा, राईसमिल पारा, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, छ0ग0 । उत्तम भोई पिता चोवा राम भोई उम्र 55 वर्ष साल निवासी जांजी, पेट्रोल पंप के पीछे, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, छ0ग0 ।

संपादकीय

# नियमित हो योगाभ्यास

*पिछले कुछ वर्षों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस दिन देश-दुनिया में व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से बड़ी तादाद में लोग योगाभ्यास करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर प्रारम्भ किये इस दिवस को मनाने की परम्परा लगभग एक दशक पुरानी हो चली है। हर राज्य में शासकीय स्तर पर भी यह दिवस मनाया जाता है। इसमें राज्य के मुख्यमंत्रियों से लेकर मंत्री, अफसर, पार्टी कार्यकर्ता-नेता, छात्र, युवा आदि सभी भाग लेते हैं।*

*इस साल भी यह दिवस शनिवार को राज्य भर में मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न परिसरों, प्रांगणों, सभागारों, खुले मैदानों, पार्क, बाग-बगीचों में लाखों की संख्या में लोग इकट्ठे हुए थे जिन्होंने या तो किसी योग गुरु के मार्गदर्शन में अथवा स्वतःस्फूर्त योगाभ्यास किया था। इस मौके पर हुए मुख्य अतिथियों के भाषणों में योग को स्वस्थ जीवन की कुंजी बतलाया गया जो है भी। निरोगी रहने की सैकड़ों साल पुरानी भारतीय परम्परा को लोकप्रिय बनाने का श्रेय तो पीएम को जाता है लेकिन यह पाया जाता है कि आज भी यह दैनिक जीवन का हिस्सा बहुत कम लोगों के लिये है। ज्यादातर लोग योग दिवस के ही अवसर पर यानी साल में एक ही दिन इसका अभ्यास करते हैं।*

*ऐसा इसलिये कहा जा सकता है क्योंकि जब इस दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास होता है तो साफ पता चलता है कि बहुत से लोग या तो केवल इसी दिन दिखावे के तौर पर कहें अथवा देखादेखी या दबाव में योग मुद्राएं करते हैं। यदि वे साल भर नियमित तौर पर करते रहते तो उन्हें योग करने में जो कठिनाई होती दिखती है वह न होती। बहुतों के शरीरों को देखकर भी इस बात का अंदाजा लग जाता है कि वे इसके आदी नहीं है। हालांकि ऐसे लोगों को चाहिये कि वे उतने ही आसन आदि करें जितना वे कर सकते हैं। शरीर को ऐसा कष्ट न दें जो वे सहन न कर सकें।*

*छत्तीसगढ़ सहित देश भर से इस मौके पर होने वाले सामूहिक योगासनों के आयोजनों को देखें तो इस बात की ज़रूरत महसूस होती है कि अधिकतम लोगों द्वारा अब तक इसे दैनंदिन का हिस्सा नहीं बनाया गया है। प्रदेश में बड़े पैमाने पर लोग अनियमित रक्तचाप, हृदय रोगों, मधुमेह, थायराइड जैसी तकलीफों को झेल रहे हैं। इतना ही नहीं, ऐसे मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। साफ है कि ऐसा इसीलिये है कि वे नियमित योगासनों, प्राणायाम आदि से अभी भी दूर ही हैं।*

*सरकार को चाहिये कि वर्ष में केवल एक दिन की बजाय इसे नियमित रूप से करने हेतु वह लोगों को प्रेरित करे। यह तभी सम्भव है जब सभी शहरों, कस्बों, गांवों में रोजाना योग करने के लिये सुविधाजनक स्थान उपलब्ध हों। समाज के प्रमुख लोग यदि नियमित योगाभ्यास करें तो अन्य प्रेरित होंगे।*

## सार-संक्षेप



### रीजन चेयरपर्सन लायन बी महेश की अध्यक्षता में संयुक्त प्री रीजन एवं जोन स्टाफ मीट व स्कूलिंग हुई

**बिलासपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। नए सत्र 2025 /26 के अंतर्गत लायंस क्लब इंटरनेशनल बिलासपुर रीजन 4 के रीजन चेयरपर्सन बी महेश ने संयुक्त रीजन जोन स्टाफ मीट एवं स्कूलिंग का आयोजन शहर के एक होटल में रखा जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता रीजन चेयरपर्सन बी महेश एवं होस्ट क्लब संकल्प के अध्यक्ष राजेश मिश्रा एवं प्रवीण खंडूजा ने की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ दिलीप भंडारी रहे। रीजन एडवाइजर नितिन सलूजा एवं रीजन ट्रेनर स्कूलिंग लायन आशीष अग्रवाल उपस्थित थे जोन चेयरपर्सन में जोन वन से श्वेता शास्त्री ,जोन 2 से जोन चेयरपर्सन सुषमा तिवारी, जोन 3 से जोन चेयरपर्सन डॉ आराधना दास रही रीजन सेक्रेटरी प्रशासनिक लायन अर्चना तिवारी एवं सर्विस सचिव अरविंद वर्मा ने अपने उद्बोधन में रीजन को सहयोग करने का आश्वासन दिया । मास्टर ऑफ सेरेमनी लायन रोशनी दीक्षित ने की कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में परमजीत सिंह सलूजा की भी उपस्थित रही जो की पूर्व रीजन चेयरपर्सन रह चुके हैं। रीजन फोर के अंतर्गत आने वाले सभी क्लब की पीएसटी उपस्थिति रही लायंस क्लब वसुंधरा, मिडटाउन, केयर, हेल्थ केयर, वरदान, लक्ष्य ,संकल्प, शक्ति, स्माइल, प्राइड ,कैपिटल, ज्योत्स्ना,मस्तूरी प्लैटिनम आदि सभी क्लब के पदाधिकारी में सुधा साव , कुसुम गोयल जी, आरती साहू, विनीता मिश्रा, सलमा बेगम, लव श्रीवास्तव, श्रद्धा खंडूजा ,लक्ष्मी एवं स्माइल क्लब से सचिव,व माइक्रो चेयरपर्सन सुरभि राजगीर , शक्ति क्लब से माइक्रो चेयरपर्सन श्रद्धा राव एवं रीजन चेयरपर्सन चंदा बंसल ने अपनी उपस्थिति दी । इसके साथ ही सभी पदाधिकारी ने आने वाले सत्र के लिए लायन नितिन सलूजा एवं लायन आशीष अग्रवाल के स्कूलिंग प्रोग्राम के अंतर्गत लायंस की महत्वपूर्ण जानकारी को बारीकी से समझा एवं अपने दायित्वों को निर्वहन करने का आश्वासन दिया। सभी के सहयोग से पूरी संयुक्त रीजन एवं जोन मीट हर्ष उल्लास के साथ सोहाद्रपूर्णढंग से संपन्न हुई। मंच आसीन पदाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

### हमारा स्वास्थ्य केवल हमारे शरीर तक सीमित नहीं है बल्कि पृथ्वी के स्वास्थ्य से भी जुड़ा है-बीके स्वाति

**बिलासपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में प्रोटोकॉल के अनुसार योग किया गया। इस उपलक्ष्य में सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने और लोगों को इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित करने का एक वैश्विक प्रयास है। योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम एक पृथ्वी – एक स्वास्थ्य रखी गई है। यह थीम केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर केंद्रित नहीं है बल्कि यह समग्र स्वास्थ्य के विचार को बढ़ावा देती है। योग व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।



## बिलासपुर से काचेगुडा के मध्य 4 फेरो के लिए स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**बिलासपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। रेल यात्रियो की सुविधा और यात्रियों की भीड़भाड़ को ध्यान मे रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा एक स्पेशल ट्रेन 08263/08264 बिलासपुर– काचेगुडा– बिलासपुर के मध्य 04 फेरो के लिए इस स्पेशल ट्रेन को चलाई जायेगी।

मंडल ने यह स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 23, 30 जून व 07 एवं 14 जुलाई को काचेगुडा के लिए रवाना होगी। इसी प्रकार काचेगुडा से दिनांक 24, जून के साथ 01 जुलाई, 08 एवं 15 जुलाई को बिलासपुर के लिए रवाना होगी। इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 05 सामान्य, 07 स्लीपर, 02 एसी थ्री, सहित कुल 16 कोच रहेगी। इस स्पेशल ट्रेन की विस्तृत समय–सारणी में बिलासपुर से गाड़ी संख्या 08263 बिलासपुर से 10.05 बजे रवाना होकर भाटापारा आगमन 10.43 बजे प्रस्थान 10.45 बजे, रायपुर आगमन 11.40 बजे प्रस्थान 11.45 बजे, दुर्ग आगमन 12.40 बजे प्रस्थान 12.45 बजे, राजनांदगाँव आगमन 13.09 बजे प्रस्थान 13.11 बजे, डोंगरगढ़ आगमन 13.34 बजे प्रस्थान 13.36 बजे, गोंदिया आगमन 14.35 बजे प्रस्थान 14.45 बजे, वड्सा आगमन 15.58 बजे प्रस्थान 16 बजे, चांदाफोर्ट आगमन 17.58 बजे प्रस्थान 18.00 बजे, बलहारशाह आगमन 18.45 बजे प्रस्थान 18.55 बजे, सिरपुर कागजनगर आगमन 19.43 बजे प्रस्थान 19.45 बजे, मंचिर्याल आगमन 20.23 बजे प्रस्थान 20.25 बजे, रामगुंडम आगमन 20.48 बजे प्रस्थान 20.50 बजे, काजीपेट जंक्शन आगमन 22.03 बजे प्रस्थान 22.05 बजे, चरलापल्ली आगमन 23.50 बजे प्रस्थान 23.55 बजे, मुजफ्फरपुर आगमन 00.38 बजे प्रस्थान 00.40 बजे, एवं काचेगुडा 01.30 बजे पहुँचेगी। इसी प्रकार काचेगुडा एवं बिलासपुर के मध्य चलने वाली गाड़ी की विस्तृत समय–सारणी में काचेगुडा से गाड़ी संख्या 08264 काचेगुडा से 04.30 बजे रवाना होकर मुजफ्फरपुर आगमन 04.43 बजे प्रस्थान 04.45 बजे, चरलापल्ली आगमन 05.28 बजे प्रस्थान 05.30 बजे, काजीपेट जंक्शन आगमन 07.08 बजे प्रस्थान 07.10 बजे, रामगुंडम आगमन 08.18 बजे प्रस्थान 08.20 बजे, मंचिर्याल आगमन 08.38 बजे प्रस्थान 08.40 बजे, सिरपुर कागजनगर 09.58 बजे प्रस्थान 10 बजे, बलहारशाह आगमन 11.45 बजे प्रस्थान 11.55 बजे, चांदाफोर्ट आगमन 12.15 बजे प्रस्थान 12.17 बजे, वड्सा आगमन 14.30 बजे प्रस्थान 14.35 बजे, गोंदिया आगमन 16.15 बजे प्रस्थान 16.25 बजे, डोंगरगढ़ आगमन 17.28 बजे प्रस्थान 17.30 बजे, राजनांदगाँव आगमन 18.05 बजे प्रस्थान 18.07 बजे, दुर्ग आगमन 18.50 बजे प्रस्थान 18.55 बजे, रायपुर आगमन 19.30 बजे प्रस्थान 19.35 बजे, भाटापारा आगमन 20.25 बजे प्रस्थान 20.27 बजे एवं बिलासपुर 21.35 बजे पहुंचेगी।



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आयोजित 51 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

**बिलासपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आयोजित 51 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह विगत दिवस 21 जून को गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मनोज गुरुमुखी मुख्य अतिथि के रूप में एवं उप महाप्रबंधक समीरकांत माथुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पहले 1 मई से 15 जून तक निर्धारित किया गया था, किंतु बच्चों के उत्साह और जोश को देखते हुए इसे एक सप्ताह बढ़ाकर 21 जून तक किया गया। इस शिविर में कुल 235 बच्चों ने सक्रिय सहभागिता की, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसमें क्रिकेट में 170, बॉक्सिंग में 40 तथा आर्चरी में 25 बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु रेलवे के वरिष्ठ प्रशिक्षकों के साथ–साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी खिलाड़ियों को कोच के रूप में नियुक्त किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को सभी आवश्यक खेल उपकरण, प्रशिक्षण किट एवं जर्सी भी उपलब्ध कराए गए। उल्लेखनीय है कि बच्चों ने गर्मी, उमस और बारिश के बावजूद 100 प्रतिशत उपस्थिति के साथ अपना समर्पण एवं अनुशासन दिखाया। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और स्पोर्ट्स स्टाफ को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनोज गुरुमुखी ने कहा कि बच्चों की ऊर्जा और अनुशासन सराहनीय है, और भविष्य में ये खिलाड़ी रेलवे एवं देश का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर आयोजकों ने जानकारी दी कि अगले वर्ष समर कैंप में और भी खेलों को शामिल करने तथा पूरे वर्ष भर प्रशिक्षण जारी रखने की योजना बनाई जा रही है। समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागी बच्चों, उनके अभिभावकों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सभी कर्मियों को इस शिविर को सफल हेतु धन्यवाद किया।




## अवैध रेत उत्खनन के विरुद्ध पुलिस का सघन अभियान

# 86 मामलों में कार्रवाई,5सौ टन रेत की जब्ती

### जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से अवैध रेत गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण

### वरिष्ठ अधिकारियों की प्रत्यक्ष निगरानी में चला समन्वित प्रभावी अभियान

**बिलासपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। राज्य शासन के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सघन और सुनियोजित कार्रवाई की गई है। बीते पाँच दिनों में जिले भर में कुल 86 मामलों में कार्रवाई की गई ।

31 प्रकरणों में भारतीय न्याय संहिता और खनिज अधिनियम की धाराओं के तहत आपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं शेष 55 मामलों में बीएनएसएस की धारा 106 के अंतर्गत जब्ती की कार्यवाही कर माइनिंग विभाग को प्रतिवेदन भेजा गया है, जिसकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर कार्यवाही की जाएगी।

इन प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4(1), 4(1)(क) एवं 21, और भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) तथा 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं। यह कार्रवाई माइनिंग विभाग द्वारा विभिन्न थानों में की गई है।

इस पूरे अभियान की गहन निगरानी स्वयं कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा की गई। वरिष्ठ अधिकारियों ने फील्ड से लगातार स्थिति की रिपोर्ट ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध खनन से जुड़े किसी भी व्यक्ति या नेटवर्क को बख्शा न जाए।

संयुक्त कार्रवाई में एसडीएम, एसडीओपी, सीएसपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं माइनिंग इंस्पेक्टर सहित विभागीय अमले ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कई स्थानों पर छापेमारी कर अवैध रेत का भंडारण और परिवहन कर रहे वाहनों को जब्त किया गया, जिनमें 46 ट्रैक्टर, 14 हाईवा सहित 2 जेसीबी और 1 चेन माउंटेड पोकलेन जैसे भारी वाहन सम्मिलित हैं। पूरी कार्यवाही में जब्त रेत की अनुमानित मात्रा लगभग 500 टन है।



इस कार्रवाई के पीछे प्रशासन की दोहरी प्राथमिकता थी, एक ओर राजस्व एवं खनिज संसाधनों की रक्षा और दूसरी ओर पर्यावरणीय असंतुलन को रोकना। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने स्पष्ट कहा कि बिलासपुर में अवैध रेत खनन अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई सतत रूप से जारी रहेगी और तकनीकी निगरानी भी लागू की जाएगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग माइनिंग और राजस्व विभाग के साथ समन्वय कर अवैध गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई कर रहा है। किसी भी दबाव या सिफारिश को दरकिनार करते हुए, दोषियों पर कानून के तहत सख्त एक्शन लिया जाएगा।

इस अभियान का जमीनी प्रभाव भी स्पष्ट रूप से देखा गया है पहले जहाँ खुलेआम रेत खनन और डंपिंग होती थी, अब वहां शांति है। अवैध रेत कारोबारियों में भय और चेतावनी का माहौल बना है। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है और प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने की बात कही है।

आगामी समय में प्रशासन द्वारा ड्रोन सर्वे जैसे उपायों के माध्यम से निगरानी को और सशक्त किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, आमजन से अपील की गई है कि वे किसी भी अवैध रेत गतिविधि की जानकारी प्रशासन को तुरंत उपलब्ध कराएं, आपकी जानकारी पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### कुसमुंडा स्टेडियम में लोगों ने किया योग



**कोरबा**-कुसमुंडा, 22 जून (देशबन्धु)। कोयला मंत्रालय, भारत सरकार और एसईसीएल मुख्यालय के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कुसमुंडा क्षेत्र के इंदिरा स्टेडियम में अत्यंत भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। महाप्रबंधक (कल्याण), एसईसीएल बिलासपुर और महाप्रबंधक, कुसमुंडा क्षेत्र के दिशा-निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 850 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी.के. जेना, महाप्रबंधक (खनन/पर्यावरण), मनोज उपाध्याय, महाप्रबंधक (एमएम), और एन. नागेश्वर राव, महाप्रबंधक (सतर्कता), एसईसीएल बिलासपुर रहे। आयोजन का नेतृत्व एस.टी. पाटिल, महाप्रबंधक, कुसमुंडा क्षेत्र ने किया। योग सत्र में एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के सभी विभाग प्रमुख, अधिकारी, विभिन्न समितियों के सदस्य, स्कूली शिक्षक, छात्र, यूनियन प्रतिनिधि, निजी कंपनियों के कर्मचारी, त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के जवान, महिलाएं, गणमान्य नागरिक और बच्चे शामिल हुए।

### योग दिवस पर किया विभिन्न योगाभ्यास

**कोरबा**, 22 जून (देशबन्धु)। विश्व योग दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित किए। संयंत्र परिसर एवं समुदाय में स्वास्थ्य और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने हेतु आयोजित योगाभ्यास शिविर में लगभग 750 लोगों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम संयंत्र के साथ ही सहयोगी संस्था सीड्स, श्रोत और वायफ के साथ मिलकर स्थानीय स्कूलों, नंदघरों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में आयोजित किए गए।



### 16 टीमें शामिल हुईं क्रिकेट टूर्नामेंट में



**कोरबा**, 22 जून (देशबन्धु)। व्हीजीएस क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 प्रथम वर्ष का आयोजन विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा पूर्व के खेल प्रांगण मे किया गया जिसमें कोरबा जिले की कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच बेद इलेवन एवं एंग्लाई इलेवन के मध्य खेला गया। बेद इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 125 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करते हुए एंग्लाई इलेवन की टीम 96 रन ही बना सकी। बेद इलेवन ने 33 रनों से खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच बहल रहे जिन्होंने बल्लेबाजी में 18 गेंद में 34 रनों की पारी खेली तथा तीन विकेट भी अपने नाम किया। प्रतियोगिता में बेस्ट बैट्समैन मसूद अहसन, बेस्ट बॉलर पंकज, बेस्ट फील्डर अशरफ खान को दिया गया तथा मैन ऑफ द मैच सीरीज बहल रहे। प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि संतोष राठौर पूर्व सभापति, विशिष्ट अतिथि हेमंत देवांगन की उपस्थिति में संपन्न कराया। सोमनाथ डहरे, अभय मिंज, आकाश अग्रवाल, छत्रपाल कंवर, बी.एल. पांडेय, अशरफ खान, अहसन अली, वेदव्रत शर्मा, रवि, पप्पू, नरेंद्र, टेकराम, नितिन, असलम अली, इनायत अली, लियाकत अली, अनवर अली एवं अन्य समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### भाजपाई 16वें दिन कुसमुंडा सड़क को लेकर करेंगे आंदोलन

**कोरबा**, 22 जून (देशबन्धु)। कुसमुंडा क्षेत्र में थाना से भुट्टा चौक होते हुए इमलीछापर चौक की सड़क बर्बाद है। इससे लोग मुश्किल में है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसी मुद्दे को लेकर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल से भेंट की। सड़क की बेहतरी के लिए उन्हें ज्ञापन दिया गया। विधायक ने आश्वस्त किया कि जल्द ही इस दिशा में कार्य कराया जाएगा ताकि जनता को लाभ हो। आम लोगों के लिए सरकार काम कर रही है इसलिए सभी का हमें ख्याल है। कोशिश होगी कि कहीं भी समस्याएं न रहे और लोगों को हमेशा सहूलियत हो। विधायक ने कहा कि इस मामले में सिस्टम से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा।



### अवैध कब्जा को लेकर मारपीट, 3 पर अपराध दर्ज




**कोरबा**, 22 जून (देशबन्धु)। किसी भी जमीन को हथियाने के लिए जमीन दलाल सक्रिय है। इसी चक्कर में कोतवाली थाना क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर के पीछे निगम की खाली पड़ी जमीन पर कब्जे का प्रयास किया गया। आरोपी जेसीबी लेकर जमीन पर कब्जा करने पहुंचे और विरोध करने वाले कब्जाधारी युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस ने अपराधिक तत्वों पर मामला दर्ज किया है।

### मवेशी से भिड़ी बाइक, 3 मृत

**कोरबा**, 22 जून (देशबन्धु)। कोटमेर रामपुर में रिश्तेदार के यहां बकरा भात खाकर लौट रहे दादर बस्ती के 3 लोगों की हादसे में मौत हो गई। सकदुकला क्षेत्र के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक मवेशी से टकरा गई। घटना की जानकारी से इलाके में शोक छा गया। बताया गया कि टक्कर के बाद रामायण सिंह राठिया 43 वर्ष, सादराम राठिया 48 वर्ष और सुख सिंह राठिया 40 वर्ष तीनों सड़क पर करीब 10 फीट दूर जा गिरे। संघातिक चोट लगने से दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि एक को गंभीर हालत में जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही करतला पुलिस घटनास्थल पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।



### बंदियों को योग कराया जेसीआई ने



**कोरबा**, 22 जून (देशबन्धु)। जिला जेल के बंदियों के लिए योग दिवस पर कार्यक्रम रखा गया। 170 बंदियों को इसमें शामिल किया गया। जेसीआई कोरबा सेंट्रल के योग प्रशिक्षक संतोष यादव ने यहां मार्गदर्शन दिया। योग सत्र के माध्यम से कैदियों ने मानसिक शांति, आंतरिक ऊर्जा और एकाग्रता का अनुभव किया। कार्यक्रम के दौरान जेल परिसर में अनुशासन, शांति और उत्साह का समुचित वातावरण बना रहा। इस अवसर पर नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कैदियों से यह भी संकल्प (शपथ) दिलवाई गई कि वे भविष्य में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे व बेहतर मनुष्य बनेंगे। कार्यक्रम की संपूर्ण सफलता में जिला जेल के जेलर विज्ञानंद सिंह का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर जेसीआई के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, रोहित असरानी, मोहित सिंघल, आयुष अग्रवाल एवं प्रियम अग्रवाल उपस्थित रहे।

# पत्नी से विवाद : पति ने खुद को किया कैद, दरवाजा तोड़कर निकाला

## हेलीपेड के पास जमकर तमाशा, पुलिस करेगी कार्रवाई



**कोरबा**, 22 जून (देशबन्धु)। घरेलू कलह के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और इसे लेकर लोग अप्रिय कदम उठाने से पीछे भी नहीं है। पत्नी से विवाद होने पर पति ने खुदकुशी के इरादे से खुद को कमरे में बंद कर रसोई गैस खोल दी। अनिष्ट की आशंका जानकर दमकल कर्मियों को बुलाया गया। बाद में दरवाजा तोड़कर पति को निकाला गया। मानिकपुर पुलिस ने कार्यवाही करने की बात कही है।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल हेलीपैड के पास ऋषिकेश सिदार ने यह तमाशा किया। बताया गया कि 22 जून को पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद पत्नी मानिकपुर चौकी में शिकायत करने गई थी। वापस लौटने पर देखा कि पति ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और कमरे में तोड़फोड़ भी की और सिलेंडर से गैस खोल दिया था। आसपास के लोग उसे समझाते रहे, लेकिन वह नहीं माना। फिर पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिसके बाद फायर कर्मियों ने कटर से खिड़की काटने की कोशिश की, नहीं कटा तो सब्बल से दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला। फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज जारी है। कोई बड़ी अनहोनी होने से रह गया। बताया जा रहा है युवक ने पूरे 2 घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा किया। कमरे में गैस का रिसाव होता देख आसपास के लोग डर गए थे। सब अपने घर से बाहर निकल गए। उन्हें डर था कि युवक माचिस ना जला ले। इसे बड़ा नुकसान हो सकता था। वहीं, ऋषिकेश सिदार का 4 साल का बच्चा भी है। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर है। शरीर में कुछ जगहों पर चोट आई है। सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

युवक की हरकतों को देखते हुए फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने दरवाजा तोड़कर युवक को सुरक्षित बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने कहा कि निश्चित रूप से इस मामले में कार्यवाही की जाएगी। यह जरूर है कि समय रहते कार्यवाही से अनहोनी टल गई।

# 2 वर्ष पहले नोटिस, अब हटाया कोयलांचल में अतिक्रमण



**कोरबा**, 22 जून (देशबन्धु)। कुसमुंडा के इमलीछापर में विलंबित हो रहे ओवर ब्रिज निर्माण के कार्य को लेकर यहां के अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही रविवार को भी दूसरे दिन जारी रही। 2 दिन के अभियान में 11 ऐसे मकान तोड़ दिए गए, जो अतिक्रमण कर बनाए गए थे। खबर के अनुसार प्रशासन ने इन लोगों को 2 साल पहले नोटिस दिया था। पूर्व में मुआवजे की मांग को लेकर कई बार बैठकें हो चुकी हैं और स्थानीय लोगों का विरोध भी देखा गया था। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ओवरब्रिज निर्माण जल्द पूरा किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा होगी और जाम की समस्या से राहत मिलेगी। याद रहे मौके पर अतिक्रमण नहीं हटने से करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन ओव्हर ब्रिज का काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। कई मौकों पर यहां जाम की स्थिति इस वजह से लगती रही है क्योंकि दिन भर में कई बार रेलवे फाटक को बंद करना होता है और यहां से मालगाड़ियां निकलती है। प्रशासन के दबाव के बाद ही एसईसीएल ने मौके पर ओव्हर ब्रिज बनाना तय किया। वह चाहता है कि काम जल्द हो इसलिए अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया इसी तेजी से हो।

# बीमाधारक के निधन के बाद बीमा कंपनी की नौटंकी, देने होंगे 85 लाख

## उपभोक्ता आयोग का बड़ा फैसला

**कोरबा**, 22 जून (देशबन्धु)। कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग ने नवीन उपभोक्ता कानून के तहत एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है, जिसमें बीमा कंपनियों को मृतक के परिवार को 85 लाख रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया गया है। यह आयोग का अब तक का सबसे बड़ा मामला है। स्व. विमल कोहली, स्टार अलायड एंड केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर, का 5 फरवरी 2022 को निधन हो गया था। कोहली ने एचडीएफसी बैंक से 50 लाख और आदित्य बिरला से 35 लाख रुपये का लोन लिया था। लोन की सुरक्षा के लिए उन्होंने एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस और रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस से क्रेडिट प्रोटेक्शन पॉलिसी खरीदी थी। निधन के बाद उनके भाई विवेक कोहली ने बीमा कंपनियों से बकाया लोन की किस्तों का भुगतान करने का अनुरोध किया, लेकिन कंपनियों ने क्लेम देने से इनकार कर दिया। इसके बाद एचडीएफसी बैंक और आदित्य बिरला ने कोहली की कंपनी को डिफॉल्टर घोषित करने की धमकी देकर लोन वसूली शुरू कर दी। पीड़ित पक्ष की ओर से अधिवक्ता नूतन सिंह ठाकुर ने जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा में मामला दर्ज किया। आयोग ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद बीमा कंपनियों में सेवा की कमी पाते हुए 85 लाख रुपये को 6 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करने का आदेश दिया। यह फैसला बीमा कंपनियों की जवाबदेही को रेखांकित करता है और उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा में मील का पत्थर है।



# नाबालिग को किया बरामद अपहर्ता पुलिस के चंगुल में

**कोरबा**, 22 जून (देशबन्धु)। सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र के पोड़ीबहार इलाके में रहने वाली एक नाबालिग के लापता होने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे खोज निकाला। जबकि भागने की तैयारी में लगे 19 वर्षीय दशरथ सिदार, पिता प्रताप सिदार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ जारी है। चौकाने वाली जानकारी मिली कि अपहृत नाबालिग की बड़ी बहन से पूर्व में वह दुष्कर्म कर चुका है।



शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात को नाबालिग अपने घर से लापता हो गई थी। अगली सुबह उसकी मां को इसकी जानकारी हुई, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज की गई। परिजनों ने मीडिया से बातचीत में आशंका जताई थी कि एमपी नगर अटल आवास में रहने वाले एक युवक की इसमें भूमिका हो सकती है। उन्होंने बताया कि उक्त युवक पूर्व में दुष्कर्म के मामले में शामिल था और हाल ही में उसने धमकी भी दी थी।

नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का ने बताया कि मामला गंभीर होने के कारण विशेष ध्यान दिया गया और एक विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। इनपुट मिलने पर एक स्थान से अपहृत नाबालिग को सकुशल बरामद करने के साथ परिजनों को सौंप दिया गया।

जबकि आगे की जांच जारी रखी गई। कई टीम आरोपी की तलाश में लगी थी। देर रात पता चला कि दशरथ सिदार की भूमिका इस घटना में रही है और वह फरार होने की योजना बना रहा है तभी पुलिस की टीम ने एक ठिकाने से उसे गिरफ्तार कर लिया।

# पूरा दिन बीत रहा राशन लेने में, लोग परेशान

## 0 3 महिने का राशन देने की व्यवस्था

**कोरबा**, 22 जून (देशबन्धु)। राशनकार्ड पर 3 महीने का राशन एक साथ देने की योजना के कारण राशन दुकानों में लंबी कतारें लग रही हैं। राशन कार्ड धारकों को जून, जुलाई और अगस्त का राशन एक साथ दिया जा रहा है, जिससे राशन दुकानों में भारी भीड़ हो रही है।



राशन कार्ड धारकों को राशन लेने के लिए सुबह 4-5 बजे राशन दुकान के बाहर लाइन लगानी पड़ रही है। इसके बावजूद राशन मिलने में शाम हो जा रही है। राशन दुकान संचालकों के लिए भी 3 महीने का राशन एक साथ देना मुश्किल हो रहा है। राशन कार्ड धारकों को राशन लेने के लिए 3 बार फिंगरप्रिंट या 3 बार ओटीपी देना पड़ रहा है, जिससे 20 मिनट में केवल 1 व्यक्ति को ही राशन मिल पा रहा है। राशन वितरण में हो रही देरी का कारण नई ई-पॉश मशीनें हैं इन मशीनों में एक हितग्राही को 3 महीने का चावल वितरण करने में 3 बार एंट्री करानी पड़ रही है। मशीन की साइज पुरानी मशीन की तुलना में काफी छोटी है, और साफ्टवेयर की इंटरनेट स्पीड भी कम है। इस कारण से एक हितग्राही की 3 बार एंट्री कराने में आधा घंटे तक का समय लग जा रहा है। 20 दिन बीत जाने के बाद भी केवल 50 फीसदी राशन कार्ड धारकों को ही राशन मिल पाया है।

# भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने किया योग

**कोरबा**, 22 जून (देशबन्धु)। जिला भाजपा कार्यालय में विश्व योग दिवस पर आयोजन हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने यहां योग, प्राणायाम और आसन का अभ्यास करने के साथ निरंतरता का संकल्प लिया।

इस कार्यक्रम में योग शिक्षक डॉ. नागेंद्र शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को योगाभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन का विज्ञान है। यह शरीर, मन और आत्मा को जोड़ता है और पूर्ण स्वास्थ्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

उनके नेतृत्व में प्राणायाम, योगासन एवं ध्यान क्रियाएं कराई गईं, जिससे सभी प्रतिभागी लाभान्वित हुए। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जोगेश लांबा, सतविंदर पाल, हितानंद अग्रवाल, रुक्मणी नायर, सुशील गर्ग, योगेश मिश्रा, परविंदर सिंह, युगल केवट, ईश्वर पटेल, सुलोचना यादव, रूबी सागर, सरजू, राजेश लहरे, अजय चंद्रा, लकी नंद, उदय श्रीवास, गिरिश नामदेव, सूरज पांडे, रिपु जायसवाल, विशाल सचदेव, भोलू यादव, पवन यादव, सुजीत राठौर, दीपेश सिंह, राजेंद्र सिंह राजपूत, नवीन जायसवाल, राम अवतार पटेल, अजय साहू, सुकेश दलाल, चंदन ताती, दिनेश झा, सिया रामचंद्र, बजरंग यादव, राकेश सोनी, स्मिता सिंह, प्रमिला सागर, शांति यादव, अन्नपूर्णा श्रीवास, ममता बचार, गोपाल बछड़, जगदीश श्रीवास, संगीता चौहान, रामकृष्ण चौहान, राधिका श्रीवास सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# भारतीय योग संस्थान ने किया योगाभ्यास

**कोरबा**, 22 जून (देशबन्धु)। भारतीय योग संस्थान ने गायत्री स्कूल रानी रोड में विश्व योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन सुबह 6.15 से 7.45 तक किया। बड़ी संख्या में महिलाएं इसमें शामिल हुईं। संस्था की क्षेत्रीय प्रमुख आभा अग्रवाल ने कहा कि योग से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है, जो सामाजिक एकता के लिए महत्वपूर्ण रसायन का कार्य करता है।

कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक मंत्र साधना से हुई। योग शिक्षिकाओं में कंचन जायसवाल, अंजलि केसरवानी, श्रीमती एकता अग्रवाल, रंजना मित्तल, दीपा अग्रवाल, रश्मि सोनी, श्रीमती किरण बोंदिया, श्रीमती पिंकी पोद्दार, श्रीमती ज्योति भिमानीयां योग आसनों की प्रस्तुति दी। आयोजन में केसरवानी महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती बिंदु केसरवानी, संरक्षिका श्रीमती शोभा केसरवानी, इनरव्हील क्लब की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती ज्योति जुनेजा, नीतू अरोरा, मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा की अध्यक्षा दुर्गा बजाज, सुमन अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, प्रेमलता अग्रवाल, आशा बुधिया, आशा जाजोदिया, शारदा अग्रवाल, सुधा मोदी का योगदान रहा। इस अवसर पर योग आधारित नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसकी सबने भूरि भूरि सराहना की। मंच संचालन श्रीमती मीना बेरीवाल ने किया।



# 2 जेसीबी सहित 6 वाहन जप्त किया प्रशासन ने

**कोरबा**, 22 जून (देशबन्धु)। रेत खनन व परिवहन पर रोक के बाद अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही जारी है। टॉस्क फोर्स ने शहर के सीतामढ़ी रेत घाट के पास मुख्य मार्ग पर कार्यवाही की। इस कार्रवाई में दो जेसीबी मशीन, तीन बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टर और एक टिपर जब्त किए गए।



एसडीएम सरोज महिलांगे ने बताया कि यह कार्रवाई उच्च अधिकारियों के निर्देश पर की गई है। ऐसी कार्यवाही आगे भी चलेगी और अवैध रेत खनन व परिवहन के मामले में किसी को नहीं बख्शा जाएगा। अधिकारी ने बताया कि बिना नंबर प्लेट वाले सभी तरह के वाहनों पर परिवहन विभाग अलग से कार्रवाई करेगा। याद रहे प्रशासन ने अवैध खनन और यातायात नियंत्रण के लिए नए आदेश जारी किए हैं। नए नियमों के तहत, नया बस स्टैंड चौक से टी.पी. नगर चौक तक बसों और ट्रैक्टरों का संचालन शाम 5 बजे से अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा। निर्माण सामग्री ले जाने वाले ट्रैक्टर अब सीतामढ़ी से ओवर ब्रिज होकर राताखार, तुलसी नगर स्टेडियम और सीएसईबी चौक से मुड़घाप निहारिका की ओर जा सकेंगे। उनकी वापसी भी इसी मार्ग से होगी।

# नवापारा बीट में नीलगिरी पेड़ों की कटाई, तस्करी की योजना फेल

**कोरबा-पाली**, 22 जून (देशबन्धु)। जिले के पाली रेंज में इमारती लकड़ियों की तस्करी करने की योजना फेल हो गई। खबर है कि नवापारा बीट से नीलगिरी पेड़ों को काटने के साथ वाहन में लोड कर दिया गया था। इससे पहले कि वाहन गंतव्य के लिए रवाना होता, फॉरेस्ट टीम ने कार्यवाही करते हुए वाहन और कुछ लोगों सहित लकड़ियां पकड़ ली। वन अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

पता चला कि कटघोरा वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र पाली के कर्रानवापारा बीट के ग्राम कर्रा नवाडीह स्थित संरक्षित वन खण्ड कक्ष क्रमांक पी-98 में नीलगिरी के पेड़ों को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मशीन से कटवाकर माजदा में तस्करी के लिए रखा गया है। अधिकारियों के निर्देश पर रेंजर संजय लकड़ा के नेतृत्व में जब जंगल पहुंचे तो निलगिरी से भरा माजदा सीजी 07-बीपी 0210 को पोड़ी-मड़वामौहा मार्ग किनारे खड़ा मिला जिसे छिपाकर रखा गया था, चालक अनुपस्थित था। आसपास के ग्रामीणों से टीम ने पूछताछ की तो पता चला कि उक्त वाहन पोड़ी निवासी विजय कश्यप का है और वह भी मौके से फरार है। पंचगणों की उपस्थिति में उक्त वाहन और लकड़ियों की जप्ती की कार्यवाही कर स्थानीय वाहन चालक को बुलाकर वन परिक्षेत्र कार्यालय पाली लाया गया। मामले में संरक्षित वन खण्ड से नीलगिरी की अवैध कटाई और वाहन से अवैध वनोपज परिवहन पाये जाने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33/42 और छग वनोपज अभिवहन नियम 2002 की धारा के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 12630/12 दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



## सार-संक्षेप



### मध्य प्रदेश निर्मित 8.46 लीटर गोवा व्हिस्की जप्त

**कोरिया,** 22 जून (देशबन्धु)। आबकारी विभाग को सफलता उस समय मिली जब कोरिया मुख्यालय से 75 किलोमीटर दूर सोनहत थाना के अंतर्गत ग्राम नटवाही निवासी 43 वर्षीय राजेश पिता लक्ष्मी कांत के कब्जे से 20 जून को 8.46 लीटर मध्य प्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की बरामद की गई। यह कार्रवाई विश्वस्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर की गई। इस कार्रवाई का संचालन आबकारी आयुक्त श्याम धावड़े एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार तथा उपा. आब. स. उ. द. सरगुजा विजय सेन शर्मा एवं जिला आबकारी अधिकारी जितेन्द्र योगेश्वर द्विवेदी के मार्गदर्शन में किया गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36 एवं 59(क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर जेल दाखिल किया गया है। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती सपना सिन्हा के नेतृत्व तथा वृत्त प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक राम स्नेही यादव, मुख्य आरक्षक किसुन राम, आरक्षक नरेन्द्र राजवाड़े, हेमंत राजवाड़े व महिला नगर सैनिक रमावती का सराहनीय योगदान रहा।

### सारडा एनर्जी के खिलाफ अब ग्रामीण हो रहे एकजुट, 25 से अनिश्चितकालीन हड़ताल

**रायगढ़,** 22 जून (देशबन्धु)। ग्राम बिंजकोट-दर्रामुड़ा के समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी एकजुट होकर सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड कंपनी के खिलाफ 25 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल और धरना प्रदर्शन करने जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह निर्णय उन्हें मजबूरी में लेना पड़ा है क्योंकि कंपनी प्रबंधन द्वारा निरंतर अनदेखी और शोषण किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिंजकोर्ट दर्रामुड़ा क्षेत्र में संचालित सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स कंपनी लिमिटेड के खिलाफ आसपास क्षेत्र के गांव के ग्रामीण एकजुट होने लगे हैं। इन ग्रामीणों ने सड़क की जर्जर हालत, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सहित बाहरी व्यक्तियों को रोजगार में प्राथमिकता, जबकि स्थानीय व भू-स्थापित कर्मियों की उपेक्षा। 60 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों को नौकरी से निकालना, और उनके परिवारजनों को रोजगार न देना। स्थानीय कर्मचारियों के साथ तानाशाही व सौतेला व्यवहार। समान कार्य के बावजूद भारी वेतन विसंगति ग्राम विकास के नाम पर विनाश की ओर अग्रसर कार्यशैली के खिलाफ है। ग्रामीणों का कहना है कि यह हड़ताल ग्रामवासियों की आवाज, सम्मान और अधिकारों के लिए है।

### एनटीपीसी लारा में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**रायगढ़** 22 जून (देशबन्धु)। 11वां अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एनटीपीसी लारा में समूह योगाभ्यास कर योग दिवस 2025 को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रायगढ़ के प्रतिष्ठित संस्थान योग मंदिर के योग प्रशिक्षक के प्रत्यक्ष तत्वाधान में आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सभी प्रकार के योगाभ्यास किया गया। योग शिविर में एनटीपीसी लारा के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार एवं श्रीमती अनुराधा शर्मा ने योग शिविर का उदघाटन करते योगाभ्यास किया और सभी को अपने दिनचर्या में योग को सामील करने के लिए अपील की। इस वर्ष योग दिवस की थीम है एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग आज के वैश्विक परिप्रेक्ष्य में बहुत प्रासंगिक है। योग दिवस की एक दशक पूर्ण होने पर इस वर्ष योग संगम कार्यक्रम के तहत पूरे देश में एक लाख स्थानों पर योग शिविर का आयोजन कर समाज के सभी वर्ग के लोगों तक इसको पहुंचाने की मकसद के साथ योगाभ्यास किया गया। इस अवसरपर फैज तैयब, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा योगाभ्यास को सिर्फ योग दिवस तक सीमित न रखते हुए हम सबको हररोज योगाभ्यास करना है, योग हमारे तन, मन एवं मस्तिस्क को जोड़ते हुए सम्पूर्ण शारीरिक सु-स्वास्थ्य प्रदान करता है।

### घरेलू विवाद में बेटे पर चाकू से हमला, पिता गिरफ्तार



**रायगढ़** 22 जून (देशबन्धु)। चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक पिता द्वारा अपने ही बेटे पर चाकू से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर हत्या के प्रयास के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 18 जून की दोपहर की है। आहत विश्वनाथ निषाद (उम्र 25 वर्ष) के बड़े भाई बिहारी लाल निषाद (27 वर्ष) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका छोटा भाई विश्वनाथ अपने मकान की छत की मरम्मत करवा रहा था। इसी दौरान पिता नकुल निषाद (उम्र 55 वर्ष) ने विवाद करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और कहा कि केवल अपने घर की मरम्मत करवा रहे हो, मेरे घर की नहीं। गुस्से में आकर नकुल निषाद ने घर में रखे चाकू से विश्वनाथ के गले पर हमला कर दिया, जिससे गंभीर चोट आई। घायल को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना चक्रधरनगर में आरोपी नकुल निषाद के विरुद्ध धारा 109(1), 296, 351(3) बीएनएस (हत्या के प्रयास) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित शुक्ला, सहायक उपनिरीक्षक मेहत्तर लाल सारथी, आरक्षक मिकेतन पटेल और पौलुस एक्का की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

### पर्यावरण संरक्षण व सामुदायिक एकता का अनूठा उदाहरण

# मूड़ागांव में वन अधिकार पत्र से 90 एकड़ भूमि पर पौधरोपण

#### पांच गांवों के महिलाओं व बच्चों ने भी निभाई सहभागिता

**रायगढ़** 22 जून (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले की तमनार तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत सराईटोला के मूड़ागांव में ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक एकता का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। सराईटोला के सरपंच अमृत लाल भगत, बाँधापाली और रोडोपाली के सरपंचों के मार्गदर्शन में ग्रामीणों ने सामुदायिक वन अधिकार मान्यता पत्र के तहत प्राप्त 90 एकड़ भूमि पर बड़े उत्साह के साथ पौधरोपण अभियान चलाया। इस अभियान में सराईटोला, मूड़ागांव, पाता, बाँधापाली और रोडोपाली के महिला, पुरुष और बच्चों ने एकजुट होकर हिस्सा लिया, जिसने इस पहल को और भी खास बना दिया है।

इस कार्यक्रम की शुरुआत एक सामुदायिक बैठक के साथ हुई, जिसमें ग्रामीणों ने जल, जंगल, जमीन और पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने अपने घरों से विभिन्न प्रकार के पौधे लाकर इस अभियान में योगदान दिया। इस दौरान न केवल पौधे रोपे गए, बल्कि इन पौधों की देखभाल और संरक्षण का भी सामूहिक संकल्प लिया गया। यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक



महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि सामुदायिक भागीदारी और एकता का भी प्रतीक बन गया है।

इस कार्यक्रम में कुंजेमुरा से लैलूंगा विधानसभा के विधायक विद्यावती सिदार, कुंजविहारी सिदार, बीडीसी यज्ञसेनी सिदार, उमेश सिदार, कोसमपाली से बीडीसी कन्हाई पटेल, बाँधापाली से सरपंच प्रेमसिला राठिया, परमेश्वरी राठिया, नोनीदाई राठिया, चंपा राठिया, आतालो राठिया, जमुना, सम्पति बुधवारो राठिया, चमड़ी राठिया, चितवाही से शनीराम सिदार, सुरुचि सिदार, चंद्रमणि सिदार, गारे के सरपंच रविशंकर सिदार, सराईटोला के उपसरपंच तुलाराम राठिया, श्याम राठिया, सितंबर सिदार, महेशराम सिदार, बुधराम राठिया, घुराऊ राम भगत, प्रेमसागर मांझी, जहाज राम भगत, कार्तिक राम यादव, हलधर दास, मोहित यादव, जनेराम सारथी, मुरलीधर राठिया, अरुण दास, रसमती भगत, हरिमती भगत, राजमुनी भगत, ललिता सिदार, ताराबती मांझी, सीतल कुंवर सिदार, दिलमती सिदार, कांति सिदार, गंगाबती राठिया, गणेशी चैहान, रामप्यारी राठिया, पार्वती यादव, दिलेश्वर यादव, गोदावरी सिदार, नगरमुंडा से यादव, और रोडोपाली से त्रिलोचन राठिया, दिनेश राठिया, मुकेश देहरी, शैलेश पटेल, और जयप्रकाश निषाद जैसे गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इन सभी ने इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

यह पौधरोपण अभियान न केवल पर्यावरण प्रदूषण को कम करने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि यह स्थानीय समुदाय के लिए आजीविका और सामाजिक एकता को भी बढ़ावा देगा। सामुदायिक वन अधिकार पत्र के तहत प्राप्त इस भूमि का उपयोग न केवल वृक्षारोपण के लिए किया गया, बल्कि यह ग्रामीणों के लिए एक ऐसी पहल बन गई है, जो भविष्य में उनके जीवन को और भी समृद्ध बनाएगी।

इस अभियान की सफलता ग्रामीणों की एकता, नेतृत्व और पर्यावरण के प्रति उनकी जागरूकता को दर्शाती है। यह एक सकारात्मक और प्रेरणादायक खबर है, जो अन्य समुदायों को भी पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास के लिए प्रेरित करेगी। ग्राम मूड़ागांव और आसपास के गांवों के इस प्रयास को न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में एक मिसाल के रूप में देखा जा रहा है।

---

# रेत अवैध परिवहन करते 1 जेसीबी एवं 1 हाइवा समेत 2 ट्रैक्टर जब्त

#### खनिज विभाग की कार्रवाई

**चिरमिरी,** 22 जून (देशबन्धु)। जिला कलेक्टर के निर्देश पर जिला खनिज उड़नदस्ता दल जिला मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी भरतपुर द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों मे भ्रमण कर रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर लगातार कार्यवाही कर रही है, उल्लेखनीय रहे कि खनिज विभाग द्वारा 16 जून 2025 को चैनपुर, चिवटीमार क्षेत्र मे खनिज रेत के अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रहे 2 वाहनो को जप्त किया गया है। वहीं 19 जून 2025 को ग्राम सोनबरसा से 1 हाइवा वाहन को खनिज गिट्टी का परिवहन करते हुए जप्त कर नागपुर चौकी में सुरक्षार्थ रखा गया है, 5 जून 2025 को ग्राम पंचायत हरचोका रेत खदान से अवैध रूप रेत उत्त खनन कर रहे 1 जेसीबी मशीन और 01 हाइवा को जप्त किया गया है, 27 मई 2025 को ग्राम सेमरिया मे स्वीकृत रेत भण्डारण से 20 घन मीटर रेत जप्त किया



जा कर खान और खनिज ( विकास और विनियमन ) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 तक एवं छत्तीसगढ़ खनिज खनन परिवहन तथा भण्डारण नियम 2009 के तहत कार्यवाही किया गया है, बता दें कि, एन जी, टी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के गाइडलाइन अनुसार पूर राज्य में 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत खदानों से रेत खनन कार्य पूर्णत: बंद किये जाने का आदेश होता है एवं रेत की आपूर्ति रेत भण्डारणों से किया जाना है। जिले में वर्तमान में रेत भण्डारण से रेत आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। वही खनिज अधिकारी ने बताया कि इस प्रकार की, कार्यवाही खनिज विभाग उड़नदस्ता दल के द्वारा निरंतर जारी है।

---

# निजी स्कूल बसों की हुई जांच निजी बसों की जांच भी आवश्यक

#### कई बसे कण्डम, आरटीओ की किराया सूची चस्पा नहीं

**सारंगढ़,** 22 जून (देशबन्धु)। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रविवार को सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में निजी स्कूलों की बसों की जांच और चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिशा पाण्डेय व एसडीओपी के मार्गदर्शन में की गई। रक्षित निरीक्षक जितेंद्र चंद्रा, कोतवाली टीआई कामिल हक, एमटीओ अरविंद्र



ढाका, आरटीओ निरीक्षक कौशल्या रात्रे और यातायात सेल की टीम ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। स्कूल बसों के फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, हॉर्न, लाइट सहित तमाम सुरक्षा उपकरणों की जांच की गई। साथ ही चालकों और परिचालकों का नेत्र परीक्षण, शुगर और बीपी की जांच भी की गई।

निजी बसों की जांच भी आवश्यक-- क्षेत्र के रायगढ बिलासपुर व राजधानी रायपुर मार्ग पर संचलित बसों में से कई में आरटीओ द्वारा स्वीकृत किराया सूची चस्पा नहीं होती तथा इन बसों में एकदम सस्ते व हल्के क्वालिटी के कागज का टिकट दिया जाता है उसमें की लिखावट भी आप लिखें खुदा बचाए जैसी होती हैं वहीं कई बसों में टिकट में ली जाने वाली राशि के हिसाब से सुविधाएं नहीं दी जाती हैं तथा इनमें से क ई बसें कण्डम स्थिति में भी हैं जिनके फिटनेस की जांच भी अति आवश्यक हैं तथा पुलिस द्वारा उक्त प्रकार की कार्यवाही जारी रहने की बात से निजी बसों की जांच की आस भी नागरिकों में जगी है।

---

# एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार के निवासियों से किया संपर्क



#### पुरुषोत्तम कुमार सिंह एवं महेश साहू की अगुवाई में हुआ कार्यक्रम

**खरसिया,** 22 जून (देशबन्धु)। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार के औरंगाबाद ज़िला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति सदस्य पुरुषोत्तम कुमार सिंह द्वारा रायगढ़ जिले में पिछले पाँच दिनों से बिहार के निवासी समाजसेवी व्यवसायियों से संपर्क कर संवाद किया जा रहा हैं एवं मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की चर्चा करते हुये बिहार आने का आग्रह किये। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि बिहार की जनता में भाजपा के प्रति काफी उत्साह हैं बिहार में विकास की गति जो पटरी पर पिछले 20 सालों से में दौड़ी है उसका चर्चा पूरे भारत के जन जन में है इसलिए पुन: लोगों के मन मे भाजपा के प्रति विश्वास जगा हैं आप सभी अपने अपने घर जाकर निश्चित रूप से मतदान में भाग ले और भाजपा की सरकार को पुन: बनाने का कार्य करें। इस कार्यक्रम को अगवाई खरसिया विधानसभा से महेश साहू कर रहे हैं जिसमें खरसिया कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्तागण व बिहार निवासी गोपाल सिंह ठाकुर, अमर पाण्डे, बालकृष्ण साहू, राघवेंद्र साहू, रिंकू महंत, मनोज राठौर, जयप्रकाश डनसेना, हीरामणि पटेल, आर झा जी, व अन्य लोगों की उपस्थिति थी।

---

# खरसिया चेंबर के अध्यक्ष बने मुकेश मित्तल

#### नगर के सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने दी बधाई व्यापारियों में उत्साह का माहौल

**खरसिया,** 22 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज के प्रदेश में खरसिया इकाई के अध्यक्ष हेतु खरसिया नगर के श्री श्याम कुटुंब के संस्थापक पूर्व अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं जिला प्रभारी मुकेश मित्तल को अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप गई है यह नियुक्ति चेंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी द्वारा पूर्व प्रदेश चेंबर अध्यक्ष श्री सुंदरानी प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास प्रदेश मंत्री शक्ति अग्रवाल की अनुशंसा पर की गई है उनकी नियुक्ति से खरसिया नगर के व्यापारियों में समुचे आंचल में उत्साह का माहौल है मुकेश मित्तल लंबे समय से व्यापारियों एवं सामाजिक क्षेत्र में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं खरसिया इकाई की नियुक्ति पर मुकेश मित्तल ने खरसिया इकाई के अध्यक्ष की जिम्मेदारी प्रदान करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष भाई सतीश थौरानी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद सुंदरानी प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास प्रदेश मंत्री शक्ति अग्रवाल को धन्यवाद देते हुए कहा है कि यह जिम्मेदारी मेरे लिए सम्मान की बात है मैं खरसिया नगर को व्यापारियों के हित के लिए पूरी निष्ठा से उनकी समस्याओं को निराकरण किया जाएगा मुकेश मित्तल ने आगे कहा कि खरसिया नगर के व्यापारियों की कोई भी समस्या हो उसका निरंतर समाधान हेतु प्रयास पूरी टीम द्वारा किया जाएगा प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार जल्द ही खरसिया नगर की चैंबर की कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश चेंबर के अध्यक्ष आदरणीय भाई सतीश थौरानी जी द्वारा बहुत जल्दी की जाएगी।



#### जल्द ही 5 और 10 के सिक्के का वितरण होगा मुकेश मित्तल

बहुत जल्द खरसिया नगर में चिल्हर की समस्याओं का निराकरण हेतु बैंक से वार्तालाप 5 के और 10 के सिक्के का वितरण सभी व्यापारियों के बीच चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के माध्यम से किया जाएगा जिससे व्यापारियों एवं ग्राहकों को चिल्हर की समस्या का निराकरण होगा मुकेश मित्तल ने कहा कि हमने पूर्व में भी चेंबर द्वारा हमारे अध्यक्ष काल में हमारी टीम द्वारा चिल्हर की समस्याओं का निराकरण निरंतर कई वर्षों तक व्यापारियों के बीच वितरण किया गया है।

मुकेश मित्तल के खरसिया इकाई के अध्यक्ष नियुक्त होने पर अग्रसेन जनकल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग उपाध्यक्ष अवध नारायण सोनी भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरधर गुप्ता श्री श्याम कुटुंब के अध्यक्ष विजय अग्रवाल हरीश शर्मा पूनम अग्रवाल शंकर अग्रवाल कैलाश सपना बिद्दू शर्मा पप्पू अग्रवाल विनोद अग्रवाल रमेश वकील राजेश बंसल मनोज अग्रवाल भाजपा नेता विनोद कबूलपुरिया रतन अग्रवाल आनंद अग्रवाल राइस मिल एसोसिएशन से कमल अग्रवाल बसंती प्रेम शंकर अग्रवाल मुंशी गायत्री मंदिर की अध्यक्ष सुरेश कबूलपुरिया जयप्रकाश गर्ग रोटरी क्लब के अध्यक्ष रूपेश शराफ राकेश गर्ग हितेन मोदी लाइव क्लब के अनिल बरतुंगा शिव अग्रवाल नेशनल कॉन्वेंट स्कूल के अध्यक्ष बाबूलाल गर्ग शंकराचार्य स्कूल मनोज अग्रवाल कमला नेहरू स्कूल के प्रबंधक अशोक अग्रवाल पत्रकार पूर्व चैंबर पदाधिकारी अशोक अग्रवाल आलू राजेंद्र अग्रवाल नूतन हसमुखभाई पटेल नरेश गोयल कैलाश अग्रवाल दवाई संजय अग्रवाल मेडिकल गोवर्धन गर्ग राजेंद्र मीरानी नटवर अगरवाल इंडस्ट्रीज गोविंद नथनी युगल किशोर रावलानी नानक रेलवानि अजय मित्तल जानकी धर्मशाला ट्रस्ट के हरि अग्रवाल मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष शुभम अग्रवाल मुकेश गर्ग राकेश अग्रवाल जगदीश मित्तल अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष महेश मित्तल निकुंज शराफ नगर कांग्रेस के अध्यक्ष रणधीर शर्मा रमेश अग्रवाल सुनील शर्मा नगर पालिका के पार्षद राम शर्मा अंकित अग्रवाल प्रिंस सलूजा खरसिया पार्षद अरुण चौधरी चीनू शर्मा दीपक अग्रवाल पत्रकार संघ के अध्यक्ष राजेश शर्मा नैनानंद वैष्णो अजय बंसल कैलाश शर्मा कैलाश गर्ग सुनील अग्रवाल विष्णु शर्मा गोपाल नायक गोपाल शर्मा आदि अनेक सामाजिक संगठनों एवं नगर के नागरिकों एवं व्यापारियों नागरिकों ने मुकेश मित्तल के अध्यक्ष बनने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

---

# चिरमिरी कप 2025 के विजेता बने बैंड ब्वॉयज हल्दीबाड़ी, उपविजेता रही ओम इलेवन गोदरी पारा

#### विजेता को 41000 का चेक और शील्ड, उपविजेता को 21000 का चेक और शील्ड से नवाजा गया

**एमसीबी/चिरमिरी,** 22 जून (देशबन्धु)। चिरमिरी कप 2025 फ्लड नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच दूधिया रोशनी में संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट की शुरुआत सात जून से हुई जिसका अंतिम मैच बैंड ब्वॉयज हल्दीबाड़ी और ओम इलेवन गोदरीपारा के बीच हुआ जिसमें बैंड ब्वॉयज हल्दीबाड़ी की टीम विजेता रही और उपविजेता का खिताब ओम इलेवन गोदरीपारा के नाम रहा है।

ज्ञात हो कि 07 जून से चिरमिरी के हल्दीबाड़ी हीरागिर मैदान में शुरू हुए प्रतियोगिता में मनेंद्रगढ़ विधानसभा से कुल 30 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें शहरी और ग्रामीण सहित चिरमिरी से लगभग 20 टीमें शामिल रही। प्रतियोगिता के अंतिम और फायनल में पहुंची दोनों टीमों के कप्तान के मध्य सिक्का उछालकर टॉस किया गया जिसके बाद बैंड ब्वॉयज हल्दीबाड़ी ने बैट और ओम इलेवन गोदरीपारा ने बाल लेने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए बैंड ब्वॉयज हल्दीबाड़ी ने 108 रन बनाकर जीत के लिए 109 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया लेकिन लक्ष्य का पीछा करते



करते अंतिम ओवर के अंतिम बाल में भी ओम इलेवन गोदरीपारा ने 109 रन तक नहीं पहुंच पाई लिहाजा ओम इलेवन गोदरीपारा उपविजेता और बैंड ब्वॉयज हल्दीबाड़ी को विजेता घोषित किया गया। फायनल मैच के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सबसे पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बैट और बाल के संपर्क को चौका मारकर प्रतियोगिता में चार चांद लगा दिया। फायनल प्रतियोगिता में विजेता टीम को नगद 41000 का चेक और शील्ड तथा उपविजेता टीम को 21000 नगद और शील्ड मुख्य अतिथि के हाथों दिया गया वही फाइनल मैच का मन ऑफ द मैच सोनू सरदार बैड ब्वॉयज हल्दीबाड़ी, बेस्ट बैट्समैन अरशद राजा ओम इलेवन गोदरीपारा, बेस्ट बॉलर रवि बैड ब्वॉयज हल्दीबाड़ी और मैन ऑफ द सीरीज सोनू सरदार बैड ब्वॉयज हल्दीबाड़ी को दिया गया। फायनल प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के अंत में कमेटी के द्वारा मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रणव कर, संदीप यादव, समीर, सोनू, मंजू, शुभम, रिंकू, विजय बहादुर, अख्तर, शायकर, दीपक पारीडा, अमन लाल पुरी, प्रशांत धीरज, पप्पू और अमीष का बड़ा योगदान रहा।

## सार-संक्षेप



## डेढ़ साल के मासूम के साथ ट्रेन के सामने कूदी महिला की मौत, बच्चा सुरक्षित

**जांजगीर**, 22 जून (देशबन्धु)। अकलतरा के ग्राम कल्याणपुर रेलवे फाटक के पास महिला ने रेल से टकराकर जान दी साथ में बच्चा भी था लेकिन बच्चा पूरी तरह सुरक्षित है। मिली जानकारी अनुसार कल्याणपुर के आश्रित ग्राम पंचायत दर्री टांडे की महिला शिवकुमारी पति मंतराम दो तीन दिन पहले बाहर कमाने खाने के बाद वापस आयी थी। रात में संभवत: घरवालों के साथ विवाद हुआ और वह लगभग साल भर के बच्चे को लेकर घर से निकल गई और कल्याणपुर और कोटमी सोनार को जोड़ने वाली रेलवे ट्रैक में आ गयी और जान देने की नीयत से ट्रेन के सामने आ गई जिससे ट्रेन से टकराकर वह पटरी पर गिर गई और गंभीर चोट की वज़ह से उसकी मौत हो गई। महिला का साल भर का बेटा ट्रैक में गिरा रोता रहा। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर किसी ने इस घटना की सूचना अकलतरा रेलवे स्टेशन में दी और बच्चे को अकलतरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। बच्चा पूरी तरह सुरक्षित है और बताया यह भी जा रहा है कि बच्चे के उपर और अगल-बगल से दो-तीन ट्रेन गुज़री है लेकिन बच्चे को कुछ नहीं हुआ। देखने वालो ने इसे भगवान का चमत्कार बताया। बताया जा रहा है कि शिवकुमारी का पहले विवाह हो चुका है और पहले पति से उसके दो बच्चे हैं और यह बच्चा उसके दूसरे पति मंतराम से है। मंतराम की पहली पत्नी ने भी आग लगाकर आत्महत्या की थी। फिलहाल पति घर में नहीं है। मामले की सूचना अकलतरा पुलिस को दे दी गई है।

## दो सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, ब्रेक फेल माजदा ट्रेलर से टकराई



**जांजगीर**, 22 जून (देशबन्धु)। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। पहला हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 पर ग्राम तीलाई के पास हुआ, जहां नारियरा निवासी राजू निर्मलकर (39) को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना सुबह लगभग 6 बजे की है जब राजू निर्मलकर बाइक से जांजगीर जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनके सिर में गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। दूसरी दुर्घटना ग्राम उदयबंद स्थित एन एच के पास रायगढ़ से बिलासपुर की ओर सरिया लेकर जा रही माजदा वाहन का ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित माजदा सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में ही फंस गया। मौके पर ही चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान झारखंड के रहमद नगर, लोहरदा निवासी अफसर अंसारी (22) के रूप में की गई है। सिटी कोतवाली पुलिस ने दोनों मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। दोहरी सड़क त्रासदी से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

## उपभोक्ताओं को मिला डिजिटल न्याय का नया माध्यम

### राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष ने किया ई-हीयरिंग सुविधा का शुभारंभ

**जांजगीर,** 22 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के माननीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया जी द्वारा शुक्रवार को प्रात: 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर-चांपा में ई-हीयरिंग सुविधा का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोग के समक्ष एक वाद की वर्चुअल सुनवाई भी की गई, जिससे इस नवीन तकनीकी सुविधा का सफल प्रदर्शन हुआ। इस संक्षिप्त किंतु महत्वपूर्ण कार्यक्रम में राज्य उपभोक्ता आयोग की संयुक्त रजिस्ट्रार श्रीमती मोना चौहान, सदस्य प्रमोद वर्मा, जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर-चांपा के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू, सदस्य विशाल तिवारी सहित अधिवक्ता, उपभोक्ता, पत्रकार एवं आयोग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। न्यायमूर्ति श्री चौरड़िया ने इस अवसर पर कहा कि ई-हीयरिंग व्यवस्था से उपभोक्ताओं को त्वरित, पारदर्शी और सुविधाजनक न्याय मिलेगा। यह पहल न्यायिक प्रक्रियाओं को आधुनिकता से जोड़ते हुए तकनीक के समुचित उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि जांजगीर-चांपा छत्तीसगढ़ राज्य का दूसरा जिला उपभोक्ता आयोग है जहाँ ई-हीयरिंग की सुविधा प्रारंभ की गई है। इससे न्यायालयीन प्रक्रिया में न केवल गति आएगी, बल्कि दूरदराज के वादकारियों को भी लाभ मिलेगा।



## अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए किया योग

**अकलतरा,** 22 जून (देशबन्धु)। अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला प्रांगण में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया । राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी आर के पांडेय द्वारा योग के विभिन्न आसन ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, तिर्यक ताड़ासन, भुजंगासन तथा सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसन छात्र-छात्राओं को कराया गया इसके पश्चात प्राणायाम के अंतर्गत अनुलोम विलोम, कपालभाति,भ्रामरी, ओंकार आदि छात्र-छात्राओं को कराया गया। योग के साथ-साथ 5 मिनट का ध्यान भी कराया गया तथा छात्रों को पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने हेतु योग एवं ध्यान की उपयोगिता भी बताई गई। कार्यक्रम के अंत में शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा द्वारा दैनिक जीवन में योग को अपनाने हेतु समस्त छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा योग हमारे जीवन में निरोग रहने का एक अच्छा विकल्प है इसे अपना कर हम शारीरिक एवं मानसिक सभी प्रकार की समस्याओं से मुक्त हो सकते है। योग कार्यक्रम में राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला के समस्त स्टाफ, रा से यो कार्यक्रम अधिकारी वर्षा यादव,एन सी सी अधिकारी मो जफरुल्लाह, एवं स्काउट प्रभारी देवकी वैष्णव एवं तीनों इकाई के छात्र-छात्राएं , जे के नेशनल स्कूल के एडमिन करण सिंह एवं स्टाफ व छात्र छात्राएं तथा धीरेंद्र कुमार सिंह प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक रवि वर्मा एवं उनके स्टाफ छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

# मामूली विवाद ने लिया उग्र रूप, दो पक्षों में हुई मारपीट, छह आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर, 22 जून (देशबन्धु)। थाना पामगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धाराशिव में आपसी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच बीते रात्रि गंभीर मारपीट की घटना सामने आई है। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक रूप ले बैठा, जिसके चलते दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे पर प्राणघातक हमला किया गया। मामले में पुलिस ने बलवा व हत्या के प्रयास का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

घटना की जानकारी मिलते ही जिले के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय स्वयं रात्रि में मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पामगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।




जानकारी के अनुसार 21 जून की शाम लगभग 7.30 बजे अभिषेक गोस्वामी एवं जितेश राठौर उर्फ राजा के बीच आपसी कहासुनी व गाली-गलौच की स्थिति उत्पन्न हुई थी। रात्रि 8.30 बजे अभिषेक अपने दोस्तों के साथ समझाइश हेतु जितेश के ससुराल पहुंचा, जहां विवाद फिर उग्र हो गया और स्थानीय लोगों द्वारा बीच-बचाव के बाद मामला शांत हुआ। किन्तु देर रात लगभग 10 बजे घटना ने फिर तूल पकड़ा, जब अभिषेक गोस्वामी पर कथित रूप से राधेश्याम राठौर, अमन राठौर एवं दिनेश राठौर द्वारा धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे उसे गंभीर चोट आई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल जांजगीर से बिलासपुर रेफर किया गया। दूसरी ओर, जितेश राठौर के पक्ष से मिली रिपोर्ट के अनुसार, अभिषेक गोस्वामी व उसके साथियों द्वारा राधेश्याम राठौर को गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी दी गई, एवं चन्द्रशेखर द्वारा दिनेश राठौर के सिर पर तलवार से प्रहार किया गया। दोनों पक्षों के बीच हुए हमले में कई लोग घायल हुए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में दिग्विजय सिंह राठौर,चन्द्रशेखर,सूरज यादव,देवेन्द्र राठौर,राधेश्याम राठौर व अमन राठौर के नाम शामिल है। पामगढ़ थाना पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के विरुद्ध चार अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना जारी है। पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी तरह की अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# वनस्पति विज्ञान का त्रुटिपूर्ण प्रश्नपत्र बना छात्रों की परीक्षा का सबसे कठिन प्रश्न

### अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में आयोजित बीएससी बायोलाजी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा

**जांजगीर,** 22 जून (देशबन्धु)। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में आज आयोजित बीएससी बायोलाजी द्वितीय सेमेस्टर की प्रात:कालीन पाली की वनस्पति विज्ञान परीक्षा छात्रों के लिए किसी झटके से कम नहीं रही। परीक्षा आरंभ होते ही जैसे ही छात्र-छात्राओं को प्रश्नपत्र वितरित किया गया, उनमें भारी असमंजस फैल गया। प्रश्नपत्र में कई गंभीर त्रुटियाँ थीं — कुछ प्रश्न अधूरे थे, कुछ का भाषा संयोजन ग़लत था, तो कुछ इतने अस्पष्ट थे कि उन्हें समझ पाना मुश्किल हो गया।




स्थिति तब और बिगड़ गई जब परीक्षा कक्षों में मौजूद पर्यवेक्षक, जो अन्य विषयों से संबंधित थे, छात्रों की शंकाओं का समाधान नहीं कर पाए। परिणामस्वरूप परीक्षा कक्षों में भ्रम, चिंता और असंतोष का माहौल बना रहा।

गौरतलब है कि यह परीक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के अंतर्गत विश्वविद्यालय केंद्र की एक महत्वाकांक्षी पहल मानी जा रही थी। विश्वविद्यालय प्रशासन का दावा रहा है कि प्रश्नपत्रों को अनुभवी प्राध्यापकों द्वारा तैयार करवाकर मॉडरेटर की जांच के बाद ही अंतिम रूप दिया जाता है। फिर भी, इस स्तर की चूक ने परीक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता और गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि इस लापरवाही की जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या विश्वविद्यालय प्रशासन इस त्रुटि को केवल एक तकनीकी चूक कहकर टाल देगा या दोषियों की पहचान कर छात्रों के हित में ठोस कदम उठाएगा? छात्रों और उनके अभिभावकों को अब विश्वविद्यालय की ओर से पारदर्शी जांच और ठोस कार्यवाही की प्रतीक्षा है।

## खरीफ वर्ष के लिए बीज उत्पादन कार्यक्रम 23 से 02 जुलाई तक होगी आयोजित

**जांजगीर,** 22 जून (देशबन्धु)। खरीफ वर्ष 2025 में कृषकों के प्रक्षेत्र पर उत्पादन कार्यक्रम के तहत फसल पंजीयन किया जाना है। बीज उत्पादन कार्यक्रम का आयोजन 23 जून से 02 जुलाई तक जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के सभी विकासखंडों में आयोजित की जाएगी।

बीज प्रबंधक पोखराज पटेल ने बताया कि बीज उत्पादन कार्यक्रम अंतर्गत पंजीयन कार्य सक्ती जिले में सक्ती विकासखंड में 23 जून को, डभरा विकासखंड में 24 जून को, जैजैपुर विकासखंड में 25 जून को और मालखरौदा विकासखंड में 26 जून को बीज उत्पादन कार्यक्रम आयोजन कर पंजीयन कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा विकासखंड में 27 जून को, बम्हनीडीह विकासखंड में 28 जून को, पामगढ़ विकासखंड में 30 जून को, बलौदा विकासखंड में 01 जुलाई को और नवागढ़ विकासखंड में 02 जुलाई को आयोजित की जाएगी। कृषकों को पंजीयन हेतु पासपोर्ट साईज 1 नवीन कलर फोटो, ऋण-पुस्तिका, बी-1 एवं खसरा की नकल संबंधित पटवारी से सत्यापित कराकर एवं आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा बैंक पास बुक की छायाप्रति पंजीयन के समय एक-एक प्रति में कृषक को स्वयं उपस्थित होकर पंजीयन की कार्यवाही कराकर तुरन्त बीज ले जाना है। पंजीयन बी1 में लम्बरदार कृषक के नाम से ही पंजीयन किया जाएगा तथा हिस्सेदार से लम्बरदार को सहमति पत्र लाना अनिवार्य होगा। ताकि बीज उपार्जन के समय कोई परेशानी न हो। बीज निगम में पंजीकृत रकबा का बीज सहकारी समिति में विक्रय नही किया जावे। कृषकों को बीज निगम में पंजीकृत रकबा को समिति में भी पंजीयन कराना अनिवार्य है।

# महिला एबीईओ को बीईओ का प्रभार देने सर्व शैक्षिक संगठन की मांग

### नियम विरुद्ध बाहरी ब्लॉक के एबीईओ को प्रभार देने पर जताया विरोध

**जांजगीर,** 22 जून (देशबन्धु)। बम्हनीडीह विकासखंड में कार्यरत महिला सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी (एबीईओ) रत्ना थवाईत को बीईओ का प्रभार सौंपे जाने की मांग को लेकर सर्व शैक्षिक संगठन ने शुक्रवार को कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में संगठन ने स्पष्ट किया कि शासन के नियमानुसार संबंधित ब्लॉक में कार्यरत एबीईओ को ही बीईओ का प्रभार दिया जाना चाहिए। इसके विपरीत बलौदा विकासखंड के एबीईओ ललित जाटवर को बम्हनीडीह बीईओ का प्रभार देने के साथ-साथ उन्हें वित्तीय अधिकार भी प्रदान कर दिए गए हैं, जो नियम विरुद्ध है। संगठन ने इस निर्णय को तत्काल निरस्त कर, रत्ना थवाईत को बीईओ का प्रभार सौंपने की मांग की है। संगठन में शामिल सर्व शैक्षिक संगठन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, शालेय शिक्षक संघ, सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, संयुक्त शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ लिपिक शासकीय कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं सीएसी संघ शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में भुवनेश्वर देवांगन (प्रांतीय मंत्री), धन्यकुमार पांडेय (जिलाध्यक्ष, छ.ग. शिक्षक संघ), बसंत चतुर्वेदी (प्रदेश उपाध्यक्ष), सत्येंद्र सिंह (जिलाध्यक्ष), माखन राठौर (जिला उपाध्यक्ष), विकेश केशरवानी (जिला कोषाध्यक्ष), उमेश तेम्बुलकर (ब्लॉक अध्यक्ष, बम्हनीडीह), संतोष शुक्ला (जिलाध्यक्ष, शालेय शिक्षक संघ), गोकुल जायसवाल (प्रांतीय सलाहकार), छ्री पटेल (प्रांतीय संगठन मंत्री), रविन्द्र राठौर (जिलाध्यक्ष, समग्र शिक्षक फेडरेशन), संतोष चौहान (ब्लॉक अध्यक्ष, बम्हनीडीह), विकास सिंह (जिलाध्यक्ष, संयुक्त शिक्षक संघ), कौशलेश क्षत्रिय (प्रदेश उपाध्यक्ष, लिपिक संघ), संतराम साहू (तहसील अध्यक्ष, तृतीय वर्ग संघ), लखन कश्यप एवं रामकिशोर देवांगन (सीएसी संघ) उपस्थित रहे। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि नियमानुसार निर्णय नहीं लिया गया तो आगे उग्र आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

# आज होगा ओलंपिक दौड़ एवं सम्मान समारोह

### जिला ओलंपिक संघ की बैठक संपन्न

**जांजगीर,** 22 जून (देशबन्धु)। विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले ओलंपिक दौड़ एवं सम्मान समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु जिला ओलंपिक संघ जांजगीर-चांपा की महत्वपूर्ण बैठक 21 जून को नेताजी चौक स्थित सुल्तानिया चेम्बर में संपन्न हुई।




बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 23 जून, सोमवार को प्रात: 6ः45 बजे से भव्य ओलंपिक दौड़ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अंबेश जांगड़े (भाजपा जिलाध्यक्ष) करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रेखा देवा गढेवाल (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला) की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ खेल प्रशिक्षकों, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों तथा ओलंपिक दौड़ में टॉप टेन महिला एवं पुरुष धावकों का सार्वजनिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। दौड़ की कुल दूरी 3 किलोमीटर निर्धारित की गई है।

आयोजन समिति द्वारा शीर्ष दस महिला एवं पुरुष धावकों का चयन कर उन्हें पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। बैठक में आयोजन से जुड़े सभी जरूरी व्यवस्थाओं स्वल्पाहार, प्राथमिक चिकित्सा, सुरक्षा, पेयजल, पुरस्कार, प्रमाण पत्र आदि की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में जिला ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अमर सुल्तानिया, अध्यक्ष हितेश यादव, सचिव जितेंद्र तिवारी, संयोजक गोपेश्वर कहरा, संयुक्त सचिव वरुण पाण्डेय, क्रीड़ा भारती अध्यक्ष राजीव ठाकुर, नेटबॉल संघ से राजेश राठौर, हॉकी संघ से राकेश गढेवाल, कराते संघ से वरुण पाण्डेय, जिला खेल अधिकारी प्रेमलाल पाण्डेय, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के एसएस बघेल, फेंसिंग संघ से रूखमणी रानू एवं मधु विश्वकर्मा, हैंडबॉल संघ से नरेंद्र राठौर, फुटबॉल संघ से अमितेश राठौर, रमेश सोनवानी, शतरंज संघ से देवेंद्र यादव, बैडमिंटन संघ से बृजेश अग्रवाल, हैंडबॉल संघ से गौरव कटकवार व गौरव साहू, वॉलीबॉल संघ से भीम प्रसाद श्रीवास, और रग्बी संघ से चंद्रशेखर महतो सहित अनेक खेल संघों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# योग दिवस पर जाज्वल्यदेव द्वार के पास हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

### योग स्वस्थ शरीर व आनंदित मन का आधार है- सांसद

### जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर, एसपी, जनप्रतिनिधी सहित बड़ी संख्या में बच्चों एवं नागरिकों ने किया सामुहिक योगाभ्यास

जांजगीर, 22 जून (देशबन्धु)। 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज जिला मुख्यालय स्थित भीमा तालाब, जाज्वल्य देव द्वार के पास सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुई। कार्यक्रम मे उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली बच्चों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने विभिन्न आसनों का योगाभ्यास किया। साथ ही सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने योग को अपने दिनचर्या का आधार बनाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एक पेड़ मां नाम के तहत पौधा वितरण भी किया गया।

सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विश्वभर में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ शरीर व आनंदित मन का आधार है, जो हमें आत्मानुशासन, संयम और शांति की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि करे योग-रहे निरोग इसी भावना के साथ स्वस्थ जीवनशैली के लिए नियमित योग अभ्यास करना चाहिए। योग भारत की प्राचीन जीवनशैली है, जो तन-मन और आत्मा को संतुलन में लाती है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं तथा दूसरों को भी योग के प्रति जागरूक कर स्वस्थ समाज व राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरि, पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष जांजगीर-नैला श्रीमती रेखा देवा गढेवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन यादव, गुलाब सिंह चंदेल, अमर सुलतानिया, इंजी. रवि पांडेय, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, वन मंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, विभिन्न जनप्रतिनिधि, एनसीसी, एनएसएस, विभिन्न खेल संघ पदाधिकारी, लायंस क्लब सदस्य, हसदेव के हीरो सहित विभिन्न सामाजिक संगठन के सदस्य, स्कूली छात्र-छात्राए एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दीपक कुमार यादव एवं सतीश सिंह ने किया।





### कलेक्टोरेट परिसर में लगाए गए पौधे

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज कलेक्टोरेट परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कटहल, आम, चंदन, शीशम जैसे फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे लगायें। इस आयोजन में कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, वनमंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार सहित विभिन्न अधिकारी-कर्मचारियों ने पौधे लगाए। कलेक्टर ने अपील कि हर नागरिक को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और यह संकल्प लेना चाहिए कि जब तक वह पेड़ पूरी तरह विकसित न हो जाए, तब तक उसकी देखभाल पूरी निष्ठा से की जाएगी।

## इजरायली सेना ने गाजा से तीन मृत बंधकों का शव लौटाया

**तेल अवीव,** 22 जून (एजेंसियां)। इजरायली सेना ने एक विशेष अभियान के दौरान गाजा पट्टी में मिले तीन मृत बंधकों के शव वापस लौटा दिए हैं। यह जानकारी इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने रविवार को दी। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि इज़रायली सुरक्षा एजेंसी (आईएसए) और इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) द्वारा चलाए गए एक विशेष अभियान में बंधकों ओफ्रा केदार, योनातन समेरानो और स्टाफ सार्जेंट शे लेविंसन के शव कल गाजा पट्टी से बरामद किए गए। इजरायली सेना ने कहा कि वे सभी सात अक्टूबर 2023 को इज़रायल पर हमास के हमले के दौरान मारे गए थे। सात अक्टूबर, 2023 को गाजा पट्टी की ओर से इजरायल पर अभूतपूर्व रॉकेट हमला किया गया।

### पाकिस्तान ने की अमेरिकी हमले की निंदा, बोला

# ईरान को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत बचाव करने का अधिकार

■ **तनाव बढ़ने से क्षेत्र व उससे बाहर गंभीर हानिकारक प्रभाव पड़ने की आशंका**



**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने ईरान पर अमेरिकी हवाई हमले की निंदा की है। क्षेत्र में तनाव बढ़ने की आशंका जताते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान के पास आत्मरक्षा का अधिकार है।

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने रविवार को अपने बयान में कहा कि इजरायल के बाद अमेरिका की ओर से ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी पर किए हमलों की पाकिस्तान निंदा करता है। हम इस क्षेत्र में तनाव के और बढ़ने की आशंका से बेहद चिंतित हैं। हम दोहराते हैं कि यह हमले अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों का उल्लंघन करते हैं। ईरान को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत खुद का बचाव करने का वैध अधिकार है।

बयान में आगे कहा गया कि ईरान के खिलाफ चल रहे आक्रमण के कारण तनाव और हिंसा में वृद्धि बेहद परेशान करने वाली है। तनाव बढ़ने से क्षेत्र और उससे परे गंभीर रूप से हानिकारक प्रभाव पड़ेंगे। हम लोगों के जीवन और संपत्तियों का सम्मान करने और संघर्ष को तुरंत खत्म करने की अनिवार्य आवश्यकता पर जोर देते हैं।

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी पक्षों को अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और उद्देश्यों के अनुरूप संवाद और कूटनीति ही इस क्षेत्र में संकट का समाधान निकालने का एकमात्र व्यावहारिक मार्ग है। अमेरिका ने भारतीय समय के अनुसार रविवार सुबह 4.30 बजे ईरान के तीन प्रमुख न्यूक्लियर साइट्स पर हमला किया। इनमें फोर्डो, नतांज और एस्फाहान शामिल हैं। इस हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान पिछले 40 साल से अमेरिका के खिलाफ काम कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि हमले के पीछे का मकसद ईरान की न्यूक्लियर एनरिचमेंट कैपेसिटी को बर्बाद करना था। पाकिस्तान का यह बयान इसलिए हैरान करने वाला है क्योंकि एक दिन पहले ही उसने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की वकालत की थी।

### आईडीएफ ने जो शुरू किया उसे अमेरिका ने अंजाम तक पहुंचाया : नेतन्याहू




**तेल अवीव।** अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख न्यूक्लियर साइट्स फोर्डो, नतांज और एस्फाहान पर हमला कर तबाह करने का दावा किया है। पूरा अपडेट राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में दिया। इस एयर स्ट्राइक के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका को अपना करीबी मित्र बताया। हिब्रू भाषा में जारी वीडियो स्टेटमेंट में इजरायली पीएम ने कहा कि इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने जो शुरू किया उसे अमेरिका ने अंत तक पहुंचाया।बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने संघर्ष की शुरुआत से ही ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी तबाह करने का वादा पूरा कर दिया है। अमेरिका ने ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी के खिलाफ वह काम पूरा किया है, जिसे आईडीएफ ने 13 जून को शुरू किया था। नेतन्याहू ने कहा कि ऑपरेशन की शुरुआत में, मैंने आपसे वादा किया था कि ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी को किसी न किसी तरह से तबाह कर दिया जाएगा। यह वादा पूरा किया गया है। इजरायली पीएम ने अमेरिकी प्रेसिडेंट से टेलीफोन पर हुई।

### भयानक खतरे से निपटने के लिए हमने एक टीम के रूप में किया काम : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान की न्यूक्लियर साइट्स पर हमला किया है। इस हमले के कुछ घंटों बाद ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और इजरायली सेना को अमेरिका के साथ काम करने के लिए धन्यवाद दिया। शनिवार (अमेरिकी समय) को हमलों के कुछ ही घंटों बाद ट्रंप ने मीडिया को संबोधित किया। ट्रंप ने नेतन्याहू (उन्हें उनके उपनाम 'बीबी' से पुकारते हुए) के प्रति आभार जताया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री बीबी नेतन्याहू को धन्यवाद और बधाई देना चाहता हूं। हमने एक टीम के रूप में काम किया, जैसा शायद पहले कभी किसी टीम ने नहीं किया। हम इजरायल के लिए इस भयानक खतरे को मिटाने के लिए बहुत आगे बढ़ चुके हैं। मैं इजरायली सेना को उनके शानदार काम के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका ने ईरान में तीन न्यूक्लियर साइट्स पर बमबारी की है। इसके साथ ही उन्होंने तेहरान को चेतावनी दी है कि जब तक वह इजरायल के साथ अपना संघर्ष खत्म नहीं करता, तब तक वह और सटीक हमले करेगा। इन टारगेटेड लोकेशन में अत्यधिक सुरक्षित फोर्डो, नतांज और एस्फाहान न्यूक्लियर फैसिलिटी शामिल हैं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ **बेजान दारूवाला**

**ग्रह स्थिति : सोमवार 23 जून , 2025 आषाढ़ कृष्ण पक्ष 12**

### राशिफल

मेष - पारिवारिक और ऑफिस के मैटर्स पर आप सामंजस्य रखेंगे, तो संघर्ष कम होगा। वाणी पर संयम रखना हितकर होगा, अन्यथा किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। मित्रों से लाभ प्राप्त होगा।

वृषभ - दृढ़ विचारों के कारण अपने काम को अच्छी तरह से कर सकेंगे। आपकी कलात्मकता अधिक निखरेगी। आप नए वस्त्र, अलंकार, सौंदर्य प्रसाधन और मनोरंजन के पीछे धन खर्च करेंगे। परिवार में शांति और मेल-जोल बना रहेगा।

मिथुन - आज संयमित व्यवहार आपको बहुत सी तकलीफों से बचा लेगा। आपके व्यवहार के कारण गलतफहमी हो सकती है। शारीरिक पीड़ा के कारण मानसिक अस्वस्थता की अनुभूति होगी।

कर्क - आकस्मिक धन प्राप्ति का लाभ होगा। आज का दिन अत्यंत रोमांचक और आनंदप्रद बना रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यापारियों को मुनाफा वाले सौदे होंगे। पुत्र और पत्नी से लाभ होगा।

सिंह - आज का दिन नौकरी और व्यवसाय के लिए लाभदायक है। अपने काम से सभी को प्रभावित करेंगे। दृढ़ता और आत्मविश्वास के कारण अपने काम को अच्छी तरह से पूरा कर सकेंगे। अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे।

कन्या - आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा। चिंता के कारण मानसिक परेशान रहेंगे। शारीरिक रूप से स्फूर्ति का अभाव रहने से थकान और अशक्ति का अनुभव होगा, इससे काम में भी मन नहीं लगेगा।

तुला - आपको अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना होगा। कटुवाणी और खराब व्यवहार के कारण विवाद या मतभेद हो सकता है। उग्र स्वभाव और खर्च पर अंकुश रखें। आपके विरोधी अधिक सक्रिय बनेंगे।

वृश्चिक - आज आपका दिन आनंद और मौज-मस्ती से भरपूर रहेगा। दोस्तों का साथ मिलेगा। नए वस्त्र और आभूषण पहनने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही आप स्वादिष्ट भोजन प्रवास और मनोरंजन का आनंद लेंगे।

धनु - नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा और लाभदायक लग रहा है। आपको वित्तीय लाभ हो सकता है। सहकर्मी और सेवकों से सहायता मिलेगी। सभी काम में सफलता और प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे।

मकर - आज आप मानसिक रूप से काफी अशांत और असमंजस में रहेंगे। आप कोई भी ठोस निर्णय नहीं ले पाएंगे, जिससे तनाव में रहेंगे। भाग्य आज आपके साथ नहीं रहेगा, इससे आपको काफी निराशा का अनुभव होगा।

कुंभ - अत्यधिक संवेदनशील होने के कारण आज आप मानसिक बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। इस कारण जिद्दीपन आएगा। सार्वजनिक रूप से मानहानि न हो, इसका ध्यान रखें।

मीन - आज का दिन महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए शुभ है। विचारों में दृढ़ता रहेगी, काम अच्छी तरह से पूरे होंगे। सृजनात्मक और कलात्मक शक्ति में वृद्धि होगी। दोस्तों या परिजनों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## संयुक्त राष्ट्र ने की शांति सैनिकों पर हुए घातक हमले की कड़ी निंदा

**याउंडे,** 22 जून (एजेंसियां)। मध्य अफ्रीकी गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र (संरा) शांति मिशन ने देश के उत्तर में गश्ती दल पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है जिसमें एक जाम्बियाई शांति सैनिक भी मारा गया।



संयुक्त राष्ट्र की बहुआयामी एकीकृत स्थिरीकरण मिशन के तहत सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक (मिनस्का) में गश्त कर रही टीम पर अज्ञात बंदूकधारियों ने हमला कर दिया। इस हमले में दो जांबियन शांतिरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें एक की बाद में मौत हो गई। बयान में कहा गया कि साल 2025 की शुरुआत से मिनस्का गश्त दलों पर यह तीसरा घातक हमला है।

मिशन प्रमुख वैलेंटाइन रुगवाबीज़ा ने चेतावनी दी कि ऐसे हमले अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध अपराध माने जा सकते हैं। उन्होंने सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक की सरकार से अपील की कि हमलावरों की पहचान कर उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाए। हाल के महीनों में देश में सुरक्षा हालात बिगड़े हैं। फरवरी और मार्च में हुए अलग-अलग हमलों में एक ट्यूनीशियाई तथा एक केन्याई शांतिरक्षक की भी मौत हो गई।

# कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ दो और सीमा चौकी बंद की



■ **दोनों आसियान सदस्य देशों के बीच चल रहा सीमा विवाद**

**नोम पेन्ह,** 22 जून (एजेंसियां)। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने रविवार को कहा कि थाईलैंड के साथ दो और सीमा चौकियों को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि दोनों आसियान सदस्य देशों के बीच कुछ समय से सीमा विवाद चल रहा है। श्री मानेट ने कहा कि थाई सेना ने शनिवार रात कंबोडिया के ओद्दार मीन्चे प्रांत के गवर्नर को रविवार से चौब कोरकी सीमा चौकी बंद करने के अपने एकतरफा निर्णय की जानकारी दी। श्री मानेट ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि मैं गवर्नर से सहमत हूं कि हम उस सीमा चौकी को भी स्थायी रूप से बंद कर देंगे। मैंने गवर्नर को थाई पक्ष को यह भी सूचित करने का निर्देश दिया कि कंबोडिया ने आज से चौब कोरकी सीमा चौकी के साथ-साथ चोआम में एक और सीमा चौकी को भी बंद करने का निर्णय लिया है। कंबोडियाई प्रधानमंत्री ने कहा कि सात जून से थाई सेना ने दोनों देशों के नागरिकों पर पड़ने वाले इसके नकारात्मक प्रभावों पर उचित विचार किए बिना ही कंबोडिया एवं थाईलैंड के बीच सीमा चौकियों को एकतरफा रूप से बंद कर दिया।

श्री मानेट ने कहा कि कंबोडिया का कभी भी यह इरादा नहीं था कि वह दोनों देशों के नागरिकों के लिए कठिनाई उत्पन्न करे, जिन्हें सीमा चौकियों का उपयोग करने की आवश्यकता होती है। फिर भी अगर थाई सेना कंबोडिया पर दबाव डालने के लिए इस तरीके का उपयोग करना जारी रखती है तो कंबोडिया किसी भी समय इसका जवाब दे सकता है।

# पाकिस्तान के सात जिलों में पोलियो वायरस का असर

**इस्लामाबाद,** 22 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) ने एक रिपोर्ट में कहा कि पाकिस्तान के सात जिलों से एकत्र पर्यावरण नमूनों में जंगली पोलियोवायरस टाइप 1 (डब्ल्यूपीवी1) पाया गया है।

इस्लामाबाद स्थित एनआईएच के पोलियो उन्मूलन के लिए क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला के अनुसार, ये नमूने पाकिस्तान के चल रहे पर्यावरण निगरानी कार्यक्रम के तहत 8 मई से 23 मई के बीच एकत्र किए गए थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर और क्वेटा, पूर्वी पंजाब प्रांत के रावलपिंडी, उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान ऊपरी और दक्षिण वजीरिस्तान निचले तथा दक्षिणी सिंध प्रांत के लरकाना और मीरपुर खास से लिए गए सीवेज के नमूनों में डब्ल्यूपीवी1 की पुष्टि हुई है। इसमें कहा गया है कि पंजाब प्रांत के लाहौर और बलूचिस्तान प्रांत के पिशिन से लिए गए नमूनों की रिपोर्ट निगेटिव आई है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तान पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम ने 2025 में तीन राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान चलाए हैं, जिनमें 400,000 से अधिक फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के सहयोग से पांच वर्ष से कम आयु के 45 मिलियन से अधिक बच्चों तक पहुंच बनाई गई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस कार्यक्रम ने सितंबर 2024 से कठोर टीकाकरण रणनीति लागू की है, जिससे देश भर में पोलियो के मामलों और सकारात्मक पर्यावरणीय नमूनों में लगातार गिरावट आई है।



■ **2025 से पाकिस्तान में पोलियो वायरस के 12 नए मामले सामने आए**

## ईरान से हर दिन लौट रहे 10 हजार अफगानी शरणार्थी

**काबुल,** 22 जून (एजेंसियां)। मध्य पूर्व में युद्ध और असुरक्षा के चलते ईरान में रह रहे लगभग 10 हजार अफगानी शरणार्थी हर दिन अपने वतन लौट रहे हैं। अफगान मीडिया संगठन टोलो न्यूज़ ने शनिवार रात को यह जानकारी दी।



टोलो न्यूज़ ने इस्लाम क़ला सीमा चौकी के उप निदेशक अब्दुल रहीम रहमानी के हवाले से रिपोर्ट में कहा कि हाल ही में ईरान में युद्ध और असुरक्षा के कारण वहां से शरणार्थियों की वापसी तेज़ हुई है। प्रतिदिन आठ हजार से 10 हजार लोग पश्चिमी हेरात प्रांत के इस्लाम क़ला सीमा बिंदु के रास्ते वापस लौट रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार दो हजार से तीन हज़ार अफगान नागरिक और लगभग 300 परिवार रोज़ाना निमरोज़ प्रांत के जरिए भी अफगानिस्तान लौट रहे हैं। ईरान में 13 जून से शुरू हुए इजरायली हवाई हमलों के बाद अफगान शरणार्थियों में डर और असुरक्षा की भावना बढ़ गयी है। राजधानी तेहरान सहित कई शहरों और प्रांतों में हुये हमलों के बाद हजारों अफगान नागरिक युद्ध से बचने के लिए अपने देश लौटने लगे हैं।

## आज का इतिहास

1661 –सम्राट चार्ल्स द्वितीय का पुर्तगाल की राजकुमारी से विवाह हुआ और पुर्तगाल ने दहेज के तौर पर बम्बई को ब्रिटेन को सौंप दिया।

1757 –पलासी की लड़ाई में अंग्रेजों के हाथों सिराजुद्दौला की हार और वह ऊंट पर बैठकर निकल भागा।

1761 –मराठा शासक पेशवा बालाजी बाजी राव का निधन।

1810 –बाम्बे के डंकन डॉक का निर्माण कार्य पूरा।

1868 –क्रिस्टोफर एल शोल्स को टाइपराइटर के लिए पेटेंट मिला।

1953 –जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का कश्मीर में एक अस्पताल में निधन।

1960 –जापान और अमेरिका के बीच सुरक्षा समझौता।

1980 –पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के छोटे पुत्र संजय गांधी की विमान दुर्घटना में मौत।

1985 –एयर इंडिया का एक यात्री विमान आयरलैंड तट के करीब हवा में दुर्घटनाग्रस्त। सभी 329 यात्रियों की मौत।

1992 –न्यूयॉर्क के अपराध जगत के सरगना और क्षेत्र के सबसे बड़े माफिया परिवार के प्रमुख गोत्ती को धोखाधड़ी और हत्या के पांच मामलों में उम्रक़ैद की सजा सुनाई गई।

1994 –संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने दक्षिण अफ़्रीका की सदस्यता को मंजूर किया।

1994 –उत्तरी कोरिया द्वारा परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगाने की घोषणा।

1996 –शेख हसीना वाजिद ने बंगलादेश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

2008 –टायर बनाने वाली देश की प्रमुख कम्पनी जेके टायर इण्डिया लिमिटेड ने मैक्सिको की टायर कम्पनी टोर्नल एवं उसकी सहायक कम्पनियों का 270 करोड़ डालर में अधिग्रहण किया।

**तैयारी** 'ऑपरेशन सिंधु' की तर्ज पर कई मिशन, जब दुनिया ने देखा मोदी सरकार का दम

# भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा को देती है सर्वोच्च प्राथमिकता

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। जब पश्चिम एशिया एक बार फिर युद्ध के मुहाने पर खड़ा है, भारत ने अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 'ऑपरेशन सिंधु' की शुरुआत की है। यह विशेष राहत मिशन ईरान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापस लाने के लिए शुरू किया गया है, जहां हालिया दिनों में इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष चरम पर पहुंच गया है। ईरान की ओर से भारत के लिए एयरस्पेस खोलने की अनुमति मिलते ही यह ऑपरेशन गति पकड़ चुका है। सरकार के सहयोग से यह निकासी अभियान जारी है और रविवार शाम तक 1,428 भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं।

■ **युद्ध जैसे हालात में ईरान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालना है उद्देश्य**

'ऑपरेशन सिंधु' भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा एक मानवीय राहत अभियान है, जिसका उद्देश्य युद्ध जैसे हालात में ईरान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालना है। यह केंद्र की मोदी सरकार की उस नीति का हिस्सा है, जिसके तहत विदेशों में रह रहे हर भारतीय की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। भले वह दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हो। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में कई सफल राहत और बचाव अभियान चलाए हैं, जो वैश्विक स्तर पर मानवीय मूल्यों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

ऑपरेशन राहत (2015) : यमन संकट के दौरान 4,640 भारतीयों के साथ 41 देशों के 960 नागरिकों की सुरक्षित निकासी।



ऑपरेशन मैत्री (2015) नेपाल भूकंप के बाद 43,000 से अधिक भारतीयों को निकाला गया और राहत पहुंचाई गई। ऑपरेशन संकट मोचन (2016) : दक्षिण सूडान से 300 भारतीयों और नेपाली नागरिकों की निकासी। लीबिया (2019) : सीआरपीएफ के जवानों समेत 500 से ज्यादा भारतीयों की सुरक्षित वापसी। ऑपरेशन समुद्र सेतु (2020) : कोरोना महामारी के दौरान तीन देशों से नौसेना के जरिए 3,992 भारतीयों की वापसी। वंदे भारत मिशन (2020) : कोविड संकट के दौरान 67.5 लाख से अधिक भारतीयों की वैश्विक वापसी।

ऑपरेशन देवी शक्ति (2021) : तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान से 500 से ज्यादा भारतीय और अफगान सिख समुदाय के लोगों को निकाला गया। ऑपरेशन गंगा (2022) : यूक्रेन युद्ध के दौरान 18,282 भारतीयों और अन्य 18 देशों के नागरिकों को सुरक्षित लाया गया।

ऑपरेशन कावेरी (2023) : सूडान संकट से 3,961 भारतीयों और 136 विदेशियों की निकासी।

ऑपरेशन अजय (2023) : इजरायल-हमास संघर्ष के दौरान 1,300 भारतीयों को सुरक्षित निकाला गया। ऑपरेशन ब्रह्मा (2025) : म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद 5,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित लाया गया।

## सुडोकू 6952


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 6 | | | | | |
| 7 | | 3 | | | 1 | 8 | | 5 |
| | 5 | | | 8 | 4 | | | |
| | | 2 | | | | | 5 | 4 |
| | | 6 | | | | 9 | | |
| 4 | 7 | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | 9 | | | 1 | |
| 1 | | 9 | 8 | | | 3 | | 7 |
| | | | | | 3 | | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6952



**बायें से दायें:-**

१. विष्णु की माला. झंडा, चिन्ह, विजय माल
३. पारा
५. रचना, बनावट, उत्पादन
६. सूर्यपुत्री, यमुना
७. मूर्ख, नादान, अविवेकी (उर्दू)
९ .सहायता(उर्दू)
१०. झुका हुआ गिरा हुआ, पिछड़ा हुआ, विनीत
१२. पाचनशक्ति(उर्दू)
१३. कोमल, नरम
१४. बूढ़ा आदमी
१६. देखना, एकटक देखना
१८. शीतल और मंद वायु
२०. राजा सगर के साठ हजार पुत्रों को शाप देकर भस्म कर देने वाले एक मुनि, भूरा, बादामी
२१. बुद्धिमानी
२३. अंधकार से दूर करने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. पृथ्वी और यमलोक के बीच एक पौराणिक नदी
२. यंत्रयोग से बंधा हुआ, ताला लगाया हुआ जकड़ा हुआ बंद किया हुआ
३. युद्धभूमि में होने वाली आवाज
४. चार दिशाओं में से एक
५. धन सुख, स्वादिष्ट भोजन, ईश्वर की देन(उर्दू)
८. बेकार काम करना, वक्त बरबाद करना (मुहावरा)
१०. अपवित्र, नापाक
११. कमल
१२. स्थिति, दशा(उर्दू)
१३. शिकार, आखेट
१४. वर्षा करने वाला, मेघ
१५. अज्ञानता(उर्दू)
१७. भैंस का नर बच्चा
१८. वृद्धि करना
१९. रचनाकार
२२. गन्ना

### वर्ग पहेली-6951

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ इ | बा | २ र | त | ■ | ■ | ३ प | र | ४ जी | वी |
| ष्ट | ■ | ह | ■ | ५ स | वा | ल | ■ | व | ■ |
| ६ दे | व | ना | ग | री | ■ | ७ ट | मा | ट | ८ र |
| व | ■ | ■ | ■ | ९ सृ | ज | न | ■ | ■ | वि |
| ■ | १० अ | भि | ११ शा | प | ■ | ■ | १२ नि | शां | त |
| ■ | र्ज | ■ | बा | ■ | १३ वि | ध | वा | ■ | न |
| १४ व | न | १५ वा | सी | ■ | र | ■ | १६ स | १७ म | य |
| श | ■ | रां | ■ | १८ अं | त | १९ र | ■ | हे | ■ |
| २० व | र्षा | ग | ■ | ब | ■ | २१ ज | ला | श | २२ य |
| र्ची | ■ | २३ ना | फ | र | मा | नी | ■ | ■ | क्ष |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

### सुडोकू 6952 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 4 | 5 |
| 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 8 | 2 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 4 | 8 | 9 | 7 | 2 |
| 4 | 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 3 |
| 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 2 | 5 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 9 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 6 | 9 |

## दुनिया को जानें

# नासा ने टाल दी एक्सिओम 4 मिशन की लॉन्चिंग

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। नासा ने एक्सिओम मिशन 4 को एक बार फिर टाल दिया है। ये मिशन पोलैंड और हंगरी के साथ-साथ भारत के लिए भी काफी महत्वपूर्ण है। इसमें भारत अपना अंतरिक्ष यात्री भी भेजेगा, जिसके लिए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को चुना गया है। इसके पहले भी अलग-अलग वजहों से मिशन को कई बार टाला जा चुका है। एक्सिओम मिशन 4 पूरी तरह से निजी मिशन है, जिसे एक्सिओम स्पेस, नासा और स्पेसएक्स मिलकर संभाल रहे है। भारत भी इस मिशन पर 550 करौड़ रुपए खर्च कर रहा है।

एक्सिओम मिशन-4 को इस बार टालने की वजह इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के रूसी मॉड्यूल ज्वेज्दा में एयर लीक की समस्या है, जिससे प्रेशर सिग्नेचर की स्थिति बन गई थी। मरम्मत के बाद वहां से आ रहे डेटा को रिव्यू करने के लिए अधिक समय की जरूरत है, जिसके कारण फिर से मिशन को टाला गया है। इसके पहले 22 जून को लॉन्चिंग तय की गई थी, लेकिन नासा लॉन्चिंग से पहले मिशन और अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से पूरी संतुष्टि चाहता है। नई तारीख की घोषणा जल्द की जाने की उम्मीद है।

# खेल जगत

## शुक्ल ने अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप का किया शुभारंभ

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रविवार को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप का शुभारंभ किया। 'नशा छोड़ो-खेल-खेलो' थीम पर आधारित इस चैम्पियनशिप का आयोजन हिमाचल प्रदेश प्रोफेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। श्री शुक्ल ने आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रहे राजा वीरभद्र सिंह की याद में इस चैम्पियनशिप का आयोजना करवाना उनके प्रति लोगों की सच्ची श्रद्धांजलि है। दूरदर्शिता और समर्पण भाव से परिपूर्ण उनका जीवन, प्रदेश के लोगों को पीढ़ी दर पीढ़ी प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि वह हिमाचल के दूरदर्शी नेता होने के साथ-साथ राजनीति के दिग्गज थे जिन्होंने हिमाचल प्रदेश के समग्र विकास में अमूल्य योगदान दिया।



# पंत नंबर 5 पर लगातार कर रहे बेहतर प्रदर्शन : रवि शास्त्री



**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध हैं और उन्होंने नंबर 5 पर उनकी निरंतरता की सराहना की।

भारत के उप-कप्तान ने अपना सातवां टेस्ट शतक और इंग्लैंड में तीसरा शतक लगाया, जो किसी भी मेहमान विकेटकीपर द्वारा बनाया गया सर्वश्रेष्ठ है। अब वह भारत के लिए विकेटकीपर के रूप में सबसे अधिक टेस्ट शतकों का रिकॉर्ड रखते हैं, जो एमएस धोनी के छह शतकों से आगे निकल गए हैं। शास्त्री ने बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा कि सबसे पहले, वह कमाल के हैं। मैंने पहले दिन भी ऐसा देखा। और मुझे जो दिखा, वह पसंद आया। क्योंकि वह बाकी खिलाड़ियों से अलग हैं। वह अपनी शर्तों पर खेलते हैं। कई बार, वह नंबर गेम खेलते हैं। कई बार, वह वही करते हैं जो उनका मन कहता है। मेरे लिए ऋषभ पंत ऐसे ही हैं। उन्होंने कहा कि यह एक पैकेज है। टेस्ट मैच में यह बेहद खतरनाक हो सकता है। और मुझे लगता है कि जब से वह नंबर पांच पर आया है, तब से वह बेहद लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 134 रनों की शानदार पारी खेली और कप्तान शुभमन गिल के साथ 209 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी में भी शामिल रहे, जिन्होंने टेस्ट कप्तानी की अपनी पहली पारी में 147 रन बनाए, जो इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर भी है। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने पंत की मौजूदगी और मैच की किसी भी स्थिति पर उनके प्रभाव पर प्रकाश डाला। उदाहरण के लिए, यदि आप तीस रन पर तीन विकेट खो चुके हैं, तो आप किसी और को भेजने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। लेकिन उसके साथ, वह इतना आक्रामक है कि वह खेल का रुख बदल सकता है। और फिर, आप जानते हैं, दूसरों के लिए इसका अधिकतम लाभ उठाना। इसे देखने का दूसरा तरीका यह है कि क्या उसे आज जैसा मंच मिला है।

### पंत ने टेस्ट मैच में शतक बनाने का रिकॉर्ड तोड़ा



**लीड्स।** इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में अपना सातवां टेस्ट शतक लगाने वाले विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि उन्होंने शुरू में तीन जश्न मनाने के तरीकों पर विचार किया था, लेकिन आखिरकार उन्होंने एक जाना-पहचाना तरीका चुना - फ्रंट हैंडस्प्रिंग। पंत ने आश्चर्यजनक 134 रन बनाए और अब भारत के लिए विकेटकीपर के रूप में सबसे अधिक टेस्ट शतक बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है, उन्होंने दिग्गज एमएस धोनी के छह शतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। यह पंत का इंग्लैंड में तीसरा टेस्ट शतक भी था - जो एक बड़ी उपलब्धि है, देश में किसी भी अन्य मेहमान विकेटकीपर के नाम एक से अधिक टेस्ट शतक नहीं है। पंत ने तीसरे दिन के खेल से पहले भारत के अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के साथ बातचीत में कहा कि मेरे दिमाग में तीन जश्न थे - आंख पर ओके का संकेत (जो फुटबॉलर डेले एली करते हैं), दूसरा 'बल्लेबाज को बोलने दें'।

### जसप्रीत बुमराह भारत के सर्वकालिक महानतम तेज गेंदबाज हैं : रवि शास्त्री

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत के पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बताया है। भारत-इंग्लैंड के बीच लीड्स में टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला जारी है है। मैच के दूसरे दिन बुमराह ने 12 ओवरों में 48 रन देकर तीन शिकार किए, जबकि भारतीय गेंदबाजी लाइन-अप के शेष खिलाड़ी उनका साथ देने में नाकाम रहे। रवि शास्त्री ने 'स्काई स्पोर्ट्स' के साथ बातचीत में कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि वह भारत के सबसे महान तेज गेंदबाज हैं। मैंने कपिल देव के साथ खेला है, लेकिन यह खिलाड़ी अलग है। वह किसी भी सर्फेस पर, किसी भी फॉर्मेट में किसी भी विपक्षी टीम को ध्वस्त कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता था कि मैल्कम मार्शल सबसे बेहतरीन गेंदबाज थे, जो बल्लेबाज को पढ़कर उसे सेट करते थे, लेकिन बुमराह उनसे ज्यादा पीछे नहीं हैं। जहां मैंने बुमराह को बेहतर होते देखा है, वह है नई गेंद से स्विंग हासिल करना। जब वह नई गेंद से स्विंग कराने लगते हैं, तो दुनिया का कोई भी बल्लेबाज उन्हें आसानी से नहीं खेल सकता।

## भारत बनाम इंग्लैंड

# सचिन तेंदुलकर से आगे निकले जो रूट

### रूट भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने



■ भारत के खिलाफ अपने ही देश में रूट सात टेस्ट शतक लगा चुके हैं

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट एक 'अनूठे रिकॉर्ड' के मामले में सचिन तेंदुलकर से आगे निकल चुके हैं। रूट भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट इतिहास में इंग्लैंड की सरजमीं पर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। जो रूट ने भारत के खिलाफ इंग्लैंड में कुल 16 टेस्ट खेले हैं, जिसकी 26 पारियों में उन्होंने 72.81 की औसत के साथ 1602 रन जड़े। जो रूट ने इंग्लैंड की सरजमीं पर भारत के विरुद्ध अपना पहला टेस्ट जुलाई 2014 में खेला था। पहली ही पारी में उन्होंने नाबाद 154 रन जड़े थे। भारत के खिलाफ अपने ही देश में रूट सात टेस्ट शतक लगा चुके हैं। इंग्लैंड की सरजमीं पर भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के दौरान सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों के मामले में जो रूट सचिन तेंदुलकर को पछाड़कर नंबर-1 बन चुके हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ उसी की सरजमीं पर 17 टेस्ट की 30 पारियों में 54.31 की औसत के साथ 1575 रन जड़े थे। इस लिस्ट में राहुल द्रविड़ तीसरे स्थान पर हैं। द्रविड़ ने भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के दौरान इंग्लैंड में कुल 1376 रन जड़े, जबकि एलेस्टेयर कुक 1196 रन बनाकर चौथे स्थान पर मौजूद हैं। लिस्ट में पांचवें नंबर पर सुनील गावस्कर का नाम है, जिन्होंने 1152 रन जड़े हैं। हेडिंग्ले में खेले जा रहे (इस सीरीज का) पहले टेस्ट मैच की बात करें, तो पहली पारी में टीम इंडिया 471 रन पर सिमट गई।

### बेन डकेट ने पोप के नाबाद शतक की सराहना की

**लीड्स।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट के दूसरे दिन ओली पोप के नाबाद शतक की सराहना की। उन्होंने स्वीकार किया कि दबाव में ओली को शतक बनाते देख उनके रोंगटे खड़े हो गए थे। पोप भारत के खिलाफ सीरीज में दबाव में आए थे, भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब रिकॉर्ड के बाद तीसरे नंबर पर उनके स्थान को लेकर संदेह था और जिम्बाब्वे के खिलाफ 171 रन की पारी से भी उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। कई लोग तो यह भी सुझाव दे रहे थे कि जैकब बेथेल को उनकी जगह लेनी चाहिए, खासकर इस सर्दी में होने वाली एशेज को देखते हुए। पोप ने अपना नौवां टेस्ट शतक मनाया, उन्होंने जसप्रीत बुमराह की इन-सीमर को लेग साइड की ओर इनसाइड एज करके 125 गेंदों में 13 चौकों की मदद से 100 रन बनाए, जबकि इंग्लैंड एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के पहले टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप्स तक 49 ओवर में 209/3 पर पहुंचकर भारत से 262 रन पीछे है। डकेट ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा कि मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे। आप एक रन पर आउट हो जाते हैं और वह आकर सारा दबाव अपने ऊपर ले लेता है और तेजी से रन बनाता है।

# भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने डेविड लॉरेंस को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांधी



■ मोटर न्यूरॉन डिजीज से जूझने के बाद लॉरेंस का 61 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

**लीड्स।** भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के तीसरे दिन पूर्व इंग्लिश तेज गेंदबाज डेविड लॉरेंस को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांधी, जिनका शनिवार को निधन हो गया था। रविवार को तीसरे दिन खेल शुरू होने से पहले दोनों टीमों और दर्शकों ने लॉरेंस को श्रद्धांजलि दी । बीसीसीआई ने एक्स पर पोस्ट किया, दोनों टीमें इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर डेविड 'सिड' लॉरेंस को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांध रही हैं, जिनका दुखद निधन हो गया है। मोटर न्यूरॉन डिजीज (एमएनडी) से जूझने के बाद लॉरेंस का 61 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लॉरेंस परिवार की ओर से ग्लूस्टरशायर द्वारा साझा किए गए एक बयान में कहा गया, हमें बहुत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि डेव लॉरेंस एमबीई का निधन मोटर न्यूरॉन बीमारी से उनकी बहादुरी भरी लड़ाई के बाद हुआ है। 'सिड क्रिकेट के मैदान पर और उसके बाहर एक प्रेरणादायक व्यक्ति थे और उनके परिवार के लिए तो यह और भी प्रेरणादायक था, जो उनके निधन के समय उनके साथ थे। 1988 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद, लॉरेंस ने 1988 और 1992 के बीच पाँच टेस्ट खेले, जिसमें उन्होंने 18 विकेट लिए, जिसमें 1991 में द ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ़ एक प्रसिद्ध पांच विकेट हॉल शामिल था - उसी पारी में उन्होंने महान विव रिचर्ड्स को आउट किया था।

1992 में वेलिंगटन, न्यूज़ीलैंड में एक टेस्ट मैच के दौरान घुटने में लगी एक भयानक चोट के कारण उनका अंतरराष्ट्रीय करियर दुखद रूप से समाप्त हो गया। 2023 में, उन्हें मोटर न्यूरॉन बीमारी का पता चला, जो एक जीवन को छोटा करने वाला न्यूरोलॉजिकल विकार है, जो मांसपेशियों की कमजोरी का कारण बनता है जो कुछ महीनों या वर्षों में खराब हो जाता है।

28 जनवरी, 1964 को जन्मे लॉरेंस ने 1981 में ग्लूस्टरशायर के लिए मात्र 17 वर्ष की आयु में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने ग्लूस्टरशायर के लिए 170 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें 31.27 की औसत से 477 विकेट लिए, जिसमें वारविकशायर के खिलाफ 47 रन देकर 7 विकेट का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी शामिल है। 16 साल के करियर में, वे अपनी निडर तेज गेंदबाजी के लिए क्लब आइकन बन गए। वनडे क्रिकेट में, उन्होंने 110 मैचों में 148 विकेट लिए, जिसमें 1991 में संयुक्त विश्वविद्यालय एकादश के खिलाफ 20 रन देकर 6 विकेट शामिल हैं - जो ग्लूस्टरशायर के 50 ओवर के इतिहास में तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# मांजरेकर ने बुमराह की तुलना रिचर्ड हेडली से की



**लीड्स,** 22 जून (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने जसप्रीत बुमराह की हर बार आक्रमण पर आने पर विकेट चटकाने की उनकी क्षमता की प्रशंसा की और भारतीय तेज गेंदबाज की तुलना न्यूजीलैंड के महान गेंदबाज रिचर्ड हेडली से की, जो 400 टेस्ट विकेट तक पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे। शुभमन गिल के करियर के सर्वश्रेष्ठ 147 और ऋषभ पंत के आश्चर्यजनक 134 रन (इस प्रारूप में उनका सातवां शतक) के बाद जब भारत 113 ओवर में 471 रन पर आउट हो गया, तो इंग्लैंड को खतरनाक बुमराह से निपटना पड़ा, जिन्होंने 3-45 विकेट लिए। लेकिन ओली पोप और बेन डकेट ने दूसरे विकेट के लिए 122 रन जोड़कर इंग्लैंड की पारी को कुछ हद तक सामान्य बना दिया और मेजबान टीम ने दिन का खेल 209/3 पर समाप्त किया, जो भारत से 262 रन पीछे था। हमने अब तक मैच में चार शतक देखे हैं-तीन भारत से और एक इंग्लैंड से - लेकिन कौन सा गेंदबाज वास्तव में खास रहा है? मेरे लिए, यह सिर्फ बुमराह है। फिर भी, हर बार जब वह आक्रमण पर आता है तो विकेट लेने की उसकी क्षमता ही सबसे अलग है। एक गेंदबाज जो दिमाग में आता है, जो अकेले ही इस तरह का प्रभाव डालता है, वह है सर रिचर्ड हैडली। वह अपेक्षाकृत कमजोर आक्रमण वाली न्यूजीलैंड टीम के लिए खेला, लेकिन हर बार जब वह आया, तो आपको लगा कि विकेट नजदीक है। दोनों के बीच आम बात महारत है - जब मैंने हैडली को करीब से देखा, तो मुझे लगा कि वह अपने काम का सच्चा मास्टर है। मांजरेकर ने जियो हॉटस्टार पर कहा कि मुझे बुमराह के साथ भी यही लगता है। जबकि डकेट 62 रन पर आउट हो गए, पोप ने अपनी सामान्य नर्वस शुरुआत से उबरते हुए 13 चौकों की मदद से अपना नौवां टेस्ट शतक बनाया।

## सार संक्षेप

### एमएलसी 225: मिशेल ओवेन का अर्द्धशतक

**नई दिल्ली।** मेजर लीग क्रिकेट-225 (एमएलसी) के 11वें मैच में वाशिंगटन फ्रीडम ने एमआई न्यूयॉर्क के खिलाफ 2 विकेट से जीत हासिल की। इसी के साथ फ्रीडम ने सीजन में अपनी तीसरी जीत दर्ज की है, जिसके साथ टीम प्वाइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, तीसरी हार के साथ एमआई न्यूयॉर्क चौथे पायदान पर है। डलास में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई न्यूयॉर्क ने निर्धारित 2 ओवरों में चार विकेट खोकर 188 रन बनाए। टीम को क्विंटन डी कॉक और मोनांक पटेल ने शानदार शुरुआत दिलाई। इस सलामी जोड़ी के बीच 6.1 ओवरों में 7 रन की साझेदारी हुई। मोनांक ने 2 गेंदों में 32 रन जड़े। इस दौरान उन्होंने पांच चौके लगाए। इसके बाद क्विंटन डी कॉक ने कप्तान निकोलस पूरन के साथ दूसरे विकेट के लिए 44 रन जोड़े। क्विंटन डी कॉक इस पारी में अर्धशतक लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज रहे। उन्होंने 34 गेंदों में 2 छक्कों और सात चौकों की मदद से 55 रन की पारी खेली। निकोलस पूरन 3 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुए, जबकि माइकल ब्रेसवेल ने 24 गेंदों में तूफानी 42 रन बनाए।

### मामेलोडी सनडाउन्स को हराकर डॉर्टमुंड ग्रुप एफ में शीर्ष पर

**सिनसिनाटी।** बोरूसिया डॉर्टमुंड फीफा क्लब विश्वकप में रोमांचक मुकाबले में मामेलोडी सनडाउन्स को हराकर ग्रुप 'एफ' में शीर्ष पर पहुंच गया है। टीक्यूएल स्टेडियम में शनिवार रात खेले गये ग्रुप एफ के मुकाबले में डॉर्टमुंड ने मामेलोडी सनडाउन्स पर 4-3 से रोमांचक जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में सनडाउन्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11वें मिनट गोल किया। इसके पांच मिनट बाद डॉर्टमंड के फेलिक्स नेमेचा ने सनडाउन्स के गोलकीपर रॉनवेन विलियम्स की गलती का फायदा उठाते हुए गोलकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद डॉर्टमंड की ओर से 34वें मिनट में जूलियन ब्रांट के सटीक क्रॉस से सेरहो गुइरासी ने एक क्लोज-रेंज हेडर लगाकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। जॉब बेलिंगहैम ने हाफटाइम से ठीक पहले अपना पहला गोल किया। 59वें मिनट में खुलिसो मुडाऊ ने गोलकर डॉर्टमंड की बढ़त को 4-1 कर दिया।

### अलकाराज और लेहेका के बीच होगा फाइनल मुकाबला

**लंदन।** स्पेन के स्टार कार्लोस अलकाराज और चेक गणराज्य के जिरी लेहेका के बीच एटीपी 5 क्वींस क्लब चैंपियनशिप में पुरुष एकल फाइनल का मुकाबला खेला जायेगा। अलकाराज शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में हमवतन रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत को 6-4, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। एक अन्य मुकाबले में 23 वर्षीय जिरी लेहेक्का ने दूसरे सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जैक ड्रेपर को हराया। घरेलू प्रशंसकों को उम्मीद थी कि अल्काराज और जैक ड्रेपर के बीच फाइनल मुकाबला होगा, लेकिन लेहेक्का ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे वरीय खिलाड़ी को 6-4, 4-6, 7-5 से हराकर नई पटकथा लिख दी।

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम आज मंगोलिया से भिड़ेगी

**चियांग माई ( थाईलैंड ),** 22 जून (एजेंसियां)। भारतीय सीनियर महिला टीम सोमवार को ग्रुप बी मुकाबले में मंगोलिया की टीम के खिलाफ एएफसी एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

चियांग माई स्टेडियम की 700वीं वर्षगांठ पर 70वीं रैंकिंग वाली भारतीय महिला टीम 126 रैंकिंग पर काबिज मंगोलिया की टीम से मुकाबला करेगी। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में भारतीय फुटबॉल की टीम का कार्यक्रम इस प्रकार है। भारतीय टीम 23 जून को मंगोलिया, 29 जून को तिमोर लेस्ते, दो जुलाई को इराक और पांच जुलाई को मेजबान थाईलैंड से मुकाबला करेगी। भारतीय टीम के सभी मुकाबले चियांग माई स्टेडियम खेलें जायेंगे। केवल ग्रुप विजेता ही मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे।

एएफसी महिला एशियाई कप 2026 फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 के लिए क्वालीफायर के रूप में भी काम करेगा। एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए भारत की 23 सदस्यीय टीम इस प्रकार है।

# कनाडा ने हासिल किया टी-2 विश्व कप 226 के लिए क्वालिफिकेशन



■ कनाडा ने अब तक अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। कनाडा ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप-2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अमेरिका क्वालीफायर में कनाडा ने बहामास के खिलाफ जीत हासिल करके टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की है, जो मौजूदा अभियान में उनकी लगातार पांचवीं जीत है। आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप अमेरिका रीजन फाइनल-2025 में 21 जून को कनाडा और बहामास के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें कनाडा ने सात विकेट से जीत दर्ज की। किंग सिटी में खेले गए इस मैच में बहामास की टीम महज 57 रन पर सिमट गई थी, जिसके बाद कनाडा ने महज 5.3 ओवरों में सात विकेट शेष रहते जीत दर्ज कर ली। कनाडा ने अब तक अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं। टीम प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान पर है। 18 जून को एक अन्य मुकाबले में भी कनाडा की टीम बहामास के खिलाफ डकवर्थ लुईस नियम के तहत 10 विकेट से जीत दर्ज कर चुकी थी। इसके अलावा उसने बरमूडा को 110 रन, केमैन आइलैंड पर 59 रन से जीत दर्ज की थी। एक अन्य मुकाबले में कनाडा ने केमैन आइलैंड के खिलाफ 42 रन से मैच जीता था। यह दूसरी बार होगा, जब कनाडा, भारत में किसी विश्व कप में हिस्सा लेगा। इससे पहले वनडे विश्व कप-2011 में भी यह देश भाग ले चुका है, जो भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश में संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। कनाडा 20 टीमों के आयोजन के लिए पहले से ही क्वालीफाई कर चुकी 10 टीमों की लिस्ट में शामिल हो गया है। इसमें सह-मेजबान भारत और श्रीलंका भी हैं। अन्य योग्य टीमों में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त राज्य अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान शामिल हैं। टी20 विश्व कप-2026 के लिए अभी 7 अन्य टीमों का चयन होना है, जिन्हें अगले कुछ महीनों में अलग-अलग क्वालीफायर टूर्नामेंट्स के जरिए जगह बनाने का मौका मिलेगा।

## साइकिल का एक पैडल भी भारत को फिटनेस का पावरहाउस बना रहा है : मनसुख मांडविया



■ योग से लेकर साइकिलिंग और ओलंपिक दिवस तक यह फिटनेस क्रांति हर भारतीय को जोड़ रही

नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसियां)। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि साइकिल का एक पैडल भी भारत को फिटनेस का पावरहाउस बना रहा है। डॉ. मांडविया ने आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस रविवार की साइकिलिंग और भी खास है। देश भर में छह हजार से अधिक स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए और 10 लाख से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक लोगों ने इसमें भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत फिट इंडिया एक आंदोलन बन गया है। जब हम साइकिल में एक पैडल भी आगे बढ़ाते हैं, तो हम भारत को फिटनेस पावरहाउस बना रहे होते हैं। कल के योग से लेकर आज साइकिलिंग और कल के ओलंपिक दिवस तक यह फिटनेस क्रांति हर भारतीय को जोड़ रही है। कार्यक्रम में अभिनेत्री और हाल ही में फिट इंडिया की एंबेसडर बनीं मिया मेलजर, ओलंपियन रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी, पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल, ताइक्कांडो चैंपियन रोडाली बरुआ और भारतीय अभिनेत्री मधुरिमा तुली शामिल हुईं।

# भारतीय जूनियर पुरुष टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर 3-1 से जीत दर्ज की

## 4 राष्ट्र हॉकी टूर्नामेंट



■ भारत, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन - पूल चरण में एक-एक बार आमने-सामने होंगी

**बर्लिन,** 22 जून (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बर्लिन के टीसी 1899 ब्लाउ वीस स्टेडियम में 4 राष्ट्र टूर्नामेंट में अपने दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 3-1 से जीत दर्ज की।

भारत के लिए शारदानंद तिवारी (15%), सौरभ आनंद कुशवाहा (36%) और आमिर अली (43%) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए एकमात्र गोल ओलिवर विल (55%) ने किया। भारत ने मैच की शुरुआत दमदार तरीके से की और 15वें मिनट में शारदानंद तिवारी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। पहले हाफ के बाकी समय में दोनों टीमों ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन कोई भी टीम फिर से गतिरोध को नहीं तोड़ पाई और भारत मामूली बढ़त के साथ दूसरे हाफ में पहुंच गया।

भारत ने तीसरे क्वार्टर में लगातार दो गोल करके अपनी लय बनाए रखी। 36वें मिनट में सौरभ आनंद कुशवाहा ने ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर को छकाते हुए महत्वपूर्ण फील्ड गोल करके भारत की बढ़त को और मजबूत किया। कुछ ही क्षणों बाद, 43वें मिनट में, आमिर अली ने विजयी टीम के लिए एक और फील्ड गोल करके भारत को जीत के और करीब पहुंचा दिया। मैच के अंतिम क्वार्टर में, ऑस्ट्रेलिया ने भी पांच मिनट शेष रहते ओलिवर विल के फील्ड गोल की बदौलत गोल करने में सफलता पाई, लेकिन वे दो और गोल नहीं कर पाए और भारत ने मुकाबला जीत लिया। टूर्नामेंट में राउंड-रॉबिन प्रारूप है, जिसमें भाग लेने वाली चार टीमें - भारत, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन - पूल चरण में एक-एक बार आमने-सामने होंगी। ग्रुप मैचों के अंत में शीर्ष दो टीमें फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि शेष टीमें तीसरे/चौथे स्थान के लिए प्लेऑफ में भाग लेंगी। भारत का अगला मुकाबला 24 जून को इसी स्थान पर स्पेन से होगा।

### एफआईएच महिला प्रो लीग : मेजबान बेल्जियम से 0-2 से हारा भारत, नौवें स्थान पर खिसका भारत



**एंटवर्प,** 22 जून (एजेंसियां)। एम्ब्रे बॉलेनघिएन (40%) और लिएन हिलवार्ट (43%) के गोलों की मदद से बेल्जियम ने रविवार को एंटवर्प में भारतीय महिला हॉकी टीम के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की। इस जीत ने सुनिश्चित किया कि बेल्जियम एफआईएच महिला प्रो लीग में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर मौजूद नीदरलैंड और अर्जेंटीना के बाद तीसरे स्थान पर बना हुआ है। शनिवार की 1-5 की पराजय के बाद, भारत ने इस क्वार्टर की शुरुआत पिछले हार की निराशा को दूर करने के स्पष्ट इरादे के साथ आक्रामक खेल दिखाते हुए की। उन्होंने अच्छी गति से जगह बनाने की कोशिश की। उन्होंने क्वार्टर की शुरुआत में एक पीसी भी जीता, लेकिन गोल नहीं कर पाए। इस बीच, पहले हूटर के लिए छह मिनट बचे थे, एक रक्षात्मक त्रुटि ने बेल्जियम को मैच का पहला पीसी दिलाया। मेजबान टीम के धीमे प्रयास के कारण अंपायर ने पेनल्टी स्ट्रोक दिया। लेकिन भारत द्वारा एक अच्छे वीडियो रेफरल से पता चला कि यह ज्योति की स्टिक थी, और वीडियो अंपायर ने इसे लॉन्ग कॉर्नर करार दिया। दूसरे क्वार्टर में भारतीय हमलावरों ने कुछ बहादुरी से बढ़त हासिल की, जो तेजी और जोश के साथ आगे बढ़े।

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 3.27 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.93 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.38 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.16 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.97 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| टीसीएस | 1.79 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.55 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.35 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.16 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.95 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,691 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,06,775 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## देश में तेल व गैस खोज बढ़ाने की लिए एक मिलियन स्क्वायर किमी बेसिन खोला : पुरी

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने भारत के 3.5 मिलियन स्क्वायर किलोमीटर के तलछटी बेसिन में से एक

- घरेलू उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा
- आयात पर कम होगी निर्भरता

मिलियन स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र को तेल एवं गैस खोज के लिए खोल दिया है, जो पहले हाइड्रोकार्बन खोज के लिए प्रतिबंधित था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण अब इस पूरे 'नो-गो' क्षेत्र को खोल दिया गया है, जिससे घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी।

उन्होंने आगे कहा कि खोज और उत्पादन को नियंत्रित करने के लिए नए कानून के साथ-साथ तेल और गैस खोज और उत्पादन (ईएंडपी) क्षेत्र में व्यापार को आसान बनाने की दिशा में कई उपाय किए गए हैं।

मोदी सरकार ने देश में तेल और गैस की खोज में तेजी लाने के लिए पहले की नई खोज और लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) को



**अगले दो दशकों में दुनिया की ऊर्जा मांग में 25 प्रतिशत की वृद्धि भारत से होगी : हरदीप सिंह पुरी**

ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) से बदल दिया है। ओएएलपी के जरिए सरकार की कोशिश तेल और गैस क्षेत्र में जटिलताएं कम करना भी है।

मंत्री ने कहा कि ओएएलपी की नौंवी बोली के तहत इन नए खोले गए क्षेत्रों के लिए लगभग 38 प्रतिशत बोलियां आईं, जबकि ओएएलपी दसवीं बोली के अगले दौर में यह आंकड़ा बढ़कर 75 प्रतिशत हो सकता है। उन्होंने बताया कि ओएएलपी की दसवीं बोली प्रक्रिया भारत का अब तक का सबसे बड़ा राउंड है, जिसमें देश के 13 तलछटी बेसिनों में तेल और गैस खोज के लिए 25 ब्लॉकों की पेशकश की गई है, जो 1,91,986.21 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले हुए हैं। केंद्रीय ने बताया कि इनमें से छह हाइड्रोकार्बन खोज ब्लॉक भूमि पर हैं, छह अपतटीय उथले पानी में हैं, एक गहरे पानी में है, तथा 12 अत्यंत गहरे पानी वाले क्षेत्रों में हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगले दो दशकों में दुनिया की ऊर्जा मांग में 25 प्रतिशत की वृद्धि भारत से होगी।

### अमेरिका के ईरान पर हमले से कच्चे तेल की कीमतों में हो सकता है इजाफा



**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ गया है और इससे कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा हो सकता है, जो कि इस महीने पहले ही 20 प्रतिशत के करीब बढ़ चुकी हैं।

आखिरी कारोबारी सत्र में बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का फ्यूचर्स लगभग 77 डॉलर प्रति बैरल पर था और अब अमेरिका के मध्य पूर्व संघर्ष में हस्तक्षेप करने के कारण कच्चा तेल एक और उछाल के लिए तैयार है। माना जा रहा है कि मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष का सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई से तेल आपूर्ति पर असर पड़ सकता है, जिससे कीमतों में भारी उछाल आएगा। शिपिंग पर भी असर पड़ सकता है क्योंकि हूती विद्रोहियों ने पहले ही चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया तो वे जहाजों पर अपने हमले फिर से शुरू कर देंगे। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है, और तेल की कीमतों में उछाल से देश के तेल आयात बिल में वृद्धि हो सकती है और मुद्रास्फीति की दर बढ़ सकती है, जिससे आर्थिक विकास को नुकसान पहुंच सकता है। विदेशी मुद्रा के बड़े पैमाने पर आउटफ्लो से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में भी कमजोरी आ सकती है। एमके ग्लोबल की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान प्रतिदिन लगभग 3.3 मिलियन बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करता है और लगभग 1.5 एमबीपीडी का निर्यात करता है, जिसमें चीन 80 प्रतिशत भागीदारी के साथ मुख्य आयातक है। ईरान होर्मुज स्ट्रेट के उत्तरी किनारे पर भी है, जिसके माध्यम से दुनिया में 20 एमबीपीडी से अधिक कच्चे तेल का व्यापार होता है।

## सोना की कीमतों में इस हफ्ते हुई गिरावट

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। सोना खरीदारों के लिए खुशखबरी है। इस हफ्ते सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है, जिससे सोने के दाम एक बार फिर से 99,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के नीचे आ गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 98,691 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 99,058 रुपए थी, जो कि सोने की कीमत में 367 रुपए की कमी को दर्शाता है।



- हाल के दिनों में वैश्विक घटनाक्रम से सोने व चांदी की कीमतों में हुए उतार-चढ़ाव

22 कैरेट सोने का दाम कम होकर 90,404 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 90,737 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 74,294 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 74,018 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। वहीं, समीक्षा अवधि में चांदी की कीमत 608 रुपए बढ़कर 1,06,775 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,06,167 रुपए प्रति किलो थी। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 रुपए प्रति किलो का ऑल-टाइम हाई बनाया था। हाल के दिनों में ऐसे कई वैश्विक घटनाक्रम हुए हैं, जिन्होंने सोने और चांदी की कीमतों को उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। इनमें ईरान-इजरायल के बीच बढ़ता हुआ संघर्ष शामिल है, जिसमें अब अमेरिका के शामिल हो जाने से यह और व्यापक हो सकता है। अमेरिका की ओर से ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी के बाद माना जा रहा है कि सुरक्षित निवेश समझे जाने के कारण सोने की कीमतों में आने वाले समय में इजाफा देखने को मिल सकता है।

## निवेशकों से धोखाधड़ी के चलते सेबी ने 2 ऑपरेटर्स को किया प्रतिबंधित, 4.83 करोड़ रुपए लौटाने का दिया आदेश

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने दो ऑपरेटर्स शिवप्रसाद पट्टिया और अलकेश नरवरे को निवेशकों से धोखाधड़ी करने के चलते तीन साल के लिए बाजार से बैन कर दिया गया है।

सेबी के आरोपों के मुताबिक, इन दोनों ऑपरेटर्स ने बिना लिक्विडिटी वाले स्टॉक ऑप्शंस में आर्टिफिशियल तरीके से वॉल्यूम को पैदा करके निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की।

नियामक ने दोनों ऑपरेटर्स को 45 दिनों के भीतर 4.83 करोड़ रुपए लौटाने का आदेश दिया है। शिवप्रसाद पट्टिया और अलकेश नरवरे पर सेबी एक्ट, 1992 के सेक्शन 15एचए के तहत कैपिटल मार्केट रेगुलेटर ने 25-25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। सेबी ने आदेश में कहा कि दोनों को इस आदेश की तारीख से तीन साल की अवधि के लिए प्रतिभूति बाजार तक पहुंचने



और प्रतिभूतियों (म्यूचुअल फंड की इकाइयों सहित) को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से खरीदने, बेचने या अन्य लेनदेन करने या किसी भी तरह से प्रतिभूति बाजार से जुड़ने से प्रतिबंधित किया गया है। इसके अतिरिक्त, उन्हें अपने म्यूचुअल फंड, शेयर, प्रतिभूतियों सहित संपत्तियों को डीमैट और भौतिक रूप में बेचने (केवल पैसा लौटाने के उद्देश्य को छोड़कर) से रोक दिया गया है। एनएसई को निवेशकों से कई शिकायतें मिली हैं, जिसमें कहा गया कि उन्होंने कुछ व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्यों के साथ

**इन दोनों ऑपरेटर्स ने बिना लिक्विडिटी वाले स्टॉक ऑप्शंस में आर्टिफिशियल तरीके से वॉल्यूम को पैदा करके निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की : सेबी**

एल्गो/सॉफ्टवेयर ट्रेडिंग के लिए अपने क्रेडेंशियल्स को अच्छे मुनाफे के लालच में साझा किया था, लेकिन बाद में उनके ट्रेडिंग खातों में ट्रेड किए गए, जिसके परिणामस्वरूप लाखों का नुकसान हुआ।

सेबी ने निवेशकों के ऑनलाइन ट्रेडिंग किट के कथित दुरुपयोग में पटिया और नरवारे के नेतृत्व वाली संस्थाओं के एक समूह की जांच की, जिसमें एल्गो/सॉफ्टवेयर-आधारित ट्रेडिंग से गारंटीड रिटर्न का वादा किया गया और अवैध 'आउट ऑफ द मनी' (ओटीएम) स्टॉक ऑप्शंस में धोखाधड़ी और हेरफेर करने वाले ट्रेडों को अंजाम दिया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य अनजान निवेशकों/शिकायतकर्ताओं से फंड को उनके द्वारा नियंत्रित या प्रबंधित फ्रंट संस्थाओं में स्थानांतरित करना था।

सेबी ने आरोप लगाया कि एक योजना तैयार की गई थी जिसके तहत ऑपरेटरों ने निवेशकों को बाजार में निवेश करने के लिए लुभाने के लिए कॉल करने वालों को नियुक्त किया और गारंटीड रिटर्न का वादा किया। निवेशकों को इन कॉल करने वालों से लगातार कॉल और संदेश मिले। कॉल करने वालों ने एल्गो ट्रेड या स्वचालित सॉफ्टवेयर ट्रेड के माध्यम से गारंटीड लाभ के बहाने निवेशकों से संपर्क किया। ऑपरेटरों ने निवेशकों को विश्वास में लेने के बाद, उनके लॉग-इन क्रेडेंशियल प्राप्त किए और फिर स्टॉक ऑप्शन पर इस तरह से दांव लगाया कि निवेशकों को प्रीमियम का नुकसान उठाना पड़ा।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 698.9 अरब डॉलर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी इजाफा होने से 13 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 698.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 696.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 13 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 589.4 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 42.8 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 86.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 8.5 करोड़ डॉलर चढ़कर 18.8 अरब डॉलर हो गया।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र एफडी पर दे रहे सबसे अधिक ब्याज

**नई दिल्ली।** फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) एक लोकप्रिय निवेश का विकल्प है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि एफडी में निवेश कभी डूबता नहीं और एक निश्चित समय बाद आपको ब्याज के साथ आपकी पूरी रकम वापस मिल जाती है। इस महीने के शुरुआती हफ्ते में आरबीआई द्वारा रेपो रेट घटाए जाने के बाद, हाल के दिनों में कई सरकारी बैंकों ने एफडी की ब्याज दरों में बदलाव किया है। आज हम आपको एफडी पर सबसे अधिक ब्याज देने वाले सरकारी बैंकों के बारे में बताने जा रहे हैं। सरकारी बैंकों में बैंक ऑफ महाराष्ट्र फिक्स्ड डिपॉजिट पर सबसे अधिक ब्याज ऑफर कर रहा है। बैंक द्वारा 366 दिनों की एफडी पर 7.15 प्रतिशत की ब्याज दी जा रही है। वहीं, एक साल के लिए 6.25 प्रतिशत, 3 साल के लिए 6.3 प्रतिशत और 5 साल के लिए 6.25 प्रतिशत की ब्याज दर बैंक ऑफर कर रहा है। इंडियन ओवरसीज बैंक 444 दिनों की एफडी पर 7.1 प्रतिशत की ब्याज दर ऑफर कर रहा है।

### अप्रैल में ईपीएफओ से जुड़े रिकॉर्ड 19.1 लाख नए सदस्य

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अप्रैल 225 में अपने रिटायरमेंट फंड में 19.1 लाख नए सदस्य जोड़े, जो पिछले साल के अप्रैल महीने की तुलना में 1.17 फीसदी ज्यादा है। रविवार को जारी डेटा के मुताबिक, इस दौरान नए रोजगार के अवसरों की वजह से सदस्यों की संख्या में अच्छी-खासी बढ़ोतरी देखी गई। ईपीएफओ के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 225 में करीब 8.49 लाख नए सब्सक्राइबर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया, जो मार्च 225 के मुकाबले 12.49 फीसदी ज्यादा है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा कि नए सब्सक्राइबर्स की संख्या में यह उछाल बढ़ते रोजगार के अवसरों को दर्शाता है। खास बात यह है कि 18 से 25 साल की उम्र के युवा इस बार सबसे ज्यादा संगठित क्षेत्र की नौकरियों में शामिल हुए।

## आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर



-साप्ताहिक समीक्षा-

**मुंबई,** 22 जून (एजेंसियां)। इजराइल-ईरान तनाव के बावजूद निवेशकों के स्थानीय कारकों को प्राथमिकता देने की बदौलत हुई लिवाली से बीते सप्ताह डेढ़ प्रतिशत से अधिक उछले घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह वैश्विक और स्थानीय स्तर पर जारी होने वाले आर्थिक आंकड़ों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1289.57 अंक अर्थात 1.6 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 82408.17 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 393.8 अंक यानी 1.6 प्रतिशत उछलकर 25112.40 अंक पर पहुंच गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिडकैप 201.02 अंक अर्थात 0.44 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 45480.26 अंक और स्मॉलकैप 991.77 अंक यानी 1.9 प्रतिशत का गोता लगाकर 52378.52 अंक पर आ गया।

- सेंसेक्स 1.6 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 82408.17 अंक रहा
- निफ्टी 1.6 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 25112.40 अंक पर रहा

विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार ने इस सप्ताह मजबूती के साथ समापन किया, जबकि मध्य-पश्चिम में जारी तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के कारण सप्ताह के मध्य में बाजार में अस्थिरता देखी गई थी। बावजूद इसके, निवेशकों ने घरेलू कारकों को प्राथमिकता देते हुए सकारात्मक रुख बनाए रखा।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा परियोजना वित्तपोषण के मानदंडों में ढील दिए जाने से विशेष रूप से वित्तीय शेयरों को समर्थन मिला। साथ ही, केंद्रीय बैंक के निरंतर नरम रुख और संभावित ब्याज दरों में कटौती के संकेत ने बाजार की धारणा को और मजबूत किया। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में भारतीय मौद्रिक नीति एक स्थिर शक्ति के रूप में उभर रही है। सप्ताह की शुरुआत में भू-राजनीतिक तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया, जिससे मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं गहराई। हालांकि, सप्ताह के उत्तरार्द्ध में इन कीमतों में तेजी की रफ्तार थम गई, जिससे कीमतों में दीर्घकालिक उछाल की आशंका कुछ हद तक कम हो गई।

फार्मास्युटिकल क्षेत्र पर भी निवेशकों की नजर रही क्योंकि नए टैरिफ प्रस्तावों ने इस क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है। उधर, अमेरिका की संभावित सैन्य भागीदारी को लेकर मध्य-पश्चिम संकट पर अटकलों ने भी बाजार को अस्थिर किया लेकिन वैश्विक नेताओं द्वारा कूटनीतिक संयम बरतने और हस्तक्षेप को दो सप्ताह तक स्थगित करने के निर्णय से निवेशकों को राहत मिली।

इसके अलावा, पारस्परिक शुल्कों पर 90-दिवसीय रोक की अवधि समाप्ति की ओर बढ़ रही है, जिससे आने वाले दिनों में व्यापार वार्ताओं की गतिविधियों पर बाजार की पैनी नजर बनी हुई है। आगामी सप्ताह में भारत के पीएमआई आंकड़े, अमेरिका की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) रिपोर्ट और पीसीई आंकड़े जैसे प्रमुख आर्थिक संकेतक घरेलू और वैश्विक दृष्टिकोण को प्रभावित कर सकते हैं।

बीते सप्ताह बाजार में दो दिन तेजी जबकि तीन दिन गिरावट रही। विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार दो दिन की गिरावट से उबरकर सोमवार को सेंसेक्स 677.55 अंक की छलांग लगाकर 81,796.15 अंक और निफ्टी 227.90 अंक उछलकर 24946.50 अंक पर पहुंच गया। इजराइल और ईरान में लगातार बढ़ रहे तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तेहरान खाली करने की अपील से विश्व बाजार में आई गिरावट से सहमे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स 212.85 अंक लुढ़ककर 81,583.30 अंक और निफ्टी 93.10 अंक टूटकर 24853.40 अंक पर बंद हुआ।

## मध्य पूर्व के बड़े हिस्से में उड़ान भरने से बच रही एयरलाइंस, लागत में हो रहा इजाफा

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। अमेरिका की ओर से रविवार को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले किए जाने के बाद से मध्य पूर्व में हवाई यातायात को चुनौतियों का समाना करना पड़ा है। बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के कारण एयरलाइंस अब इस क्षेत्र के हवाई क्षेत्र के बड़े हिस्से से उड़ान भरने से बच रही हैं, जिसके कारण उड़ानों में देरी हो रही है, उड़ान का समय बढ़ रहा है और लागत बढ़ रही है।



- हमलों से मध्य पूर्व क्षेत्र में बनी हुई है तनावपूर्ण स्थिति

फ्लाइट ट्रैकिंग सर्विस फ्लाइटरडार24 के अनुसार, कमर्शियल विमान ईरान, इराक, सीरिया और इजरायल जैसे देशों के ऊपर से उड़ान भरने से बच रहे हैं और अपना मार्ग परिवर्तित कर रहे हैं। इसके बजाय, वे कैस्पियन सागर, मिस्र या सऊदी अरब जैसे सुरक्षित क्षेत्रों से होकर लम्बे रास्ते अपना रहे हैं। इस बदलाव के कारण ईंधन की खपत बढ़ रही है और उड़ान संचालन महंगा हो रहा है। फ्लाइटरडार24 के द्वारा सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर शेयर की गई पोस्ट में कहा गया कि अमेरिकी हमलों के बाद कमर्शियल विमान उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में उड़ान भरने से बच रहे हैं, पिछले सप्ताह लागू किए गए हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों का पालन कर रहे हैं। मध्य पूर्व क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, क्योंकि मिसाइल और ड्रोन हमले बढ़ रहे हैं।

## खाद्य तेलों में उबाल, मूंग दाल, चीनी सस्ती व अन्य जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की जबरदस्त तेजी के साथ ही स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में उबाल आ गया जबकि आवक बढ़ने से मूंग दाल और चीनी सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा सप्ताहांत पर 140 रिंगिट उबलकर 4067 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 6.9 सेंट की बढ़ोतरी लेकर 55.22 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में जबरदस्त तेजी रही। इससे सरसों तेल 183 रुपए, मूंगफली तेल 366 रुपए, सूरजमुखी तेल 512 रुपए, सोया रिफाइंड 329 रुपए, पाम ऑयल 667 रुपए और वनस्पति तेल के भाव 233 रुपए प्रति क्विंटल उछल गए।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17948 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14102 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13333 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। **दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मूंग दाल में 250 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9350-9450, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रही।

## भारत की ऊर्जा क्षमता 1 वर्षों में 56 प्रतिशत बढ़कर 476 गीगावाट हुई

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। भारत की ऊर्जा क्षमता का पिछले 10 वर्षों में बढ़ती मांग, बुनियादी ढांचे के विकास और पारंपरिक एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के लिए मजबूत नीतिगत समर्थन के कारण जोरदार विस्तार हुआ है।

रविवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश में कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता 2015-16 में 305 गीगावाट से 56 प्रतिशत बढ़कर जून 2025 तक 476 गीगावाट हो गई है। देश में बिजली उत्पादन 2015-16 में 1,168 बिलियन यूनिट (बीयू) से बढ़कर 2024-25 में अनुमानित 1,824 बीयू हो गया है। वहीं, बिजली की कमी 2013-14 में 4.2 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 0.1 प्रतिशत पर आ गई है। इसके अलावा, इस अवधि के दौरान 2.8 करोड़ से अधिक घरों का विद्युतीकरण किया गया और प्रति व्यक्ति बिजली की खपत में 45.8 प्रतिशत की वृद्धि



- वैश्विक प्राथमिक ऊर्जा खपत में भारत की हिस्सेदारी 2035 तक दोगुनी होने का अनुमान

हुई। भारत की कुल स्थापित बिजली क्षमता 476 गीगावाट है, जिसमें 240 गीगावाट थर्मल, 110.9 गीगावाट सौर और 51.3 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल हैं।

सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में, भारत ग्लोबल एनर्जी ट्रांजिशन में एक केंद्रीय भूमिका निभाता है। इसकी ऊर्जा मांग प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज दर से बढ़ने की उम्मीद है, जो निरंतर आर्थिक विकास से प्रेरित है। परिणाणस्वरूप, वैश्विक प्राथमिक ऊर्जा खपत में भारत की हिस्सेदारी 2035 तक दोगुनी होने का अनुमान है।

पिछले ग्यारह वर्षों में, भारत ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत प्रगति की है। सीओपी26 में की गई प्रतिबद्धता के अनुरूप, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय अक्षय ऊर्जा (एमएनआरई) 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 500 गीगावाट स्थापित बिजली क्षमता हासिल करने के लिए मजबूत प्रयास कर रहा है। जून 2025 तक देश ने गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 235.7 गीगावाट की ऊर्जा क्षमता हासिल कर ली है, जिसमें 226.9 गीगावाट अक्षय ऊर्जा और 8.8 गीगावाट परमाणु ऊर्जा शामिल है।

### पीडब्लूडी का काम पर्याप्त गति पर नहीं था

# एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया की टीम अधूरा काम छोड़कर वापस गई

## पीडब्ल्यूडी विभाग एयरपोर्ट में कार्य की गति बढ़ाएं अन्यथा नाइट लैंडिंग का काम और पीछे जाएगा

### विशेष कर इलेक्ट्रिक कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा

**बिलासपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट में चल रहे विकास के काम धीमी गति से चलने का खामियाजा बिलासपुर अंचल के लोग भुगत रहे हैं। करीब 2 साल से नाइट लैंडिंग सुविधा का इंतजार कर रहे नागरिकों को यह जानकर अभी और झटका लगेगा कि पीडब्लूडी विभाग के द्वारा पर्याप्त गति से काम न करने के कारण एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की टीम अधूरा काम छोड़कर वापस चली गई है। हालांकि उसने 15 दिन में फिर से वापस आने का भरोसा दिया है परंतु इन 15 दिनों में बारिश आ जाने के बाद आगे के इलेक्ट्रिकल कार्य करने में बहुत परेशानी जाएगी।

गौर तलब है कि करीब 3 साल पहले बिलासपुर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग सुविधा दिए जाने की प्रशासकीय मंजूरी छत्तीसगढ़ सरकार ने दी थी जिसके लिए आवश्यक बजट 2023 के मध्य में जारी कर दिया गया था परंतु 2 साल बीतने के बाद भी अभी तक नाइट लैंडिंग सुविधा एक सपना ही है। नाइट लैंडिंग सुविधा केवल रात के समय ही प्रभावित नहीं है बल्कि बिलासपुर जैसे एयरपोर्ट में जब कोहरे के कारण या बरसात आदि के कारण या धुंध के कारण दृश्यता कम हो जाती है उसे समय भी यहां फ्लाइट उतर नहीं पाती इस कारण कई एयरलाइंस कंपनियां बिलासपुर एयरपोर्ट से उड़ान संचालित करने में हिचकिचा रही हैं क्योंकि उनके हर फ्लाइट के उतरने की गारंटी नहीं है। एक बार नाइट लैंडिंग सुविधा हो जाएगी तो लगभग सारी उड़ाने बिलासपुर से संचालित हो सकेंगे।




हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति लगातार यह मांग करती रही है कि आंध्र प्रदेश महाराष्ट्र के तर्ज पर छत्तीसगढ़ सरकार को भी राज्य के स्वामित्व वाले एयरपोर्ट को डेवलप करने के लिए एक पृथक कंपनी का गठन करना चाहिए जिसके पास वित्तीय प्रशासनिक और तकनीकी क्षमता मौजूद हो। वर्तमान में चार विभागों के बीच में फाइल घूमती रहती है और हर अप्रूवल के लिए समय लगता है यह कार्यों के धीरे होने का एक बड़ा कारण है। इसके अलावा पीडब्ल्यूडी विभाग में एयरपोर्ट विकास के लिए कोई एक परमानेंट विंग नहीं है सामान्य ट्रांसफर हो जाने के कारण जो टीम पहले इस कार्य देख रही थी वह जाता है और फिर नई टीम आ जाती है जिन्हें एयरपोर्ट के कामों को समझने के लिए समय लगता है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि वर्तमान में जो इलेक्ट्रिकल विंग की टीम है उसका काम अत्यंत धीमी गति से चल रहा है पहले तो उनके द्वारा टेंडर को अंतिम रूप देने और वर्क आर्डर में ही भारी देरी की गई और अब जब वर्क आर्डर देने का समय आया है तब बारिश आ चुकी है और रनवे के चारों तरफ जो केवल बचाने का काम है उसमे परेशानी आना तय है। समिति ने सरकार से मांग की कि वह व्यक्तिगत रूप पर एयरपोर्ट के कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए सासाहिक टारगेट फिक्स कारण जिस की समय पर सारे कार्य हो सके।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के महा धरना में रविवार को अनिल गुलहरे ,अशोक भंडारी, विजय वर्मा, संतोष पीपलवा ,समीर अहमद, बबला शिरीष कश्यप ,आशुतोष शर्मा, अनुराग शर्मा ,चित्रकांत श्रीवास, देवेंद्र सिंह ठाकुर, मजहर खान ,जसवीर सिंह चावला ,महेश दुबे टाटा ,प्रकाश बहरानी ,मोहसिन अली, शाहबाज अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

### प्रमुख बदमाशों को तलब

# 133 गुंडा एवं निगरानी बदमाशों को किया गया गया चेक,वारंटियों की धरपकड़

### 12 स्थायी वारंट एवं 28 गिरफ्तारी वारंट सहित कुल 40 वारंट तामील

### 16 संदेहियों के दस्तावेजों की भी की जा रही सघन जांच

**बिलासपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र कुमार जायसवाल तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसीसीयू) अनुज कुमार के नेतृत्व में शहरी एवं ग्रामीण थाना क्षेत्रों में रविवार को एक विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया।

इस अभियान के दौरान समस्त थाना–चौकी क्षेत्रों में सक्रिय गुंडा व निगरानी बदमाशों की सकुनत (निवास स्थान) पर जाकर गुजर–जाँच, वारंटियों की धरपकड़, बदमाशों को थानों में तलब कर पूछताछ, तथा संदिग्ध व्यक्तियों के फिंगरप्रिंट लेकर तथा आईसीजेएस पोर्टल के माध्यम से गहन तलाशी की गई। इसके साथ ही बिलासपुर में अवैध तरीके से रहने वाले विदेशी नागरिकों के बारे में भी तस्दीक की गई, तथा संदेहियों को थाने लाकर उनके दस्तावेजों की सघन जांच की जा रही है।







अभियान के मुख्य उद्देश्य जिले में असामाजिक तत्वों पर निगरानी बढ़ाना,गुंडा/निगरानी बदमाशों की गतिविधियों का आकलन, संदिग्ध एवं अवैध प्रवासी व्यक्तियों की तस्दीक करना,स्थायी/गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ सुनिश्चित करना था।

इस अभियान के दौरान 12 स्थायी वारंट एवं 28 गिरफ्तारी वारंट सहित कुल 40 वारंट तामील किए गए।कुल 133 गुंडे एवं निगरानी बदमाशों को चेक किया गया।थाने न आने वाले गुंडे एवं निगरानी बदमाशों को उनके घर पर जाकर चेक किया गया। 16 संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाकर पूछताछ की गई तथा उनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

इस सघन चेकिंग अभियान में लंबे से फरार स्थायी वारंटियों की भी गिरफ्तारी की गई है। थाने के रजिस्टर्ड गुंडे एवं बदमाशों के साथ ही अन्य प्रमुख बदमाशों को भी तलब कर उनकी गतिविधियों की समीक्षा की गई। कुछ अन्य चिन्हित बदमाश, पूर्व की कार्यवाहियों के फलस्वरूप वर्तमान में जेल में निरुद्ध हैं।

यह सतत अभियान बिलासपुर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत चलाया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना बनी रहे तथा असामाजिक तत्वों में पुलिस का स्पष्ट भय बना रहे।

बिलासपुर पुलिस ने अपील किया है कि यदि आपके जानकारी में कोई भी ऐसा संदिग्ध व्यक्ति निवास कर रहा हो, जो स्थानीय न हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी में मना विश्व योग एवं संगीत दिवस

**बिलासपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी, बिलासपुर में योग दिवस एवं संगीत दिवस के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

योगा दिवस के पावन पर्व पर स्कूली बच्चों द्वारा योग किया जिसमें ताड़ासन वृक्षासन कपालभाति भुजंगासन एवं अन्य विभिन्न प्रकार यागे के योगासन किया गया इस दिवस पर कृष्णा पब्लिक स्कूल की प्राचार्या रुनकी अम्बस्ट उपप्राचार्य रमन मिश्रा एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा भी योग




किया गया प्राचार्या ने कहा की आत्मा के परमात्मा मिलन का नाम योग है, स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है हमें प्रतिदिन योगा करना चाहिए। योग शिक्षक ओमप्रकाश परौहा के दिशा निर्देश में योग किया गया संगीत शिक्षक प्रशांत जायसवाल के निर्देशन में संगीत में प्राइमरी बच्चों को संगीतमय योग कराया गया एवं प्री प्राइमरी के बच्चों को एनिमल योगा कराया गया। समस्त कायर्क्र में डायरेक्टर आलोक त्रिपाठी, एकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती सविता त्रिपाठी, प्राचार्या रुनकी अम्बस्ट, उपप्राचार्य रमन मिश्रा के मार्गदशर्न में संपन्न हुआ।


**NECC**

| 23.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 543 | 85 | 165 |
| चिल्हर | 6.75 | 100 | 190 |
| डिलीवरी | 558 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन– 52158/91 फोन– 07752 422771